फाल्गुन कृष्ण पक्ष, 22 वर्ष, अंक 54, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | बुधवार 22 मार्च 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट





## भेष बदलकर भागा अमृतपाल

### पुलिस ने अमृतपाल के ये चार फोटो जारी की, टोल प्लाजा का सीसीटीवी फुटेज भी आया सामने, 116 लोगों को गिरफ्तार करने के बाद भी पंजाब पुलिस के हाथ खाली

चंडीगढ़ः तीन दिन बीत जाने के बाद भी कट्टरपंथी अमृतपाल का कुछ भी सुराग नहीं मिल रहा है। 116 लोगों को गिरफ्तार करने के बाद भी पंजाब पुलिस के हाथ खाली हैं। इस बीच अमृतपाल को लेकर नए खुलासे हुए हैं। बताया जा रहा है कि अमृतपाल भेष बदल कर भागने में सफल रहा है। उसने शाहकोट में अपना चोला बदला। यहां पैंट-शर्ट और गुलाबी पगड़ी पहनी और बाइक से भागा है। इससे पहले वह ब्रेजा कार से नंगल अंबिया स्थित गुरुद्वारा साहिब भी गया। बताया जा रहा है कि यहां उसने खाना भी खाया। सुखदीप और गौरव नाम के दो शख्स ने अमृतपाल को दो बाइक मुहैया करवाई थी। पुलिस ने इन्हें हिरासत में ले लिया है। इससे पहले अमृतपाल का एक नया सीटीटीवी फुटेज भी सामने आया है। टोल प्लाजा में उसे एक कार में जाते देखा गया है। यह वीडियो शनिवार रात लगभग साढ़े 11 बजे का। उधर, पंजाब पुलिस ने अमृतपाल के खिलाफ राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (रासुका) के तहत केस दर्ज कर लिया है। इससे पहले उसके चाचा समेत पांच लोगों पर रासुका लग चुका है।

**क्या बोले अधिकारीः** पंजाब पुलिस के आईजी सुखचैन सिंह गिल ने कहा कि प्रारंभिक जांच में पता चला कि अमृतपाल सिंह नंगल अंबिया गांव में स्थित गुरुद्वारा साहिब गया था। यहां अमृतपाल ने कपड़े बदले और दो मोटरसाइकिलों पर सवार होकर भागा है। टीमें उसकी तलाश में जुटी हैं। वहीं मदद करने वाले चार लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

### गैर-जमानती वांरट भी जारी

**चंडीगढ़ :पुलिस** ने जारी की अमृतपाल की तस्वीरें पंजाब पुलिस ने मंगलवार को ही अमृतपाल की कुछ तस्वीरों को मीडिया से साझा किया। इसमें अमृतपाल की पुरानी और नई तस्वीरें शामिल हैं। इसी के साथ लोगों से अमृतपाल सिंह को पकड़ाने में मदद की अपील भी की गई। मनप्रीत, गुरदीप, हरप्रीत और गुरपेज को गिरफ्तार किया है। इन्हीं चारों लोगों ने अमृतपाल सिंह को ब्रेजा गाड़ी में नाका प्वाइंट से भगाने में मदद की थी। हमने वाहन, एक राइफल और अन्य उपकरण बरामद किया है। आर्म्स एक्ट पर कार्रवाई की है। आईजी सुखचैन सिंह गिल।

**देश के लिए खतरा तो पकड़ा क्यों नहीं?**
पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट ने मंगलवार को सरकार से पूछा कि जब एफिडेविट में अमृतपाल को देश के लिए खतरा बताया तो उसे अभी तक पकड़ा क्यों नहीं गया?
**जवाब :** पंजाब सरकार के एडवोकेट जनरल विनोद घई ने कहा कि अमृतपाल अभी फरार है। उस पर एनएसए लगाया गया है। बहुत सी बातें वह यहां नहीं बता सकते।



## .तीन और साथियों को लाया गया डिब्रूगढ़ सेंट्रल जेल

**डिब्रूगढ़ः असम** पुलिस के एक अधिकारी ने कहा कि अमृतपाल सिंह के तीन और सहयोगियों को मंगलवार को उच्च सुरक्षा वाली डिब्रूगढ़ जेल लाया गया। अमृतपाल के 'वारिस पंजाब डे' से जुड़े कुल सात सदस्यों को 19 मार्च को यहां लाया गया है, जिसमें हरजीत सिंह भी शामिल हैं, जिन्हें मंगलवार तड़के लाया गया था।

दो सदस्यों की हुई पहचानः अधिकारी ने कहा कि डब्ल्यूपीडी के दो सदस्यों की पहचान कुलवंत सिंह धालीवाल और गुरिंदर पाल सिंह के रूप में हुई है, जिन्हें दिल्ली से एक विमान से यहां लाया गया और कड़ी सुरक्षा के बीच डिब्रूगढ़ सेंट्रल जेल ले जाया गया। हरजीत सिंह को गुवाहाटी से सड़क मार्ग के जरिए डिब्रूगढ़ जेल ले जाया गया। हरजीत सिंह ने सोमवार तड़के किया आत्मसमर्पण

अधिकारी ने कहा कि सात सुरक्षा वाहनों का एक काफिला हरजीत सिंह को गुवाहाटी हवाई अड्डे से डिब्रूगढ़ सेंट्रल जेल ले गया, जहां उसे सुबह 7.10 बजे रखा गया था। उसने सोमवार तड़के पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। हरजीत समेत पांच लोगों पर लगा एनएसएः हरजीत सिंह, जिनके बारे में अधिकारियों का कहना है कि उन्होंने अपने भतीजे को खातों पर नियंत्रण हासिल करने में मदद की, उन पांच लोगों में शामिल हैं, जिन पर राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम लगाया गया है, जो राष्ट्रीय सुरक्षा या सार्वजनिक व्यवस्था को खतरा पैदा करने वाले किसी भी व्यक्ति को निवारक हिरासत में लेने की अनुमति देता है।

## पंजाब और केंद्र सरकार द्वारा किया जा रहा काम सराहनीयः वीएचपी



**नई दिल्लीः विश्व** हिंदू परिषद के विनोद बंसल ने अमृतपाल सिंह मामले के बारे में कहा कि अमृतपाल सिंह को गिरफ्तार करने के लिए पंजाब पुलिस, पंजाब और केंद्र सरकार द्वारा किया जा रहा काम सराहनीय है। देश विरोधी तत्वों को बख्शा नहीं जाना चाहिए। भारत के झंडे पर हमला करने वाले खालिस्तान समर्थकों पर कार्रवाई की जरूरत थी। विश्व हिंदू परिषद के विनोद बंसल ने आगे कहा कि जो भी आईएसआई, पाकिस्तान, अंतरराष्ट्रीय आतंकवादी संगठन द्वारा वित्तपोषित है, उनके खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। इस घटना का राजनीतिकरण करने वाले नेताओं को दलगत राजनीति की अनदेखी करते हुए इसकी निंदा करनी चाहिए। हम किसी को देश की भावनाओं को आहत नहीं करने दे सकते।

**सार्वजनिक सुरक्षा के हित में लिया गया फैसला :** पंजाब सरकार की रिपोर्ट के मुताबिक, तरनतारन, फिरोजपुर, मोगा, संगरूर के साथ ही अमृतसर के कुछ हिस्सों में 23 मार्च दिन में 12 बजे तक सभी मोबाइल इंटरनेट सेवाएं, सभी एसएमएस सेवाएं (बैंकिंग और मोबाइल रिचार्ज को छोड़कर) और मोबाइल नेटवर्क पर प्रदान की जाने वाली सभी डोंगल सेवाएं (वॉयस कॉल को छोड़कर) निलंबित रहेंगी।

सरकार के मुताबिक, सार्वजनिक सुरक्षा के हित में यह फैसला लिया गया है।

## केंद्र में ऊपर से नीचे तक अनपढ़ों की जमातः केजरीवाल

**नई दिल्लीः** दिल्ली विधानसभा सत्र के तीसरे दिन मंगलवार को बजट पर लगे विराम को लेकर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि हमारे पास एक विकल्प था कि हम लड़ लेते। कोर्ट चले जाते, लेकिन हमने कहा कि हमें लड़ना नहीं है। उधर से जो भी ऑब्जरवेशन आया था उसका जवाब हमने लिखा और भेज दिया। हमने जवाब दे दिया आज वह बजट अप्रूव हो गया। उन्होंने कहा कि यह राजनीति है, अहंकार है। वे खुश हो गए। खुश हो गए कि केजरीवाल को झुका दिया। बजट में फंड के आवंटन पर ऑब्जेक्शन लगाया गया था कि इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए 20,000 करोड़ और विज्ञापन मद में 500 करोड़ अधिक है। 500 करोड़ कैसे 20,000 करोड़ से अधिक हो गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने ऊपर से नीचे तक अनपढ़ों की जमात बैठा रखी है। आगे मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रधानमंत्री को तकलीफ है कि दिल्ली में बार-बार आम आदमी पार्टी क्यों जीत रही है। प्रधानमंत्री को कहना चाहता हूं आप दिल्ली जीतना चाहते हो तो आपको मंत्र देता हूं दिल्ली जीतने के लिए आपको दिल्ली के लोगों का दिल जीतना होगा। रोज-रोज झगड़ने से दिल्ली वाले आपको वोट नहीं देंगे। मैंने दिल्ली में अगर हजार स्कूल ठीक कर दिए तो आपके सामने तो बहुत स्कूल है आप उसे ठीक कर दो। अगर आप दिल्ली के काम को रोकने की कोशिश करोगे तो आप इस जन्म में दिल्ली को नहीं जीत पाओगे। हमसे लंबी लकीर खींचो। विधानसभा में केजरीवाल ने खुलकर कहा कि प्रधानमंत्री बड़े भाई की भूमिका निभाए और सहयोग करें। हम आपके साथ मिलकर काम करना चाहते हैं। हम कोई राजनीति नहीं करना चाहते। आप से सहयोग चाहते हैं हम बहुत छोटे हैं। आपके सामने छोटे भाई की तरह, बड़ा भाई कोई छोटे भाई को आकर रोज डांटें तो छोटा भाई कब तक बर्दाश्त करेगा। अगर आपको छोटे भाई का दिल जीतना है ।



## देश में 2022 से लेकर अब तक 23 आतंकियों की हुई पहचान

**नई दिल्लीः** देश में गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम के तहत 23 आतंकियों की पहचान की गई है। इन आतंकियों की पहचान वर्ष 2022 से लेकर अब तक इस अधिनियम के तहत की गई है और उनके नाम गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम की चौथी अनुसूची में जोड़े गए हैं। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने संसद के बजट सत्र के दौरान लोकसभा में ये जानकारी दी। इसके अलावा, छत्तीसगढ़ में नक्सली हिंसा में 2018 से 28 फरवरी 2023 तक कुल 175 सुरक्षा बल के जवान शहीद हुए।

## इंटरपोल से मेहुल चोकसी को राहत

### सीबीआई की टिप्पणी, कहा-प्रत्यर्पण पर नहीं पड़ेगा फर्क



**नई दिल्लीः** पीएनबी में 13 हजार करोड़ रुपये के घोटाला मामले में भगोड़ा हीरा कारोबारी को इंटरपोल से राहत मिलने के बाद सीबीआई ने बयान जारी किया है। केंद्रीय एजेंसी ने कहा कि इंटरपोल की फाइलों के नियंत्रण के लिए आयोग (सीसीएफ) से मेहुल के खिलाफ रेड नोटिस बहाल करने को कहा है। इंटरपोल ने सीबीआई और ईडी के अनुरोध पर ही साल 2018 में चोकसी के खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस जारी किया था। इस फैसले के खिलाफ 2020 में उसकी अपील खारिज कर दी गई थी।

**मेहुल चोकसी ने किया था अनुरोधः** सीबीआई ने कहा कि साल 2022 में अपने कथित अपहरण के प्रयास के बाद मेहुल ने सीसीएफ से संपर्क किया। सीबीआई ने कहा कि मेहुल ने सीसीएफ से संपर्क कर रेड कॉर्नर नोटिस हटाने का अनुरोध किया था। चोकसी की याचिका पर ही अंतरराष्ट्रीय संगठन ने ये फैसला लिया है। सीबीआई ने आगे बताया कि सीसीएफ एक इंटरपोल के भीतर अलग निकाय है और ये इंटरपोल सचिवालय के नियंत्रण में नहीं है। मुख्य रूप से इसे विभिन्न देशों के वकीलों द्वारा नियुक्त किया जाता है।

सीसीएफ ने चोकसी के अनुरोध का अध्ययन और सीबीआई से परामर्श किया था। सीसीएफ ने मेहुल चोकसी के आवेदन को खारिज कर दिया और फिर इंटरपोल ने रेड नोटिस जारी किया था। सीबीआई ने आगे बताया कि इंटरपोल ने सीबीआई और ईडी के अनुरोध पर दिसंबर 2018 में वांटेड आरोपी मेहुल चोकसी के खिलाफ रेड नोटिस जारी किया था।

## कृषि क्षेत्र में शिक्षा के साथ-साथ तकनीक ज्ञान आवश्यक : तोमर

**नई दिल्लीः केंद्रीय** कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि कृषि क्षेत्र की चुनौतियों से निपटने के लिए शिक्षा, तकनीक और ज्ञान अत्यंत आवश्यक है। तोमर ने मंगलवार को कृषि में उच्च शिक्षा के लिए मिश्रित शिक्षण पारिस्थितिकी तंत्र (ब्लेंडेड लर्निंग इकोसिस्टम फॉर हायर एजुकेशन इन एग्रीकल्चर) पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि कृषि मेघ जैसी सुविधाएं, जिसे अगस्त-2020 में शुरू किया गया व अप्रैल-2021 में प्रारंभ वर्चुअल क्लासरूम ने महामारी के दौरान शिक्षण में अहम भूमिका निभाई है। यह ब्लेंडेड लर्निंग प्लेटफार्म देशभर में कृषि विश्वविद्यालयों व कॉलेजों के शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के लिए कृषि मेघ को और भी उपयोगी बनाएगा। कृषि मेघ आधारभूत ढांचा को ब्लेंडेड लर्निंग प्लेटफार्म के लिए मजबूत किया गया है, ताकि विद्यार्थी लाभान्वित हों। तोमर ने भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) की ओर से विश्व बैंक के सहयोग से आयोजित सम्मेलन के दौरान ब्लेंडेड लर्निंग प्लेटफार्म लांच किया।

### राइट टू हेल्थ बिल के खिलाफ प्रदर्शन

## जयपुर में डॉक्टर्स और पुलिस के बीच झड़प

**जयपुरः** जयपुर में मंगलवार को राइट टू हेल्थ बिल के विरोध में प्रदर्शन कर रहे डॉक्टर्स और पुलिस के बीच झड़प हो गई। डॉक्टर विधानसभा की ओर जा रहे थे। झड़प के बाद पुलिस ने वाटर कैनन चलाकर प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने की कोशिश की। एक दिन पहले भी डॉक्टर्स पर लाठीचार्ज हुआ था। इसके विरोध में डॉक्टरों ने काम बंद कर दिया है। डॉक्टर्स का आरोप है कि सरकार ने उनकी शर्तों और सुझावों को बिल में शामिल नहीं किया है। इस कारण यह पूरा बिल ही हेल्थ सिस्टम का विरोधी दिख रहा है। डॉक्टर्स ने बिल के खिलाफ रातभर जयपुर के स्टैच्यू सर्किल पर धरना दिया। इनके सपोर्ट में अब सवाई मानसिंह अस्पताल के रेजिडेंट और सीनियर डॉक्टर्स भी आ गए हैं। मंगलवार को बिल विधानसभा में पास हो भी गया। वहीं, मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने जोधपुर में डॉक्टरों से आंदोलन वापस लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि मैं सभी डॉक्टर्स से व्यक्तिगत तौर पर भी अपील कर रहा हूं कि सरकार की सोच सकारात्मक है और इसे सेवा का कार्य समझते हुए काम पर लौट आएं।



**डॉक्टर्स के प्रदर्शन के चलते मरीजों की परेशानी बढ़ीः**
प्राइवेट हॉस्पिटल में ओपीडी प्रभावित होने के बाद आज से सरकारी हॉस्पिटल में भी मरीजों का इलाज प्रभावित हो रहा है। जयपुर एसोसिएशन ऑफ रेजिडेंट डॉक्टर्स नरेंद्र डामोर ने बताया- आज एसएमएस हॉस्पिटल ।

## पिछले नौ वर्षों में देश में बढ़ी है खेल संस्कृतिः सीएम योगी

**लखनऊः मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पुलिस खेल कुंभ युवा शक्ति को खेल कूद की गतिविधियों से जुड़ने के लिए प्रेरित करेगा। सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के नेतृत्व में आयोजित होने वाला यह आयोजन हमारी युवा पीढ़ी के लिए मार्गदर्शक सिद्धांतों की नींव रखने में सहायक होगा। उन्होंने कहा कि खिल ाड़ियों की सुविधाओं को बढ़ाने के साथ ही राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ियों को यूपी पुलिस और शासन की विभिन्न सेवाओं में स्थान देने की कार्रवाई को आगे बढ़ाया जा रहा रहा है। हम 500 से अधिक खिलाड़ियों को शासन की विभिन्न सेवाओं में स्थान देने जा रहे हैं, जहां पर वह खेल कूद की गतिविधियों में भाग लेने के साथ ही बेहतर भविष्य की दिशा में आगे बढ़ेंगे। पुलिस बल की यह ताकत होनी चाहिए कि जब देश या राज्य के अंदर कानून व्यवस्था का संकट आएगा तो सुरक्षा देंगे। वहीं शांतिपूर्ण स्थिति में अपने शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए कार्य करेंगे।

नौ वर्षों में खेल संस्कृति को दिया गया बढ़ावाः मुख्यमंत्री योगी मंगलवार को अखिल भारतीय पुलिस एथलेटिक्स संकुल चैंपियनशिप 2022-2023 में शामिल हुए। सशस्त्र सीमा बल के नेतृत्व में पीएसी 35वीं वाहिनी महानगर के ग्राउंड पर आयोजित इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि इस आयोजन में 32 राज्यों के 1300 प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं, जो इस कार्यक्रम की सफलता को बताता है। किसी व्यक्ति के सर्वांगीण विकास में खेल की महत्त्वपूर्ण भूमिका होती है। भारत की ऋषि मनीषा इस बात पर विश्वास करती रही है कि शरीर माध्यम खलु धर्म साधनम। यानी जितने भी हमारे जीवन के साधन हैं वह स्वस्थ शरीर से ही सम्पन्न हो सकते हैं। खेल कूद की गतिविधियां स्वस्थ शरीर में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।




## गर्म हवा और अल नीनो पर निर्भर करेगी आने वाली महंगाई

### साल 2023-24 में महंगाई की दर रहेगी कमः वित्त मंत्रालय

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्रालय का मानना है कि आने वाले महीनों में महंगाई काफी हद तक मौसम की स्थिति खासकर गर्म हवा और संभावित अल नीनो पर निर्भर करेगी। इसके अलावा अंतरराष्ट्रीय वस्तुओं की कीमतों में होने वाले उतार-चढ़ाव और मैन्यूफैक्चरिंग लागत में इस उतार-चढ़ाव के पड़ने वाले असर से भी महंगाई प्रभावित होगी।

**पिछले वित्त वर्ष के मुकाबले इस वर्ष महंगाई दर रहेगी कमः** भविष्य में महंगाई को प्रभावित करने वाली चुनौतियों से निपटने की तैयारी में अभी से जुट गई है। वित्त मंत्रालय के मुताबिक अब तक तमाम एजेंसियों के अनुमान के मुताबिक वित्त वर्ष 2022-23 के मुकाबले वित्त वर्ष 2023-24 में महंगाई की दर कम रहेगी। इस अवधि में महंगाई 5.0-6.0 के बीच रह सकती है। पिछले दो महीनों से महंगाई की दर छह फीसद से ऊपर चल रही है।

**गेहूं की फसल पर कोई विपरीत असर नहीं पड़ाः** वित्त मंत्रालय की मासिक रिपोर्ट में कहा गया कि इस साल फरवरी का महीना 1901 के फरवरी माह के बाद सबसे अधिक गर्म रहने के बावजूद रबी फसल बेहतर दिख रही है। गत 10 मार्च को फसल संबंधित मौसम निगरानी समिति की रिपोर्ट के मुताबिक गेहूं उत्पादक प्रमुख राज्यों में अब तक गेहूं की फसल पर कोई विपरीत असर नहीं पड़ा है।

हालांकि पिछले कुछ दिनों में जिस तरह ओलावृष्टि और बारिश हुई उसके असर की रिपोर्ट आनी बाकी है। वित्त मंत्रालय की रिपोर्ट में अल-नीनो की स्थिति में खाद्य पदार्थों के उत्पादन प्रभावित होने की आशंका जाहिर की गई है। वित्त मंत्रालय के मुताबिक अल नीनो के आने की संभावना 60 फीसद तक है।

# सिटी आस-पास संदेश

## खबर संक्षेप

### दलित परिवार ने लगाई सुरक्षा की गुहार

**मऊआइमा।** पूर्व में चल रहा मुकदमा वापस न लेने पर एक दलित परिवार को दबंगों द्वारा निरंतर हत्या की धमकी दी जा रही है।तमाम अधिकारियों के यहां शिकायतीपत्र देने के बावजूद भी नहीं दर्ज हो रहा है मुकदमा। दलित परिवार न्याय के लिए दर दर भटक रहा है। मऊआइमा थाना अंतर्गत गोवर्धनपुर (परमान्नदपुर) गांव निवासनीय रंजू देवी पत्नी श्यामराज का गांव के कतिपय लोगों से जमीनी मुकदमा न्यायालय में चल रहा है। रंजू देवी एक गरीब और दलित परिवार से है। रंजू देवी को गांव के कतिपय दबंगों द्वारा जमीनी मुकदमा वापस लेने की धमकी निरंतर वापस लेने की धमकी देते चले आ रहे हैं। रंजू देवी का आरोप है कि दबंगों द्वारा कहा जा रहा है कि तुम्हारे पति श्यामराज की वह हत्या कर देंगें अन्यथा तुम पति से कह कर मुकदमा वापस लेलो।रंजू देवी का आरोप है कि उसके परिवार का दबंग जीना हराम कर दिए हैं। राह चलते प्रायः जाति सूचक गालियां देते रहते हैं। रंजू देवी को यह शंका बनी हुई है कि किसी भी समय परिवार की हत्या दबंग कर सकते हैं। रंजू देवी ने पुलिस आयुक्त, उपायुक्त, थाना मऊआइमा में शिकायतीपत्र देकर जान माल की सुरक्षा और दबंगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग की है।

# रोजगार के लिए दी गई दुकानों का कर दिया सौदा, बिल भी बकाया

## निगम के उपाध्यक्ष ने किया औचक निरीक्षण, अवैध लोगों को बाहर करने का निर्देश, हड़ई में इंटरलाकिंग मार्ग की गुणवत्ता का भी किया मुआयना

अखंड भारत संदेश



**शंकरगढ़।** यमुनापार के शंकरगढ़ में रोजगार के लिए बनाई गई कालोनियां इन दिनों अवैध कब्जे के चंगुल में हैं। ज्यादातर में बाहरी लोग रह रहे हैं। इसके साथ ही इनका प्रयोग रोजगार के लिए न करके आवास के रूप में किया जा रहा है। मंगलवार को अनुसूचित जाति वित्त विकास निगम के उपाध्यक्ष विश्वनाथ उपाध्याय (दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री) ने उक्त कालोनियों का निरीक्षण किया और कहा कि सभी अवैध लोगों को यहां से बाहर किया जाएगा। बिजली का बिल जमा नहीं होने के सवाल पर उन्होंने कहा कि यह बिजली विभाग का मसला है, अवैध रूप से बिजली के इस्तेमाल पर विभाग को कार्यवाही करनी चाहिए।

जिन कालोनियों का मंगलवार को उपाध्यक्ष विश्वनाथ उपाध्याय ने मुआयना किया, वह ब्लाक मुख्यालय शंकरगढ़ के बगल बनाई गई हैं। यह कालोनियां नगर पंचायत की सीमा में नहीं हैं। इनका निर्माण स्पेशल कंपोनेंट प्लान के तहत करवाया गया था, ताकि अनुसूचित जाति के गरीबी रेखा में जीवन यापन करने वाले लोगों को रोजगार से जोड़ा जा सके। मंगलवार को निगम के उपाध्यक्ष विश्वनाथ उपाध्याय जब यहां (शंकरगढ़) जांच के लिए पहुंचे तो पता चला कि ज्यादातर कालोनियों का इस्तेमाल आवास के लिए किया जा रहा है। दो दशक पूर्व एलाट की गई इन कालोनियों (दुकानों) में मौजूदा समय में रहने वाले लोग मूल आवंटी भी नहीं हैं। कुछ लाभार्थियों ने अपनी कालोनियों का सौदा भी कर दिया है। इस पूरे मामले की गहनता से जांच करने का आदेश निगम के उपाध्यक्ष विश्वनाथ ने दिया है। अनुसूचित जाति वित्त विकास निगम के उपाध्यक्ष विश्वनाथ उपाध्याय ने स्पेशल कंपोनेंट प्लान के तहत बनाई गई कालोनियों का निरीक्षण करने के बाद पीएम निधि से (20 लाख रुपये से कम) करवाए जाने वाले विकास कार्यों का जायजा भी लिया। इसके लिए वह हड़ई, लौंदकला पहुंचे, जहां पर इंटरलाकिंग मार्ग की गुणवत्ता का जायजा लिया। इसके अलावा सांसद आदर्श गांव की योजना के तहत जो कार्य करवाए गए हैं, उसकी गुणवत्ता भी परखी। हड़ई में बालक-बालिका शौचालय और दिव्यांग शौचालय नहीं बना है, जिस पर निगम के उपाध्यक्ष ने आपत्ति जाहिर की है।मौके पर समाज कल्याण विभाग के अधिकारी समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

## न्यूज झरोखा

### जसरा क्षेत्र में तेज आंधी के साथ गिरे ओले रवि की फसल हुई नष्ट, किसान हुए बदहवास



**जसरा।** जसरा क्षेत्र में शाम लगभग 5:00 बजे अचानक काले बादल छा गए तथा देखते ही देखते तेज हवाओं के साथ बारिश व ओले गिरने लगे। गांव के लोग घरों के बाहर बंधे जानवरों को हटाने के लिए दौड़ पड़े। गिरते ओलों के बीच किसी तरह ग्रामीणों ने अपने जानवरों को सुरक्षित किया। इस दौरान ओले लगने से गांव के कई लोगों को मामूली चोटें भी आई हैं। थोड़ी ही देर में ओले की बारिश तेज हो गई और बड़े-बड़े ओले गिरने लगे। जिससे तातारगंज,परसरा, छिड़िया,सेन्धुवार,पचखरा, मरुवा, दौना खटंगिया, चिल्ला गौहानी, पूरे किन्नर,सुजौना, बसंती, सरसेड़ी सहित दर्जनों गांव ओलावृष्टि के चपेट में आ गए। रबी की फसल में गेहूं, सरसों, चना,मटर आदि के साथ टमाटर, भाटा और हरी मिर्ची की फसलें धरासाई हो गई। यह सब देख किसान बदहवास हो गए। फसल खराब होने के कारण किसानों के सामने बच्चों का पेट भरने का संकट खड़ा हो गया है। तातारगंज के राजा बाबू पाठक, ब्रह्म दत्त पाठक, रमेश पांडे, सूर्यभान सिंह,लालमणि पांडेय,छिड़िया के अशोक तिवारी,रामधीरज, भोला तिवारी आदि किसानों की फसलें पूरी तरह नष्ट हो गए हैं जिससे किसान परेशान है।

### जसरा में भाजपा मंडल का बूथ सशक्तिकरण के तहत सत्यापन का किया गया कार्य



**जसरा।** भाजपा मंडल जसरा बूथ सशक्तिकरण अभियान के तहत शक्ति केंद्र जसरा में बूथ नंबर 77 पर बूथ टोली के साथ शक्ति केंद्र संयोजक प्रभारी बूथ अध्यक्ष पन्ना प्रमुख के साथ सत्यापन का कार्य किया गया साथ ही जिला मंत्री श्री कमलेश त्रिपाठी जी बुदावा के शक्ति केंद्र पर मंडल मंत्री अवध बिहारी मिश्रा जी, अशोक तिवारी, राजाबाबू पाठक जी, निधीश पाठक जी, अमरजीत पटेल जी एवं सनी भारतीय सुरेश शुक्ला के साथ सत्यापन का कार्य करते हुए जसरा में मंडल अध्यक्ष जगत शुक्ला के साथ आलोक द्विवेदी जी, आशीष सोनकर जी, राकेश पाठक जी,अश्वनी केसरवानी,आकाश केसरवानी, संजीव केसरवानी,अवनीश सोनकर, अशोक सोनकर,विजय केसरवानी,विजय यादव के साथ पन्ना प्रमुख उपस्थित रहे।

### स्कूल तिराहे के पास धरा गया अभियुक्त, चार बम बरामद



**शंकरगढ़।** शंकरगढ़ पुलिस ने एक अभियुक्त को चार देशी बम के साथ गिरफ्तार किया है। पूछताछ के बाद अभियुक्त का चालान भेज दिया गया है। एसओ मनोज कुमार सिंह ने बताया कि एसआई अमरेंद्र सिंह ने अपनी टीम उपनिरीक्षक प्रवेश कुमार यादव,कांस्टेबल दीप कुमार के साथ चुंदवा स्कूल तिराहे के पास से अभियुक्त बृजेश सरोज पुत्र संगमलाल सरोज को गिरफ्तार किया है। क्षेत्र के शिवराजपुर के रहने वाले बृजेश सरोज के पास चार देशी बम बरामद हुआ है। उसके खिलाफ अपराध संख्या 71/2023, धारा-4/5 विस्फोटक पदार्थ अधिनियम का केस पंजीकृत किया गया। गिरफ्त में आए बृजेश के खिलाफ धारा 379, 411, 413, 414 के तहत भी शंकरगढ़ पुलिस ने केस दर्ज किया है।

### बैठक आयोजित कर सुनाया गया राष्ट्रपति का अभिभाषण



**सहसों।** शक्ति केन्द्र खोदायपुर में सोमवार को भाजपा कार्यकताओं की एक आवश्यक बैठक रमेश कुमार द्विवेदी शक्ति केन्द्र प्रभारी खोदायपुर एवं जिला संयोजक शिक्षक प्रकोष्ठ भाजपा गंगापार की अध्यक्षता में बुलाई गई। बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं के बीच संगठन की दिशा निदेशों एवं अन्य बिंदुओं पर चर्चा परिचर्चा के दौरान मंडल महामंत्री पवन कुमार शुक्ला ने महामहिम राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू द्वारा दिए गए अभिभाषण को पत्रक के माध्यम से सुनाया गया। बैठक में बूथ संख्या 130 खोदायपुर दयाराम विश्वकर्मा, बूथ संख्या 131 शिवधनी पाल, बूथ संख्या 132 सराय हुसैना दिलीप विश्वकर्मा, बूथ संख्या 133 हीरालाल गुप्ता, बूथ संख्या 134 चक हुसैना राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता आदि मौजूद रहे। बैठक के उपरांत ग्राम सभा सराय हुसैना उर्फ चोरकरिया निवासी पार्टी कार्यकर्ता दिलीप विश्वकर्मा के पिता ओम प्रकाश विश्वकर्मा के आकस्मिक निधन से उनके आवास पर पहुंचकर लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित कर शोक संवेदना व्यक्त किए तथा इस अवसर पर 2 मिनट का मौन रखकर मृतक आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना भी किया गया। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में रमेश कुमार द्विवेदी, पवन कुमार शुक्ला, रमेश पटेल, राजश्री, राजेन्द्र गुप्ता, चन्द्रभान पटेल, डॉ राजेन्द्र वर्मा, राममूर्ति पटेल, सुनील कुमार पटेल सहित आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

### सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन

**जारी।** जारी के लोटाढ़ गांव में श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह के आयोजन पर प्रेरणा स्त्रोत स्वर्गीय अशोक पति त्रिपाठी के तीनों पुत्रों ने श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का संकल्प लिया है जो कि अशोक पति त्रिपाठी की सोच एवम सपना था कि अपने पिता जी को भागवत कथा सुनाए उन्ही के सपनो को उनके भाई विवेकानंद त्रिपाठी, सच्चिदानंद त्रिपाठी एवम् पुत्र गण कमलापति त्रिपाठी एडवोकेट, विद्यापति त्रिपाठी, गणपति त्रिपाठी पूरा करने के लिए संकल्प लिए है। जोअपने निज निवास स्थल जारी लोटढ़ गांव में कथा व्यास पंडित लक्ष्मीनारायण त्रिपाठी भागवत भ्रमर के मुखारविंद से कथा का श्रवण कराएंगे। जिसके मुख्य यजमान पंडित गोविंद प्रसाद त्रिपाठी पूर्व प्रधान ,कुलगुरु पंडित प्रदीप मिश्रा महाराज, और पुरोहित पंडित महेश प्रसाद द्विवेदी शास्त्री, कथा व्यास पंडित लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी ने ग्रामीण क्षेत्रों के श्रोताओं से कथा स्थल पर पहुंचकर कथा का श्रवण करें और पुण्य के भागी बने कथा का आयोजन 23 मार्च से 31 मार्च तक चलेगा।

# वासंतिक नवरात्रि आज से मंदिरों एवं घरों में की गई सजावट व तैयारियां

अखंड भारत संदेश

**सहसों।** सनातन पंचांग के अनुसार चैत्र शुक्ल पक्ष प्रतिपदा से ही हिन्दू परंपरागत सनातन नव वर्ष एवं वासंतिक नवरात्रि शुरू होती है। हिन्दू जनमानस भक्तगंण नव वर्ष के साथ-साथ नौ दिन की नवरात्रि में मां आदिशक्ति की उपासना आराधना एवं वैदिक विधि विधान से पूजा पाठ, धूप, दीप, नैवेद्य आदि से मां जगदंबा की देवी पाठ एवं जप तप करके आदिशक्ति से मनोवांछित फल के अनुसार आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। सहसों स्थित राम जानकी मंदिर व माता चौरा, ललचहां स्थित दुर्गा मंदिर, माता चौरा नीबी, देवी मंदिर रामनाथ पट्टी, महारानी माता मंदिर सिंगरामऊ एवं मसुरियन माई मंदिर चकिया घरहरा तथा जगह-जगह गांव में पूजा पंडालों सहित क्षेत्र के आदि मंदिरों में साफ सफाई एवं सजावट व तैयारी भक्त श्रद्धालुओं के लिए पूजा पाठ, दर्शनार्थ हेतु जोरों से हो रही है। वहीं दूसरी तरफ माता के भक्तों द्वारा घरों में मां जगदंबा की पूजन, अर्चन सहित कलश स्थापना हेतु घरों की साफ-सफाई बेहद तरीके से भक्तों द्वारा कर लिया गया है। इस अवसर पर आचार्य पंडित दिनेश चन्द्र तिवारी एवं ओम प्रकाश शास्त्री ने बताया कि चैत्र मास की नवरात्रि का धार्मिक विशेष महत्व है। उन्होंने कहा जो भी भक्त नर नारी इन दिनों मां जगदंबा की तन मन एवं श्रद्धा से पूजन, धूप दीप एवं पाठ करते हैं मां जगदंबा प्रसन्न होकर उनके जीवन में कई गुना फल देकर धन धान्य और सुख समृद्धि प्रदान करती हैं एवं पारिवारिक कष्टों से मुक्ति दिलाती हैं। आचार्य ने बताया की नौ दिनों के व्रत का धार्मिक एवं वैज्ञानिक दोनों का विशेष महत्व है। व्रत करने से आध्यात्मिक विचार से तनमन में शुद्धता आती है तथा शारीरिक दृष्टि से तमाम समस्याओं रोगों से भी निजात मिलती है। इसीलिए उपवास करना लाभकारी होता है। इन दिनों आदिकाल से ऋषि मुनि बदलते मौसम की वजह से भी अच्छे स्वास्थ्य के लिए उपवास करते थे।

## संघ के पथ संचलन में भाग लेना न भूलें, आज दोपहर दो बजे निकलेगी कार्यकताओं की टोली

**शंकरगढ़।** चैत्र प्रतिपदा के मौके पर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के द्वारा पथ संचलन किया जाएगा। पथ संचलन के इस कार्यक्रम में संघ के सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता पूरे गणवेष में शामिल होंगे। यह जानकारी देते हुए खंड प्रचारक (शंकरगढ) आशुतोष ने बताया कि भारतीय नववर्ष, चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के मौके पर शंकरगढ़ खंड में पथ संचलन कार्यक्रम होगा। यह कार्यक्रम दोपहर बजे से राजाकोठी राजभवन चौराहा से प्रारंभ होगा। भाजपा जिलाध्यक्ष विभवनाथ भारती ने बताया कि इस आयोजन में भारतीय जनता पार्टी के सभी जिला पदाधिकारी, मंडल पदाधिकारी, मोर्चों, प्रकोष्ठों, विभागों व जिले में निवास कर रहे लोग शामिल होंगे। जिलाध्यक्ष ने शक्ति केंद्र संयोजक, शक्ति केंद्र प्रभारी, बूथ अध्यक्ष, बूथ प्रभारी, विचार परिवार के ज्यादा से ज्यादा संख्या में लोगों से पथ संचलन में शामिल होने की अपील की है।

## रमजान के मुबारक महीने की कद्र करें रोजेदार और इबादत में लग जाएं : मौलाना फजलुर्रहमान

### रमजानुल मुबारक के आगमन पर इस्लाहे मुआशरा' के तहत आयोजित जलसे में बोले मौलाना कासमी

**मऊआइमा।** रमजानुल मुबारक तमाम महीनों से अफजल महीना होता है। इस पाक महीने में अल्लाह पाक ने कुरआन पाक नाजिल की। यह बातें युवा मौलाना मुफ्ती फजलुरल रहमान कासमी इलाहाबादी ने कस्बे के मस्जिद हफीज सेठ मोहल्ला अबू हलीम पट्टी में आयोजित जलसे में कहीं। मुफ्ती फजलुर रहमान ने कहा रमजान पाक बरकतों वाले महीनों में उस शख्स के हक में है जो इस महीने की कदरदानी करे। दिन में रोजे रखे, रात में तरावीह की नमाज अदा करे, ।कुरान की तिलावत करे। जितना हो सके सदका और खैरात में शरीक हो। उन्होंने रमजान में पाबंदी के साथ जमात के साथ नमाज अदा करने। की मुफ्ती मौलाना ने कहा,कि रमजान में पूंजिपतियों एंव बडे सेठों, जकात के काबिल लोगों को चाहिए कि। आस-पड़ोस, नजदीकी रिश्तेदार और गरीब ,मोहताज कमजोर हैं, उनका खास ख़्याल रखें,। उनके इफ़्तार और सेहरी का इंतजाम करें। और उन्हें हर स्तर के सहायता करें।और इस्लाम में मानव जाति की सेवा को महान कार्य बताया गया है। मुफ्ती फजलुर रहमान कासमी ने कहा कि बिना किसी वजह के रोजा छोड़ना बड़ा गुनाह है। जलसे की शुरूआत हाफिज हारिस ने कुरआन पाक की तिलावत तथा कलाम मुहम्मद अफजल एंव हुजैफा फारूकी के नातिया कलाम से हुई। सदारत हाफिज लियाकत अली ने की। इस मौके पर हाफिज रफीक, हाफिज इशाक, हाफिज अखलाक, हाफिज जुबैर, हाफिज आबिद और तल्हा अंसारी खासतौर से मौजूद रहे।

## दो अलग अलग गांवों में मार पीट कई जख्मी डेढ दर्जन के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** मऊआइमा के दो अलग अलग गांवों में मार पीट के दौरान कई को चोटें आयी है।एक का हाथ टूट गया। पुलिस ने दोनों मामलों में डेढ दर्जन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मऊआइमा थाना अंतर्गत ग्राम किरांव निवासी मोहम्मद सबरेज पुत्र मोहम्मद इलियास का आरोप है कि वह नजरपुर से क्रिकेट मैच खेल कर वापस घर साथियों से साथ आ रहा था। सबरेज का आरोप है कि रास्ते में तीन बाइकों पर पांच सवार आए बाइक रोक कर उसे बुरी तरह मारे पीटे जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ तोड दिए और मोबाइल क्षतिग्रस्त कर के बाइकों से भाग गए। सबरेज ने थाने में शहनवाज ,,वसी, अनमोल, दो अज्ञातों के खिलाफ मुकदमा दर्ज दर्ज करा दिया है।उधर ग्राम खोजापुर निवासी धर्मेंद्र पाल पुत्र जयकरण पाल का आरोप है कि उसके विपक्षी उसके घर के बगल बने पिलर को गिरा दिए।जब उनके पिता जयकरण, चाची प्रभावी, चचेरी बहन बिंदू रोकने गयी तो उन्हें भी बुरी तरह मारे पीटे।तथा घर में घुस कर अन्य परिवार के सदस्यों को मारे पीटे तोडफोड किए।धर्मेंद्र पाल ने मऊआइमा थाने में फूलचंद्र, दीपक ,दीपक चन्द्र ,सीता राम, राम सजीवन, राम खेलावन, राजेश कुमार, अयोध्या, देवेंद्र, दिनेश तथा अन्य अज्ञातों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

# मऊआइमा में किया गया होली मिलन समारोह का आयोजन

अखंड भारत संदेश

**मऊआइमा।** सर्वोदय समाज कल्याण सेवा समिति के तत्वावधान में मऊआइमा क्षेत्र में सामाजिक एकता के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सामाजिक एकता कार्यक्रम एवं होली मिलन समारोह के रूप माध्यम से मनाया गया। कार्यक्रम में लोगों ने एक दूसरे पर पुष्प वर्षा करके आपसी सौहार्द को प्रकट किया। प्रसन्नता के साथ एक दूसरे से गले मिलकर सामाजिक एकता मिशन को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि चंद्रभान सिंह पटेल असिस्टेंट कमांडर केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल सामाजिक एकता विषय में बताते हुए कहा कि समाज में व्याप्त जो भी कुरीतियां जाति और धर्म के नाम पर समाज को बांटने का काम करते हैं ।यह बिल्कुल गलत है हमें सदैव आपसी सौहार्द बना करके सामाजिक एवं पारस्परिक एकता को कायम रखना हम सभी मनुष्य का धर्म है। क्योंकि भारत एक धर्मनिरपेक्ष गुटनिरपेक्ष राष्ट्रों हो करके एक ही राष्ट्रगान और एक तिरंगे के नीचे तन मन और धन से देश सेवा करता है। तो समाज में किस प्रकार की आपसी व्यवस्था या भेदभाव नहीं होना चाहिये ।कार्यक्रम में उपस्थित सर्वोदय समाज कल्याण के सचिव सुशील कुमार साहित्य ने सामाजिक एकता को बनाए रखने के लिए एक दूसरे के प्रति सौहार्द रखने की बात कही। कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष अमर सिंह ,जिला अध्यक्ष इरफान हाशमी, जिला महिला सचिव आसमा बानो, ब्लॉक अध्यक्ष अमर बहादुर यादव ,ब्लॉक सचिव उमेश पांडे ,वरिष्ठ कार्यकर्ता अभिषेक शर्मा, रामकरन ,महामंत्री दिलीप कुमार ,शमशाद आलम, धर्मराज बागी, मुजफ्फर हक मुजाहिद लालटेन, सुशील कुमार ,जगत बहादुर यादव, उमेश चंद्र पांडे ,राजेश कुशवाहा ,कैफ खान आदि लोग मौजूद थे।

# गायब बच्चे को पुलिस ने परिजनों को सौंपकर निभाई अहम भूमिका

## शाही पैलेस सोशल एक्टिव व्हाट्सएप ग्रुप में गायब बच्चे का फोटो डालते ही परिजनों को पता चला

अखंड भारत संदेश




**मऊआइमा।** घंटों से गायब मासूम बच्चे को रोता देख कर उसे एक दुकान पर बैठा लिया तथा उसकी फोटो शाही पैलेस सोशल एक्टिव व्हाट्सएप ग्रुप में डालते ही परिजनों को पता चल गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने बच्चे को उसके परिजनों को समझाया और मासूम को सौंप दिया। परिजन बच्चे को पाकर खुशी से झूम उठे। मऊआइमा कस्बा के मोहल्ला स्टेशन रोड झाली बाबा के निकट निवासी मोहम्मद नाजिम का पांच वर्षीय पुत्र मोहम्मद याहिया सोमवार को गायब हो गया था। कस्बा के तीन बत्ती चौराहे पर शाम के समय एक मासूम बच्चे को रोता देख कर स्थानीय दुकानदारों ने अपने पास बैठा लिए। नाम पता पूछने पर बच्चा कुछ भी बता पाने में अस्मर्थ रहा। स्थानीय लोगों ने मासूम बच्चे की फोटो शाही पैलेस सोशल एक्टिव ग्रुप में डाला तो देर रात में परिइजनों को पता चला। तब तक स्थानीय थाने की पुलिस पहुंच गई। तथा परिजनों को सौंप कर समझाया। बच्चे को पाकर परिजनों में खुशी की लहर दौड़ गई। बताया गया है कि मासूम मोहम्मद यहिया पांच वर्ष का पिता मोहम्मद नाजिम दिमागी रूप से कमजोर हैं। वह हर समय बडबडाते रहते हैं। मोहम्मद यहिया के दादा मोहम्मद जावेद घर पर छोटी सी दुकान करके परिजनों का खर्च चलाते हैं और पुत्र मोहम्मद नाजिम के बच्चों की रेख देख करते हैं। गायब बच्चे मोहम्मद यहिया के दादा मोहम्मद जावेद ने मंगलवार को बच्चे को देखाया और शाही पैलेस सोशल एक्टिव व्हाट्सएप ग्रुप के एडमिट उमैर जलाल, मोहम्मद अनस का शुक्रिया अदा किया।

# खेलकूद की जमीन पर निर्माण होने पर ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

अखंड भारत संदेश



**उतरांव।** उतरांव थाना क्षेत्र के दरोगापुर गांव में खेलकूद की जमीन पर दबंगों द्वारा पिलर का निर्माण किया गया जिसमें दर्जनों की संख्या में ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर हाथ उठाकर प्रदर्शन किया तथा जल्द से जल्द राजस्व टीम से पैमाइश करके खेलकूद के मैदान को खाली कराए जाने की मांग की है। प्रदर्शनकारियों ने बताया कि खाली जमीन से सैकड़ों लोगों का आवागमन था जिसे पिलर का निर्माण हो जाने से रास्ता भी अवरुद्ध हो गया है। सोमवार को हरिश्चन्द्र उर्फ मन्नी लाल की अगुवाई में गांव के रमेश, ओम प्रकाश,अनिल, मदन, मगन, सुरेश, राम आसरे, जयराम, राज धारी, किशोरी लाल चंद्रजीत पटेल, जयकरण मिथिलेश आदि दर्जनों की संख्या में महिला व पुरुष ने मौके पर पहुंचकर हाथ उठाकर प्रदर्शन करते हुए दबंगों के खिलाफ विरोध जताया तथा जिलाधिकारी उप जिलाधिकारी समेत स्थानीय थाने में लिखित तहरीर देकर दबंगों के खिलाफ कार्रवाई कर किए जाने की मांग की है।वही पीड़ित पक्ष ने उप जिलाधिकारी के यहां लिखित प्रार्थना पत्र के माध्यम से जल्द से जल्द राजस्व टीम से पैमाइश कर खेलकूद के मैदान को खाली कराए जाने की मांग की है। वही दूसरे पक्ष के गोपीनाथ राममिलन जंग बहादुर का कहना है कि भूमिधरी जमीन है जो 19 बिस्वा है। अपनी भूमिधरी जमीन में निर्माण कार्य हो रहा है।

# शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिये शिक्षा के साथ खेलकूद भी जरूरी : रामविलास





**शंकरगढ़।** न्यू चिल्ड्रन पब्लिक स्कूल के वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में अव्वल रहे छात्रों के पुरस्कार वितरित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के मेधावी छात्रों को पुरस्कार शंकरगढ़ के खंड विकास अधिकारी रामविलास राय व शिक्षक संघ के अध्यक्ष बृजेश सिंह द्वारा किया गया।कक्षा 10 के छात्र मयंक शुक्ला को 200 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त होने पर पुरस्कार दिया गया।इसी प्रकार कक्षा 9 के छात्रा ध्रुवी को बालीवाल में, शालिनी को 100 मीटर दौड़ में,दीपा शुक्ला को बोरा दौड़ में, रिया केसरवानी को कबड्डी में, शांभवी राजपूत को बैडमिंटन में विजेता रहने पर पुरस्कार दिया गया। कक्षा 10 के छात्र अभिषेक को 200 मीटर दौड़ में द्वितीय तथा वंश को तृतीय पुरस्कार प्राप्त हुआ। कक्षा 10 में क्रिकेट के विजेता टीम के कैप्टन अनुभव केसरवानी को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में मौजूद बतौर मुख्य अतिथि खंड विकास अधिकारी राम विलास राय ने कहा कि खेलकूद से बच्चों का शारीरिक व मानसिक विकास होता है । शिक्षक संघ के अध्यक्ष ने सभी बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक प्रकाश चंद्र मिश्रा ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए बच्चों को खेलकूद के साथ पढ़ाई में मन लगाने की बात कही। सभा का संचालन अंजू केसरवानी ने किया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक बी एल सोनी, जाह्नवी जयसवाल, शिवानी केसरवानी, मुस्कान ,वैशाली सिंह, सुशांत वर्मा ,सचिन कुमार , राहुल राव, योगेश पांडे, जय केसरवानी सहित सभी शिक्षक शिक्षिका व छात्र-छात्रा मौजूद रहे।



# अतीक अहमद के ऑफिस से 70 लाख कैश अवैध असलहे व कारतूस बरामद

## जांच के दौरान पुलिस ने 2 गुर्गे भी किए गिरफ्तार





**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** उमेश पाल हत्याकांड के 26 दिन बाद पुलिस ने मंगलवार को माफिया अतीक अहमद के ऑफिस पर छापा मारा। चकिया के ऑफिस पर 70 लाख रुपए कैश, 9 पिस्टल, 2 तमंचे और कारतूस मिले। पुलिस ने अतीक के दो गुर्गों को भी गिरफ्तार किया है।अतीक अहमद के चकिया स्थित दफ्तर में कैश और हथियार को दीवारों और फर्श में दबाकर रखा था।

**500 और 200 की मिलीं गड्डियां :** पुलिस की रेड में दीवारों और फर्श को तोड़ने के बाद 500 और 200 रुपए के नोट बरामद हुए हैं। इसे गिनने के लिए मशीन भी मंगाई गई। भारी पुलिस बल के साथ अफसरों की टीम भी यहां मौजूद रही। खुद प्रयागराज के पुलिस कमिश्नर रमित शर्मा भी मौजूद रहे। पुलिस ने दफ्तर में काम करने वाले 2 लोगों को फिलहाल गिरफ्तार किया है। उनकी निशानदेही पर छापेमारी और बरामदगी की गई।राजूपाल हत्याकांड के आरोपी अतीक अहमद का यह ऑफिस 2020 में अवैध निर्माण के चलते गिरा दिया गया था। इस कार्यालय में अवैध गतिविधियों के संचालित होने की जानकारी होने पर पुलिस ने यह कार्रवाई की है।

**शूटरों से संपर्क के आरोप में गिरफ्तार किए गए गुर्गे :** बताया जा रहा है कि पकड़े गए दोनों गुर्गे उमेश पाल हत्याकांड की पूरी कहानी जानते हैं। वो लगातार शूटरों के संपर्क में थे। हिरासत में लिया गया शख्स, माफिया डॉन अतीक अहमद के चकिया इलाके का ही रहने वाला है। उसके बाबा और पिता भी अतीक के लिए काम करते थे। इस बीच शूटरों की तलाश में पुलिस की छापेमारी जारी है। गुड्डू मुस्लिम, मोहम्मद गुलाम और साबिर की तलाश में यूपी पुलिस और यूपी एसटीएफ सूबे के साथ-साथ 13 राज्यों और 15 जिलों की खाक छान रही है।

**22 टीमें कर रही है शूटरों की तलाश :** असद, अरमान, गुलाम, गुड्डू मुस्लिम और साबिर की तलाश पुलिस ने तेज कर दी है। यूपी पुलिस ने इन्हीं पांचों पर अब इनामी राशि भी बढ़ा दी है। उमेश पाल की हत्या के मामले में यूपी पुलिस ने पांच आरोपियों पर इनाम की रकम ढाई लाख रुपए से बढ़ाकर पांच लाख कर दी है। पुलिस और एसटीएफ दिन रात छापेमारी के बाद भी शूटरों तक नहीं पहुंच पा रही है। प्रयागराज और लखनऊ वाया बरेली से लेकर नेपाल तक पुलिस और एसटीएफ की 22 टीमें शूटरों की तलाश कर रही हैं।

**पुलिस गिरफ्त से दूर अतीक का बेटा असद :** पुलिस ने मोहम्मद गुलाम के लिए मेंहदौरी में घेरा लगाया है। जबकि गुड्डू मुस्लिम की तलाश में पुलिस ने लाला की सराय पर नजर गड़ा रखी है। हत्याकांड में बाहुबली अतीक अहमद के बेटे असद की सबसे बड़ी भूमिका दिखाई दे रही है और पुलिस का दावा है कि उमेश पाल पर हुए हमले में अतीक अहमद के इस बेटे को ताबड़तोड़ गोली चलाई थी। पुलिस अभी तक असद को भी नहीं ढूंढ पाई है।

# बमबाज गुड्डू मुस्लिम के घर पीडीए का नोटिस चस्पा, चलेगा हथौड़ा

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** उमेश पाल हत्याकांड में फरार बमबाज गुड्डू मुस्लिम का घर भी ढहाया जाएगा। प्रयागराज विकास प्राधिकरण (पीडीए) की ओर से मंगलवार को इस भवन पर अवैध निर्माण संबंधी नोटिस चस्पा कर दिया गया। चकिया से लगे चक निरातुल में बमबाज गुड्डू का घर संकरी गली में है। ऐसे में इसके घर को हथौड़े से तोड़ने की तैयारी की गई है। गुड्डू मुस्लिम पर पांच लाख रुपये का इनाम है।पीडीए के जोन-2 के जोनल अधिकारी अजय कुमार की ओर से जारी कारण बताओ नोटिस मंगलवार को गुड्डू मुस्लिम के घर पर चस्पा किया गया। यह नोटिस चकिया के चकनिरातुल बेहनाना टोला निवासी गुड्डू मुस्लिम और उसकी मां चांद बीबी के नाम से संयुक्त रूप से जारी किया गया है। नगर नियोजन एवं विकास अधिनियम 1973 की धारा 14-15 के तहत जोनल अधिकारी ने अपने नोटिस में कहा है कि पीडीए की अनुमति के बैगर ही इस भवन का निर्माण कराया गया है। 13 गुणा 45 वर्ग फीट में इस भवन के निर्माण से पहले मानचित्र भी पारित नहीं कराया गया है।जोनल अधिकारी ने इस अवैध निर्माण के संबंध में पक्ष रखने के लिए बमबाज गुड्डू मुस्लिम और उसकी मां को 25 मार्च को दिन के 11 बजे अपने कार्यालय में उपस्थित होने के लिए कहा



है। नोटिस में कहा गया है कि तय समय पर उपस्थित होकर इस अवैध निर्माण की वजह बताई जाए। अन्यथा इस अनधिकृत निर्माण को सील करते हुए इस गिराने का आदेश पारित कर दिया जाएगा।गुड्डू मुस्लिम राजू पाल हत्याकांड के मुख्य गवाह उमेश पाल की हत्या में नामजद होने के बाद से फरार है। एसटीएफ और पुलिस को मिले इस हत्याकांड के सीसीटीवी फुटेज में गुड्डू मुस्लिम बम बरसाने वाले शख्स के रूप में चिह्नित किया गया है। इसमें उमेश पर गुड्डू बम फेंकते नजर आता है। गुड्डू ने रास्ता खाली कराने और भीड़ को रोकने के लिए भी कई बम चलाए।

**गनर पर मुस्लिम गुड्डू ने फेंका था बम :** इस दौरान गोली लगने के बाद गली में जान बचाकर भागते उमेश पाल और उसके गनर पर भी उसी ने बम फेंका था, जिसमें सिपाही का एक हाथ उड़ गया था। साथ ही उमेश के शरीर में भी बम के कई छर्रे लग गए थे, जिससे उनकी जान चली गई। इस हत्याकांड में उमेश के साथ उनके दोनों गनर मारे गए थे। चकिया से लगे चक निरातुल में बमबाज गुड्डू का घर संकरी गली में है। ऐसे में इसके घर को हथौड़े से तोड़ने की तैयारी की गई है। गुड्डू मुस्लिम पर भी पांच लाख रुपये का इनाम है। पीडीए के जोन-2 के जोनल अधिकारी अजय कुमार की ओर से जारी कारण बताओ नोटिस मंगलवार को गुड्डू मुस्लिम के घर पर चस्पा किया गया। यह नोटिस चकिया के चकनिरातुल बेहनाना टोला निवासी गुड्डू मुस्लिम और उसकी मां चांद बीबी के नाम से संयुक्त रूप से जारी किया गया है। नगर नियोजन एवं विकास अधिनियम 1973 की धारा 14-15 के तहत जोनल अधिकारी ने अपने नोटिस में कहा है कि पीडीए की अनुमति के बैगर ही इस भवन का निर्माण कराया गया है। 13 गुणा 45 वर्ग फीट में इस भवन के निर्माण से पहले मानचित्र भी पारित नहीं कराया गया है। जोनल अधिकारी ने इस अवैध निर्माण के संबंध में पक्ष रखने के लिए बमबाज गुड्डू मुस्लिम और उसकी मां को 25 मार्च को दिन के 11 बजे अपने कार्यालय में उपस्थित होने के लिए कहा है। नोटिस में कहा गया है कि तय समय पर उपस्थित होकर इस अवैध निर्माण की वजह बताई जाए। अन्यथा इस अनधिकृत निर्माण को सील करते हुए इस गिराने का आदेश पारित कर दिया जाएगा।

## बिजली हड़ताल पर हाईकोर्ट सख्त, पूछा क्यों न हड़ताल से हुए नुकसान की भरपाई आपके वेतन से काटा जाय

**प्रयागराज।** बिजली कर्मियों की हड़ताल को लेकर इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सख्त रुख अपनाया है। हाईकोर्ट के आदेश पर ट्रेड यूनियन के सभी कर्मचारी नेता सोमवार को कोर्ट में पेश हुए। कार्यवाहक चीफ जस्टिस प्रीतिंकर दिवाकर और जस्टिस एसडी सिंह की खंडपीठ ने कर्मचारी नेताओं के हड़ताल पर जाने की कड़ी निंदा की। कहा कि उन्हें आभास नहीं है कि उनके आंदोलन से प्रदेश की जनता और सरकार को कितना नुकसान हुआ? कोर्ट ने कर्मचारी नेताओं के वकील से कहा कि वह बताएं कि नुकसान की भरपाई क्यों न उनके वेतन या उन्हें मिल रहे अन्य सरकारी भत्तों से की जाए। हाईकोर्ट ने स्वतः संज्ञान याचिका पर की सुनवाई : यह आदेश कोर्ट ने स्वतः संज्ञान जनहित याचिका पर वकील विभु राय द्वारा दाखिल अर्जी पर पारित किया। वकील की ओर से यह अर्जी शुक्रवार को दाखिल की गई थी। कोर्ट ने इसे गंभीरता से लेते कर्मचारी नेताओं के खिलाफ वारंट जारी करके उन्हें तलब किया था।कोर्ट ने सोमवार को मामले में 3 दौर में सुनवाई पूरी की। कहा कि वह इस मामले में आदेश पारित करेगी।

# करछना मुख्यालय पर दिव्यांगजनों का हुआ सम्मान

**अखंड भारत संदेश**

**करछना।** विकास खंड में मंगलवार को 72 दिव्यांगजनो को साइकिल और कृत्रिम अंग बांटे गए। जिससे दिव्यांगजनो के चेहरे पर खुशियों की मुस्कान बिखर गई। ब्लाक के कर्मचारियों के कारनामे भी सामने आए। इस दौरान समाज कल्याण विभाग के कर्मचारियों की मिली भगत देखने को मिली। विकास खंड करछना परिसर में मंगलवार को दिव्यांगजनों को ट्राई साइकिल का वितरण करने का आयोजन था। करछना से बीजेपी विधायक पीयूष रंजन निषाद इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे। इस दौरान करीब तीन घंटे के कार्यक्रम में क्षेत्र के विभिन्न गांवो से आए 72 दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग और ट्राई साइकिल वितरित की गई। इस दौरान विधायक पीयूष रंजन निषाद ने दिव्यांग जनों का हालचाल जाना। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि हमारी सरकार का मकसद हर उस गरीब से गरीब शख्स तक पहुंचना है जो अंतिम पायदान पर खड़ा है। दिव्यांगजनों की सेवा गौरव की बात है। पिछली सरकारों में जिन्हें हेय दृष्टि से देखा जाता था। आज उन्हें सम्मान की नजर से देखा जाता है और सम्मान के साथ संबोधित किया जाता है। यह गौरव की बात है। सरकार की मदद से ट्राई साइकिल और कृत्रिम अंग पाकर दिव्यांगजन खुशी से झूम उठे। विकासखंड करछना पहुंचे दिव्यांग जनों का कहना था कि इस तरह से संसाधन उपलब्ध होने पर वह लोग अपने को असहाय महसूस नहीं करते। अपनी छोटी मोटी जरूरतें वह स्वयं पूरी कर लेते हैं। कहीं आने जाने में किसी का मुंह नहीं देखना पड़ता है। दिव्यांग जनों ने कहा कि ट्राई साइकिल

**विधायक पियूष रंजन ने 72 दिव्यांगों को दी ट्राई साइकिल, कृत्रिम अंग**



हो या कृत्रिम अंग यह हमें किसी का सहारा लेने से बचाती है। इसे हम स्वाबलंबन महसूस करते हैं।

**कुछ लोगों ब्लाक कर्मियों पर मनमाने ढंग से वितरण किए जाने का लगाया आरोप :** हालांकि इस दौरान कुछ दिव्यांग जनों ने समाज कल्याण विभाग के कर्मचारियों पर धोखाधड़ी का भी आरोप लगाया। उनका कहना था कि विधायक की मौजूदगी में जिन्हें ट्राई साइकिल और कृत्रिम अंग दिए गए, उन्हीं में से कुछ लोगो को झांसा देकर समाज कल्याण के लोगों ने उन्हें वापस ले लिया। दिव्यांगजनो का कहना है कि ब्लाक कर्मचारियों के चलते फेर बदल किया गया है। विधायक करछना पीयूष रंजन निषाद जब से विधायक बने हैं, तब से करछना क्षेत्र में लगातार गरीबों का सहयोग कर रहे हैं। लेकिन उनकी आड़ में यहां पर मौजूद कर्मचारियों मनमाने ढंग से वितरण कर रहे हैं।

# श्री सुदिष्ट ब्रह्म धाम (बबा महराज) में समिति के नाम पर किया गया फर्जीवाड़ा

**अखंड भारत संदेश**

**सिरसा।** मेजा क्षेत्र के परानीपुर गांव निवासी कृष्ण प्रताप सिंह ने आरोप लगाया है कि परानीपुर गांव स्थित श्री सुदिष्ट ब्रह्म धाम (बबा महराज) मे समिति के नाम पर घोटाला किया गया है। जिसकी शिकायत वित्त मंत्री उत्तर प्रदेश, प्रमुख सचिव वित्त उत्तर प्रदेश, स्थानीय विधायक मेजा, रजिस्ट्रार फर्म्स सोसायटीज एवं चिट्स उत्तर प्रदेश, आयुक्त प्रयागराज, जिला अधिकारी प्रयागराज व सहायक रजिस्ट्रार फर्म्स सोसायटीज प्रयागराज से की गई है। मेजा तहसील क्षेत्र के बिसेनपुर परानीपुर गांव निवासी कृष्ण प्रताप सिंह ने बताया कि परानीपुर मेजा प्रयागराज में सुदिष्ट ब्रह्म बाबा महाराज की समाधि स्थल है। जहां हर रविवार को हजारों भक्त दर्शन के लिए पंहुचते हैं। ऐसे में प्रति सप्ताह हजारों रुपए चढ़ावा चढ़ता है। उक्त चढ़ावे के रकम को हड़पने के लिए ही दो दशक पहले बने सुदिष्ट ब्रह्म धाम समिति पर अनैतिक रूप से फजीर्वाड़ा करते हुए समिति को ही भंग कर किसी दूसरे के नाम से संस्था का पंजीकृत कराया। कृष्ण प्रताप सिंह का आरोप है कि लगातार समयानुसार समिति का पंजीकरण नवीनीकृत कर फजीर्वाड़ा किया गया है।



उन्होंने इस फजीर्वाड़े की शिकायत वित्त मंत्री उत्तर प्रदेश, प्रमुख सचिव वित्त उत्तर प्रदेश, स्थानीय विधायक मेजा, रजिस्ट्रार फर्म्स सोसायटीज एवं चिट्स उत्तर प्रदेश, आयुक्त प्रयागराज, जिला अधिकारी प्रयागराज व सहायक रजिस्ट्रार फर्म्स सोसायटीज से किया है और जांच कर कार्रवाई की मांग की है।

# पुरानी पेंशन संयुक्त मंच प्रयागराज द्वारा हजारों की संख्या में किया प्रदर्शन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** पुराने पेंशन बहाली को ले कर किया गया धरना प्रदर्शन माननीय प्रधान मंत्री भारत सरकार को संबोधित व माननीय मुख्य मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार को पृथंकित भेजा गया ज्ञापन पुरानी पेंशन बहाली संयुक्त मंच (ठउफ्टव) प्रयागराज के संयोजक आर डी यादव की अध्यक्षता में समय 11 बजे दिन से 3 बजे तक पुरानी पेंशन बहाली को लेकर जिला प्रशासन द्वारा निर्धारित धरना स्थल पत्थर गिरिजा घर सिविल लाइंस पर कई हजार की संख्या में कर्मचारी शिक्षक अधिकारी पेंशनर्स द्वारा धरना प्रदर्शन करते हुए पुरानी पेंशन बहाल हो का नारा लगाते हुए जिला प्रशासन के माध्यम से माननीय प्रधानमंत्री भारत सरकार व माननीय मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया गया सदन द्वारा निर्णय लिया गया कि यदि दिनाँक 20/5/2023तक दोनो सरकारों द्वारा पुरानी पेंशन बहाल नहीं की गई तो तृतीय चरण के आन्दोलन कर्मचारी शिक्षक समाज इस बैनर के नीचे अपने परिवार जनों के साथ दिनांक 21/5/2023 को ऐतिहासिक मशाल जुलूस निकाल कर सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया जायेगा।धरने का संचालन मंच के सह संयोजक सचिव विनोद कुमार पांडेय जी ने



किया।धरने में केंद्रीय संगठन ठउफ्टव के राष्ट्रीय महामंत्री आर डी यादव वा उन्हीं के संगठन के डी एस यादव सईद अहमद ए के सिंह सुभाष प्रजापति नागेंद्र बहादुर ,आदि के नेतृत्व में हजारों की संख्या में सदस्यों ने प्रतीभाग किया ।दूसरी ओर राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद प्रयागराज की ओर से सह संयोजक वा परिषद् अध्यक्ष राग विराग, सौरभ गुप्ता ध्रुव नारायण, अजय राजू, जितेंद्र चतुर्वेदी,सुरेश सिंह,विवेक वर्मा, अल्प नारायण सिंह,अध्यक्ष उत्तर प्रदेश लेखा एवम लेखा परीक्षा सेवा एशोसियेशन ई०सुरेश प्रजापति,राकेश सिंह, ई मनोज यादव, लक्ष्मण सिंह, घनानंद यादव, ओ पी सिंह,अरुण पांडे, आशीष शुक्ला,लेखपाल संघ के जनपद अध्यक्ष श्री राज कुमार सागर, के नेतृत्व में हजारों की संख्या में सदस्यों ने गवर्मेंट प्रेस शिक्षा निदेशालय माध्यमिक शिक्षा परिषद विकास भवन पी डब्लू डी, सिंचाई, बाल विकास, लेखा एवं लेखा परीक्षक विभाग, कृषि विभाग,चकबंदी विभाग आदि के विभागों ने प्रतिभाग करते हुए न्यू पेंशन स्कीम गो बैक पुरानी पेंशन बहाल हो का नारा लगाते हुए धरना प्रदर्शन कर माननीय प्रधान मंत्री भारत सरकार को संबोधित वा माननीय मुख्य मंत्री को पृष्ठांकित ज्ञापन परिषद् अध्यक्ष राग विराग द्वारा सदन को पढ़कर सुनाया गया जिसका सदन ने ध्वनि मति से प्रस्ताव पारित किया अन्त में मंच के संयोजक सह संयोजक द्वारा जिलाधिकारी के प्रतिनिधि सुदामा वर्मा अउट 2 प्रयागराज को ज्ञापन सौंपा गया।संबोधित करने वालो में प्रमुख रूप से जितेंद्र चतुर्वेदी ध्रुव नारायण, राजकुमार सागर, लक्ष्मण सिंह, अरुण पांडे,श्याम सूरत पांडे, राजेश्वर शुक्ला,राजेश, ई हौसला मिश्रा,राम कृष्ण मिश्रा, शुभम त्रिपाठी,दया शंकर यादव,संतोष कुमार मिश्रा आशीष शुक्ला राशिद सुभाष पाण्डेय,रमेश, डी एस यादव,मनोज यादव, घनानंद यादव श्याम सुंदर पटेल प्रमोद कुमार मिश्रा दयाराम पटेल अवनीश पांडेय आदि ने अपने विचार व्यक्त करते हुए पुरानी पेंशन बहाली का समर्थन किया।



## नगर निगम की जन सुनवाई में मिले 52 शिकायतें

### नगर आयुक्त गर्ग ने गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किए जाने हेतु दिए आवश्यक दिशा निर्देश

**प्रयागराज।** मंगलवार को नगर आयुक्त नगर निगम प्रयागराज, चन्द्र मोहन गर्ग द्वारा जन सुनवाई करते हुए नगर निगम में आये हुए फरियादियों की शिकायतों को सुना गया। जिसमें कुल 52 शिकायतें प्राप्त हुई। जन शिकायतों के अविलम्ब गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराये जाने हेतु नगर आयुक्त द्वारा सम्बन्धित अधिकरियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये, और यह भी निर्देशित किया गया कि गुणवत्तापूर्ण शिकायतों का निस्तारण में किसी भी प्रकार की शिथिलिता न बरती जाय। सम्भव जनसुनवाई बैठक के दौरान अपर नगर आयुक्त अरविन्द राय, अमरीश बिन्द, जोनल अधिकारी अमरजीत यादव संजय ममगई, मदन गोपाल, अमरजीत यादव मुख्य कर निर्धारण अधिकारी/ जन सम्पर्क अधिकारी पी0के0द्विवेदी, पर्यावरण अभियन्ता उत्तम वर्मा, मुख्य अभियन्ता सतीश कुमार, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डा0 अभिषेक सिंह, पशुधन अधिकारी डा0 विजय अमृत राज, अधिषाशी अभियन्ता विद्युत राधे कृष्ण लाल, लेखाधिकारी, अक्षय कुमार, तथा कार्यालय अधीक्षक श्रीमती अनूपमा श्रीवास्तव आदि अधिकारीगण उपस्थित रहें।

# ओलावृष्टि प्रभावित गांवों का अधिकारियों संग विधायक ने किया दौरा

## प्रभावित किसानों से मिलकर दिया शीघ्र क्षतिपूर्ति का आश्वासन, एसडीएम को यथाशीघ्र सर्वे कराने का दिया निर्देश

**अखंड भारत संदेश**

**पसना।** रविवार शाम को कोरांव तहसील के दर्जनों गांव में हुए ओलावृष्टि एवं आंधी तूफान से फसलों के नुकसान का जायजा लेने के लिए विधायक राजमणि कोल ने विनोद कुमार शर्मा उप कृषि निदेशक प्रयागराज व एसडीएम कोरांव शुभम यादव के साथ प्रभावित गांव का दौरा किया। ओलावृष्टि से सर्वाधिक प्रभावित गांव गोबरी, कोटिया, खजूरी,पंचवह जमुआ, देवघाट, सिपौवा, जादीपुर, कपासी कला आल्हवा, अमिलिया पाल गाढा, संसारपुर बैठकवा, पटेहरी आदि क्षेत्रों का भ्रमण किया एवं साथ में रहे उप जिलाधिकारी कोरांव को निर्देशित किया कि तहसील के सभी राजस्व निरीक्षक एवं लेखपालों की ड्यूटी प्रभावित क्षेत्रों में लगाकर अतिशीघ्र नुकसान का आकलन बनाकर शासन को भेजा जाए जिससे कम





से कम समय में क्षतिपूर्ति की राशि किसानों के खाते में शासन द्वारा भेजी जा सके।साथ ही फसल बीमा से संबंधित बीमा कंपनियों द्वारा भी अतिशीघ्र नुकसान का आंकलन कराने हेतु उप कृषि निदेशक को निर्देश दिया। दौरे में साथ चल रहे भारतीय किसान संघ काशी प्रांत के मंत्री भोलासिंह मुन्ना ने विधायक से मांग की कि किसानों को अधिक से अधिक मुआवजा दिलाने हेतु माननीय मुख्यमंत्री जी से मिलकर जिले हेतु विशेष पैकेज दिलवाने की कृपा करें।भ्रमण के दौरान विधायक के साथ अखंड पांडेय, रामाश्रय शुक्ल,राजेश पटेल, शेषमणि, प्रेमकली, लालजी, धीरज सागर एवम भारी तादात में ग्रामीण मौजूद रहे।

## बेमौसम हुई बरसात और ओलों ने किसानो पर बरपाया कहर, फसले नष्ट

**लालापुर।** क्षेत्र के मझियारी, नागनपुर, महेरा, गोझवार, मानपुर, बेलामुंडी,अमिलिया, आदि गाँवो मे बेमौसम हुई बरसात और ओले पड़ने से किसानो की फसल जिस तरह से खराब हो गई उसे दृष्टिगत रखते हुए भाजपा मण्डल अध्यक्ष किसान मोर्चा अंकुश पाण्डेय ने कहा की किसानो की इस विपरीत परिस्थिति मे सरकार को हर सम्भव मदद करनी चाहिए ।किसानो से बात करने पर पता चला की गेहूं, अरहर, चना, मटर, मसूर, राई आदि की फसले कुछ कटी हुई खेतों मे पड़ी थी कुछ खेतों मे कटी नही थी गिर के खराब हो गई, इसी सोच मे किसान चिंतित दिखाई दे रहे हैं। किसान विनोद पाण्डेय,दुलारे सिंह, जयप्रकाश पाण्डेय, भरत दुबे, मुन्नू पाण्डेय आदि ने बताया की पचास प्रतिशत से ज्यादा फसल खराब हो गई है सरकार को ध्यान देना चाहिए अब किसानो की निगाहें सरकार की तरफ आस लगाए हुए हैं।



## गृहकर वसूली अभियान के तहत दुकाने सील

**प्रयागराज।** नगर आयुक्त, नगर निगम प्रयागराज के नेतृत्व में गृहकर वसूली अभियान के तहत एवं वित्तीय वर्ष 2022-23 समाप्त होने के दृष्टिगत नगर निगम परिक्षेत्र में गृहकर वसूली हेतु आम जनमानस को लाउड स्पीकरों, प्रचार वाहनों के माध्यम तथा अन्य माध्यमों से नियमित रूप से अपने भवन का गृहकर जमा किये जाने हेतु जागरूक किया जा रहा है इसी क्रम में आज दिनांक 21 मार्च 2023 को कुर्की कार्यवाई के दौरान मुटठीगंज क्षेत्र में 776/9 भवन स्वामिनी प्रभादेवी के भवन को तथा जोन-1 खुल्दाबाद, स्थित दुकान तथा भवन संख्या-96डी/2 चकिया, भवन संख्या-129/3 भोला का पुरवा, पर बकाया धनराशि रू0-160834.00 का गृहकर न जमा करने के दृष्टिगत सीलिंग की कार्यवाही की गयी। मंगलवार को जिन भवन स्वामियों की कुर्की की तिथि निर्धारित की गयी थी उन सभी 30 भवन स्वामियों द्वारा गृहकर की धनराशि रू0-33,16,851.00 के सापेक्ष रू0-9,74,257.00 नगर निगम कोष वसूली टीम द्वारा जमा कराया गया।उक्त कार्यवाही मुख्य कर निर्धारण अधिकारी पी0के0द्विवेदी के नेतृत्व में गठित टीम एवं जोन-1,2,3 तथ 4 के कर अधीक्षक, वसूली टीम के साथ नगर निगम दस्ता बल भी उपस्थित रहें।


**आवश्यकता है**

**श्री महेंद्र सिंह यादव विधि महाविद्यालय, तरांव, कोरांव, प्रयागराज। सम्बद्ध-प्रो. राजेन्द्र सिंह (रज्जू भय्या) विश्वविद्यालय, प्रयागराज।**

***त्रि-वर्षीय एल.एल.बी. पाठ्यक्रम हेतु-***

प्राचार्य-1 पद, सहाचार्य-9 पद।

**वेतन एवं योग्यता यूजीसी के मानकानुसार**

लाईब्रेरियन-1 पद, लिपिक-2 पद, कम्प्यूटर ऑपरेटर (हिन्दी टंकण)-1 पद, सुरक्षाकर्मी-4 पद, चपरासी-6 पद, माली-1 पद, सफाईकर्मी-8 पद।

विज्ञापन के 21 दिवस के अंदर महाविद्यालय के प्राचार्य कक्ष में आवेदन जमा करें।

**मो0: 8953047016, 9455426733**

# हम नदियों को स्वच्छ नहीं रखेंगे तो जहरीला जल पीने को होंगे बाध्यः एसडीएम

## साकेत गर्ल्स पीजी कालेज के बच्चों ने बेल्हा देवी में चलाया स्वच्छता अभियान

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** साकेत गर्ल्स पीजी कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना के अन्तर्गत आज माँ बेल्हा देवी मंदिर परिसर और सई नदी के तट पर अनन्त प्रकाश शुक्ला की अगुवाई में स्वच्छता कार्यक्रम चलाया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में त्रिभुवननाथ विश्वकर्मा अपर जिलाधिकारी ने कहा कि यह कार्यक्रम इसलिए महत्वपूर्ण नहीं है कि यह 300 बच्चियों द्वारा संचालित किया जा रहा है बल्कि यह इसलिए महत्वपूर्ण है कि इसके द्वारा हम नगर के 300 घरों को नदियों की स्वच्छता के प्रति जागरूक कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि अगर हम नदियों को स्वच्छ नहीं रखेंगे तो हम प्रदूषित और जहरीला जल पीने के लिए बाध्य होंगे और यह जीव मात्र के लिए संकट की घड़ी होगी। इस अवसर पर विशिष्ट



बेल्हा देवी घाट पर स्वच्छता अभियान में शामिल एसडीएम व प्रबंधक

अतिथि के रूप में बोलते हुए नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी राम अचल कुरील ने युवा पीढ़ी पर विश्वास जताया कि वह पर्यावरण के प्रति लोगों को जागरूक करेगी और अगली पीढ़ी को प्रदूषण के प्रभाव से सुरक्षित करेगी। समारोह में मुख्य वक्ता डॉ0 अर्जुन पाण्डेय अध्यक्ष जल बिरादरी अमेठी ने कहा कि यह स्वच्छता हम दूसरों के लिए नहीं, बल्कि अपने लिए कर रहे है क्योंकि अगर पॉलिथीन हमारे पशु खाते रहे, नदियाँ प्रदूषित होती रही और हम अपने आस-पास की स्वच्छता के लिए सजग नहीं रहे तो हमें जहरीला भोजन, प्रदूषित हवा और प्रदूषित जल पीने के लिए बाध्य होना होगा। हरित सेना के अध्यक्ष अजय क्रांतिकारी ने बच्चों को संकल्प दिलाया कि नदियाँ हमारी माँ है और इनकी स्वच्छता हमारा दायित्व है।

प्रमुख समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य ने सफाई अभियान की शुरूआत करते हुए स्वयं सई नदी के तट पर सेवा प्रारम्भ की। सफाई निरीक्षक डॉ0 संतोष सिंह ने गीला कचरा और सूखा कचरा के एकत्रीकरण एवं उसके निस्तारण की प्रक्रिया पर विस्तार से चर्चा की। इस अवसर पर प्राचार्या डॉ0 नीलिमा श्रीवास्तव ने सभी छात्राओं को संकल्प दिलाया कि वे यह संकल्प ले कि अपने-अपने घरों के आस-पास वे ऐसे ही कार्यक्रम आयोजित कर अपने-अपने मुहल्ले और ग्राम सभा को पर्यावरण के प्रति जागरूक करेगी। अन्त में साकेत ग्रुप ऑफ कॉलेजेज के प्रबंधक अरविन्द श्रीवास्तव ने आये हुए आगन्तुकों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना के तीनों ईकाइयों के कार्यक्रमाधिकारी डॉ0 सरिता सिंह, राहुल मिश्रा एवं अजमत अली द्वारा किया गया और साथ-साथ महाविद्यालय की प्राध्यापिका डॉ0 अनीता पाण्डेय, आरती श्रीवास्तव, प्रभा भारती, ज्योति सिंह, डॉ0 प्रतिभा मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

# गणित की परीक्षा के साथ सीबीएसई की हाईस्कूल की परीक्षा समाप्त

## न्यू ऐंजिल्स में गणित की परीक्षा देकर निकले छात्र-छात्राएं, दिखे खुष

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा दसवीं और 12वीं की परीक्षाएं सम्पन्न करायी जा रही है। मंगलवार को सी. बी. एस. ई. बोर्ड की हाई स्कूल की गणित विषय की परीक्षा (गणित स्टैन्डर्ड और गणित बेसिक) के साथ हाईस्कूल की परीक्षा खत्म हो गयी। वैसे 12वीं की परीक्षाएं अभी 31 मार्च तक जारी रहेंगी।

न्यू ऐन्जिल्स में केन्द्र व्यवस्थापक बी. के. सोनी और जे. एम. जी. स्कूल, कालाकांकर के प्रधानाचार्य मनीष शर्मा, पर्यवेक्षक की देखरेख में परीक्षा कार्य सुचारु रूप से सम्पन्न हुआ। न्यू ऐन्जिल्स सी.से.स्कूल केन्द्र पर कक्षा दस के कुल 510 छात्र/छात्राएं (गणित मेन) और 67 छात्र/छात्राएं (गणित बेसिक) विषय की परीक्षा में कुल 577 छात्र छात्राएं बोर्ड द्वारा आबंटित किया गये थे। परीक्षा



गणित का पेपर देकर बाहर निकलते न्यू एंजिल्स के छात्र।

सेंटर पर सुबह 10.15 बजे गणित का क्वेश्चन पेपर दिया गया। परीक्षा कक्ष में उपस्थित कक्ष निरीक्षकों ने छात्रों से कहा कि वह पेपर पहले ठीक से पढ़ लें क्योंकि 15 मिनट का समय दिया गया। इसके बाद 10.30 बजे से प्रश्नों का उत्तर लिखना शुरू किया और 1.30 बजे पेपर का समय समाप्त हुआ छात्र छात्राओं ने अपनी कापियाँ जमा की। परीक्षा केन्द्र से बाहर आने के बाद छात्र छात्राओं के चेहरों पर संतोष की लहर दिखाई दी। कुछ छात्र छात्राएं बहुत खुश दिखाई दिये। कक्षा 10 के 9 छात्र/छात्राएं गणित स्टैंडर्ड विषय में अनुपस्थित रहे जबकि गणित बेसिक विषय में सभी छात्र छात्राएं उपस्थित रहे। अनुशासनिक व्यवस्था चुस्त और दुरुस्त रही। डॉ शाहिदा चेयरपर्सन न्यू ऐन्जिल्स सी.से.स्कूल ने बताया कि सत्र 22/23 की गणित की परीक्षा के साथ ही उनके केन्द्र पर सी बी एस ई हाईस्कूल की परीक्षा आज शान्तिपूर्वक समाप्त हुई।

# वार्षिकोत्सव के साथ राष्ट्रीय सेवा योजना का विशेष शिविर का हुआ समापन

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** विकास क्षेत्र कालाकांकर के पंडित मदनमोहन मालवीय पी जी कालेज कालाकांकर के वार्षिकोत्सव का समापन मंगलवार को सम्पन्न हुआ, जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर विवि के शिक्षक शिक्षा विभाग के सह आचार्य एवम अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ राजशरण शाही रहे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व सांसद एवं मंत्री प्रशासकीय समिति राजकुमारी रत्ना सिंह रहीं। विगत 15 मार्च से आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना के सप्त दिवसीय शिविर के समापन के

## 150 शिविरार्थियों ने प्रतिभाग किया





वार्षिकोत्सव समारोह में मौजूद पूर्व सांसद रत्ना सिंह।

अवसर पर शिविर में कुल 150 शिविरार्थयों ने प्रतिभाग किया। मालूम हो कि महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की तीन इकाईयां क्रमशः डॉ डाल चंद आनंद, भूपेश प्रताप सिंह एवं प्रो इंदुरेखा सिंह के निर्देशन में किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रोफेसर राजशरण शाही ने विद्यार्थियों को शिक्षा का केंद्र बिंदु मानते हुए संस्कारयुक्त शिक्षा व्यवस्था के लिए शिक्षा संस्थाओं को हरसंभव प्रयास पर बल देते हुए शिक्षा की महत्ता पर प्रकाश डाला। सभाध्यक्ष राजकुमारी रत्ना सिंह ने अपने उदबोधन में कोविड 19 के उपरान्त उपजी नवीन परिस्थितियों एवं नवीन क्षेत्रों जैसे आई.टी., हॉस्पिटालिटी, ई.कॉमर्स के असीमित अवसरों के बारे में बताया तथा इससे संबंधित शिक्षा व्यवस्था को बढ़ावा देने पर बल दिया। प्राचार्य प्रो० शिवम श्रीवास्तव ने सभी अथितियों का स्वागत एवं प्रो. सूर्यभान सिंह ने उपस्थित सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं एवं कक्षा में सर्वश्रेष्ठ स्थान पाने वाले विद्याथीओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षक प्रो0 रामकरन, इंदुरेखा सिंह, सृष्टि, अफसार अहमद, अब्दुल रज्जाक, शिव भूषण गुप्ता सहित अन्य शिक्षक के साथ शिक्षणोत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

## रंजिश में चार के खिलाफ मारपीट व तोडफोड का मुकदमा दर्ज

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने रंजिश को लेकर हुई मारपीट की घटना मे चार लोगों के खिलाफ मारपीट व तोडफोड का मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के खालसा सादात गांव के सुरेश जायसवाल पुत्र स्व. श्यामशंकर जायसवाल ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि पुरानी रंजिश को लेकर बीते चैबीस फरवरी की सुबह पडोस के कपूरचंद्र जायसवाल, दिलीप जायसवाल व प्रदीप जायसवाल पुत्रगण उमाशंकर जायसवाल तथा पिंकी पत्नी दिलीप जायसवाल उसके दरवाजे पर पहुंचे। आरोपीगण गाली देते हुए घर मे घुसकर लाठी डंडे से मारपीट किया। शोर मचाने पर आरोपीगण घरेलू सामान में तोडफोड करके जान से मारने की धमकी देते चले गये। पुलिस ने तहरीर के आधार पर चार लोगों के खिलाफ मारपीट व तोडफोड का मुकदमा दर्ज किया है।

# भयहरणनाथ धाम में परम्परागत फूलों की होली उत्सव सम्पन्न

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** प्रसिद्ध पांडव कालीन भयहरणनाथ धाम में गत कई वर्षों से निरन्तर होने वाली फूलों की होली को भव्य उत्सव के रूप में मनाया गया और यह सन्देश दिया गया कि रंग पुष्पों से ही जन्म लेते हैं, अतः व्यापक जल संरक्षण हेतु फूलों की होली समाज के लिए श्रेयस्कर है। वहीं धाम के संस्थापक कोषाध्यक्ष व पंच परमेश्वर ग्रामीण पुस्तकालय के संस्थापक प्रबन्धक गृहस्थ संत स्मृति शेष हरि प्रसाद शुक्ल की याद में विराट कवि सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की शुरूवात भगवान भयहरणनाथ महादेव के पूजन व फूलों की सामूहिक होली से प्रारम्भ हुई। सभी का स्वागत करते हुए धाम के महासचिव व बकुलाही नदी

## गृहस्थ संत हरि प्रसाद शुक्ल की स्मृति में हुआ कवि सम्मेलन

पुनरोद्धार अभियान के संयोजक समाज शेखर ने कहा कि हरि प्रसाद शुक्ल सदैव भयहरणनाथ धाम के नींव के पत्थर के रूप में सुशोभित रहेगें। क्षेत्र व समाज उनके सद्कर्मों के प्रति नतमस्तक है और रहेगा, सदा प्रेरणा लेकर धाम व समाज का विकास करेगा। धन्यवाद ज्ञापन अध्यक्ष आचार्य राज कुमार शुक्ल ने किया। होली उत्सव में आयोजित विराट कवि सम्मेलन की अध्यक्षता बलिया से पधारे साहित्य भूषण व हरिबंश राय बच्चन सम्मान से अलंकृत जनकवि जय प्रकाश शर्मा ने किया। वहीं संचालन यमुनापार प्रयागराज से पधारे प्रख्यात लोककवि अशोक बेशरम ने किया। बेशरम जी की पंक्ति कैंचियों से भरी जिसके जिगर की झोली है, वो क्या जाने ईद क्या और क्या होली है लोगों को सोचने पर बिवश कर दिया। गीतकार जीतेन्द्र मिश्र जलज की रचना चन्दन है पानी है और क्या, दुनिया कहानी है और क्या खूब सराही गई। वहीं खेलगांव इन्टरनेशनल स्कूल की प्राध्यापिका व प्रसिद्ध कवयित्री रेनू मिश्रा ने पढा कि मन मन्दिर में पिया, तेरा रंग चढ जाए, कई होली बीत गई तुम घर नही आए ने खूब वाह वाही लूटी। इस अवसर पर प्रमुख रूप से संरक्षक राज नारायण मिश्र, पं0 राजेन्द्र शुक्ल, हीरा लाल, युवा नेता गुरू ओम मिश्रा व राकेश सिंह तथा उपाध्यक्ष कार्यक्रम उमाकान्त पाण्डेय, सचिव राज किशोर मिश्र, स्वच्छता प्रभारी नीरज मिश्र, कायालर्य प्रभारी अंकित पांडेय, अकबर अली आदि शामिल रहे।

# कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय का टीम ने किया निरीक्षण, मिली खामियां

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** शासन के आदेश पर विभिन्न जनपदों में प्राथमिक शिक्षा, निपुण लक्ष्य, अवस्थापना सुविधाओ आदि की जांच हेतु टीम बनाई गई है। प्रतापगढ़ जनपद हेतु डॉक्टर स्कन्द शुक्ल, सहायक निदेशक तथा प्राचार्य आंग्ल भाषा शिक्षण संस्थान, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज एवम डॉक्टर संदीप दुबे, प्रवक्ता, आंग्ल भाषा शिक्षण संस्थान उत्तर प्रदेश, प्रयागराज की टीम बनाई गई है। इस टीम द्वारा गत एक माह में तीन विकास खण्डों संग्रामगढ़, सांगीपुर तथा पटटी की जॉच की गईं। इस जॉच में विद्यालयों के साथ साथ खण्ड शिक्षा



कस्तूरबा गांधी विद्यालय का निरीक्षण करते अधिकारी।

अधिकारियों के कार्यालय, बी आर सी तथा कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालयों को देखा गया। टीम द्वारा संग्रामगढ़ कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में बहुत सी खामियां पाई गई। पटटी विकास खण्ड में डॉक्टर स्कन्द शुक्ल द्वारा ए आर पी की बैठक भी ली गई तथा शिक्षण अधिगम को सुदृढ़ करने के लिए निर्देश दिए गए। टीम द्वारा सांगीपुर तथा पटटी की के जी बी वी में अच्छे कार्य के लिए प्रशंसा भी की गई।

## शांतिपूर्ण सम्पन्न हुई हाईस्कूल सीबीएसई बोर्ड गणित की परीक्षा

**लालगंज, प्रतापगढ़।** अझारा स्थित पं. नागेशदत्त पब्लिक स्कूल में मंगलवार को हाईस्कूल के गणित स्टैण्डर्ड व गणित सामान्य विषय की परीक्षा सम्पन्न हुई। केन्द्र व्यवस्थापक एसएन त्रिपाठी के अनुसार गणित स्टैण्डर्ड मे कुल नामांकित छः सौ पांच परीक्षार्थियों मे से पांच सौ सत्तान्नवें परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। कुल आठ परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। वहीं गणित सामान्य विषय की परीक्षा में कुछ बयासी परीक्षार्थियों मे से इक्यासी ने परीक्षा दी। एक परीक्षार्थी अनुपस्थित रहा। परीक्षा के दौरान आर्ब्जबर के रूप में डॉल्फिन पब्लिक स्कूल के प्रवक्ता संजय पाण्डेय रहे।

# हाथ से हाथ जोड़ो कार्यक्रम की कांग्रेसियों ने की समीक्षा

## इंदिरा भवन पर जिलायक्ष ने की बैठक

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** कांग्रेस पार्टी द्वारा देश भर में भारत जोड़ो पद यात्रा के विस्तार के रूप में हाथ से हाथ जोड़ो कार्यक्रम चलाया जा रहा है। उक्त कार्यक्रम की समीक्षा हेतु आज जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय इंदिरा भवन पर जिलाध्यक्ष डॉ. लालजी त्रिपाठी की अध्यक्षता में एक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में उपस्थित कांग्रेसजनों को संबोधित करते हुए अध्यक्ष डॉ0 लालजी त्रिपाठी ने कहा कि हाथ से हाथ जोड़ो अभियान 26



हाथ से हाथ जोड़ो कार्यक्रम में मौजूद कांग्रेसजन।

जनवरी 2023 से चलाया जा रहा है। उक्त अभियान जनपद में जहां भी चलाया गया है, उसकी विस्तृत रिपोर्ट ब्लॉक अध्यक्षों द्वारा प्राप्त कर प्रदेश को भेजी जाएगी। प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा आगामी 24 मार्च 2023 को उक्त अभियान की समीक्षा की जाएगी, जिसमें जिला/शहर अध्यक्ष के साथ ही सभी ब्लॉक अध्यक्षों को अपनी कमेटी के 2-2 सक्रिय सदस्यों के साथ समीक्षा बैठक में शामिल होना है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि सभी साथी समय से लखनऊ पहुंचें। बैठक के उपरांत नगर कांग्रेस कमेटी द्वारा नगर के विभिन्न स्थानों पर हाथ से हाथ जोड़ो कार्यक्रम नगर अध्यक्ष इरफान अली के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष (प्रशासन) डा0वी0के0सिंह, पूर्व अध्यक्ष नरसिंह प्रकाश मिश्र, उपाध्यक्ष एवं पीसीसी डॉ0प्रशांत देव शुक्ल, सेवादल अध्यक्ष महेंद्र शुक्ल, कोषाध्यक्ष वेदान्त तिवारी, प्रेम शंकर द्विवेदी, राम रतन तिवारी, राम शिरोमणि वर्मा, अध्यक्ष महिला कांग्रेस सरोज कश्यप, सुभाष तिवारी, बृजेश पाण्डेय, आशीष तिवारी, मो0आफाक, यमुना प्रसाद पांडेय, अश्वनी उपाध्याय, श्याम शंकर तिवारी, अजीत सिंह, शिव बहादुर सिंह, फतेह बहादुर सिंह, रहमान, अयोध्या प्रशाद तिवारी,रामधन यादव सहित अनेक कांग्रेसजनों ने विचार व्यक्त किये।

# प्रशासन ने लिया संज्ञान, बनवाया विद्यालय का हैंडपंप, महीनो से खराब पड़ा था हैण्डपंप

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** अधिकारियो के सख्त तेवर के बाद मंगलवार को महीनो से खराब पड़े हैंडपंप को विद्यालय के गुरु जी ने बनवा ही दिया। अब छात्रों को पानी के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। स्थानीय विकास खंड के कलापुर स्थित संविलियन विद्यालय का हैंडपंप महीनो से खराब पड़ा हुआ था, जिस वजह से स्कूल के छोटे-छोटे बच्चो को लगभग विद्यालय से पांच सौ मीटर दूर पानी के लिए जाना पड़ता था। बच्चों की इस समस्या को प्रकाशित किया गया तो अधिकारियो ने मामले को संज्ञान में ले लिया। अधिकारियो के सख्त तेवर के चलते मंगलवार को स्कूल के गुरु जी ने आनन-फानन में हैंडपंप को ठीक करवा दिया। अब विद्यालय के बच्चो को पानी लाने के लिए दूर नही जाना होगा। महीनो से खराब हैंडपंप की वजह से बच्चो को परेशानियों का सामना करना पड़ता था। स्कूल के नौनिहालो को स्वयं के साथ ही गुरु जी के लिए भी पानी की व्यवस्था करनी पड़ती थी। बच्चों को पानी के लिए बगल एक पुरवे में जाना पड़ता था। हैंडपंप दुरुस्त होने पर बच्चो के चेहरे पर खुशी दिखाई दी।

# सरकारी आवास में प्रधान द्वारा सुविधा शुल्क मांगने की एसडीएम से हुई शिकायत

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** प्रधानमंत्री आवास योजना में लाभार्थी से सुविधा शुल्क मांगने के आरोप को लेकर पीड़ित ने प्रधान के खिलाफ एसडीएम से शिकायत की है। विकासखण्ड लक्ष्मणपुर के पूरे पाण्डेय पतुलकी गांव निवासी पीड़ित लाभार्थी बीपी सिंह पुत्र स्व. दान बहादुर सिंह ने लालगंज के एसडीएम उदयभान सिंह को शिकायती पत्र देकर कहा है कि उनकी पत्नी ईसरावती के नाम से प्रधानमंत्री आवास योजना के अर्न्तगत आवास के लिए आवंटन हुआ है। जिसकी पहली किश्त चालीस हजार रुपए खाते में प्राप्त हुई है। आरोप है कि प्रधान ने पीड़ित को फोन करके बुलाया और धमकी देते हुए कहा कि यदि सुविधा शुल्क के रूप में बीस हजार रुपए नही दिये तो जियो टैगिंग डिलीट करवा दूंगा। इससे तुम्हारी दूसरी किश्त नही आयेगी। पीडित के अनुसार प्रधान ने कहीं शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी भी दी है। पीडित के अनुसार उसने मामले की शिकायत पंचायत सेक्रेटरी से की लेकिन न तो कोई कार्रवाई हुई और न ही आवास की दूसरी किश्त खाते मे आ सकी। पीड़ित ने एसडीएम से मामले की जांच कराकर दोषियों के खिलाफ उचित कार्रवाई की मांग की है।

## घर में घुसकर मारपीट में पांच के खिलाफ गंभीर धाराओं मे दर्ज हुआ मुकदमा

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने घर के सामने कचरा फेंकने के विवाद को लेकर एक पक्ष से हत्या के प्रयास व दूसरे पक्ष से घर मे घुसकर मारपीट समेत कई धाराओं मे क्रास मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के अगई खास गांव के अंजनी कुमार मिश्र पुत्र रावेन्द्र कुमार मिश्र ने पुलिस को दी गई तहरीर।

## कार्यशाला में छात्र-छात्राओं को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति किया गया जागरूक

**लालगंज, प्रतापगढ़।** सगरा सुंदरपुर स्थित संजीवनी पैरामेडिकल एण्ड नर्सिंग कालेज मे मंगलवार को मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमे एक सौ पचास छात्र छात्राओं ने सहभागिता की। मनोचिकित्सक डा. एके मिश्र ने कार्यशाला मे मौजूद छात्र छात्राओं को मानसिक बीमारियों के बारे मे विस्तार से समझाते हुए उन्हें जागरूक किया। वहीं मनोवैज्ञानिक अंकित द्विवेदी ने बताया कि अक्सर ऐसा देखा जाता है कि तनाव मे रह रहा व्यक्ति जल्दी चिकित्सक के पास नहीं जाता है। उसके ऐसा करने से उसकी मानसिक बीमारी धीरे धीरे बढ़ जाती है। उन्होने छात्र छात्राओं को जागरूक करते हुए बताया कि किस प्रकार से हम प्रसन्न रहते हुए मानसिक रूप से स्वस्थ रह सकते हैं और मानसिक तनाव से बच सकते हैं। कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य डा. अनूप त्रिपाठी ने किया। कॉलेज के प्रबंधक डा. आरएस यादव ने आभार जताया। इस मौके पर कविता, नेहा सेन, अंजनी शुक्ल, आफताब आलम आदि मौजूद रहे।

# नवरात्र आज से, बेल्हा देवी मंदिर में हुई बैरीकेटिंग

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** वासंतिक नवरात्र बुधवार से शुरू हो रहा है। इसके लिये आज बाजारों में लोग पूजा सामग्री, हवन, कपूर आदि लेते रहे। इसके अलावा बेल्हा की मुख्य मंदिर बेल्हा देवी मंदिर में सबसे अधिक भीड़ होती है।

इसको देखते हुए वहां हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भीड़ को नियंत्रित करने के लिये बैरीकेटिंग की गई है। बता दें कि बेल्हा देवी मंदिर में शहर तथा आसपास के गांव से श्रद्धालुओं की भारी भीड़ बेल्हा देवी मंदिर में दर्शन करने आती



बेल्हा देवी मंदिर में हुई बैरीकेटिंग।

है। इसके लिये नगर पालिका विगत दो दिनों से मंदिर परिसर व घाटों की साफ-सफाई में लगी हुई है। आज एडीएम तथा नगर पालिका के अधिषाशी अधिकारी राम अचल कुरील ने बेल्हा देवी मंदिर व घाट की सफाई का निरीक्षण किया।

## उत्कृष्ट योगदान के लिए बेल्हा के चार साहित्यकार हुए सम्मानित

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** विज्ञान परिषद प्रयागराज द्वारा बेल्हा के चार साहित्यकारों डॉ० दयाराम मौर्य रत्न, प्रेमकुमार त्रिपाठी प्रेम, राधेश्याम दीवाना तथा लखन प्रतापगढ़ी को विज्ञान साहित्य लेखन में उत्कृष्ट योगदान देने हेतु स्मृति चिन्ह में तथा सम्मान पत्र भेंट कर परिषद के प्रेक्षागृह में सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें परिषद के प्रधानमंत्री प्रो० शिवगोपाल मिश्र, पूर्व कुलपति प्रो० कृष्ण बिहारी पाण्डेय तथा विज्ञान लेखक विजय चितौरी ने प्रदान किया। गौरतलब है कि प्रतापगढ़ के चारों साहित्यकारों ने विज्ञान कहानी, कविता, निबंध और एकांकी लेखन में वृहद उपलब्धियां हासिल की हैं। परिषद द्वारा आयोजित विज्ञान लेखकों के राष्ट्रीय सम्मेलन में प्राप्त इस उपलब्धि से साहित्यकारों ने जनपद का गौरव बढ़ाया है। एलायंस क्लब इंटरनेशनल के निदेशक रोशनलाल ऊमरवैश्य, ट्रस्टी आनन्द मोहन ओझा, विकास अधिकारी राजीव कुमार आर्य, साहित्यकार अनिल कुमार निलय, श्रीनाथ मौर्य सरस, कुंजबिहारी लाल मौर्य काकाश्री, सुभाष श्रीवास्तव समेत अनेक प्रबुद्धजनों ने सम्मानित साहित्यकारों को बधाई दी है।

## खबर संक्षेप

### वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना सदीपनघाट पुलिस बल द्वारा उत्तर प्रदेश गोवध निवारण अधिनियम से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त अफरोज पुत्र अनीस निवासी महगांव थाना संदीपनघाट को मूरतगंज कस्बा से गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

### जुआ खेलते आठ गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना कोखराज द्वारा आठ अभियुक्तों को सार्वजनिक स्थान पर हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेलते हुये गिरफ्तार कर इनके कब्जे से 52 अदद तास के पत्ते व 1730 रुपए मालफड तथा जमातलासी के दौरान 670 रुपए बरामद कर कार्यवाही की गई।

### निरोधात्मक कार्यवाही मे 7 गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में थाना मंझनपुर से एक थाना सराय अकिल से चार थाना पिपरी से दो कुल 07 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।

# शराब माफियाओं की 5 करोड़ से अधिक की संपत्ति कुर्क

## कौशाम्बी में प्रशासन ने तीन शराब माफियाओं पर की कार्यवाई

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** जिले में 3 शराब माफियाओं की 5 करोड़ से अधिक की संपत्ति जिला प्रशासन ने कुर्क की है जिला प्रशासन ने शराब माफियाओ के खिलाफ बड़ी कार्यवाही की है,प्रशासन ने पिपरी थाना क्षेत्र में तीन शराब माफिया पवन पटेल,तारा सिंह और बड़कू की सम्पति कुर्क करने के पहले प्रशासन ने मुनादी करा कर सम्पति को कुर्क किया है,लगभग 5 करोड़ से अधिक की सम्पति को प्रशासन ने कुर्क किया है। एसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि पिपरी थाना के तीन शराब माफियायो की लगभग 5 करोड़ 32 लाख रुपए की संपत्ति कुर्क की गई है। इन पर अवैध शराब की तस्करी का मामला दर्ज है और इन पर गैंगस्टर का मामला भी दर्ज किया गया था।उन सभी ने आय से अधिक संपत्ति अर्जित कर रखी थी,उन सभी पर कुर्की की कार्यवाई की गई है।



शराब माफियाओं पर कार्यवाही करती पुलिस

### हैंडपंप मरम्मत मिस्त्री को 2 वर्षों से सवा लाख बकाया रुपया नहीं दे रहे पंचायत सचिव प्रधान

**कल्यानपुर कौशांबी।** सिराथू तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत अंदावा में हैंडपंप की मरम्मत उसकी सामग्री शौचालय टैंक निर्माण राजगीर मिस्त्री महेश प्रसाद पुत्र गया प्रसाद निवासी शीतलपुर अंदावा को ग्राम प्रधान और पंचायत सचिव ने हैंडपंप मरम्मत रिबोर हैंडपंप मरम्मत में सामग्री शौचालय टैंक निर्माण और शौचालय निर्माण में लगने वाले रिंग लगाने की जिम्मेदारी दी थी राजगीर मिस्त्री ने हैंडपंप मरम्मत और शौचालय टैंक का निर्माण सामग्री लगाकर कर दिया लेकिन उसके सवा लाख रुपए की रकम अभी तक ग्राम पंचायत सचिव और प्रधान ने नहीं दी है। राजगीर मिस्त्री ने जिलाधिकारी को शिकायती प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि मजदूरों के नाम पर 10 हजार रुपए राजमिस्त्री को और उन्हें समान देने वाले दुकानदार के खाते में 19000 रुपए उसके बैंक खाते में ग्राम प्रधान पंचायत सचिव ने भेजे हैं शेष रकम एक लाख 21 हजार रुपए 20 महीने बीत जाने के बाद भी देने में आनाकानी कर रहे हैं ग्रामीणों का मानना है कि मनरेगा योजना से सामग्री और राजगीर मिस्त्री की मेहनत मजदूरी की रकम पंचायत सचिव ग्राम प्रधान ने वर्षों पूर्व बैंक खाते से निकाल ली है लेकिन राजगीर मिस्त्री को रकम नहीं दी गई है ग्राम पंचायत के भ्रष्टाचार में जिलाधिकारी ने जांच कराई तो ग्राम प्रधान और पंचायत सचिव पर गाज गिरना तय है।

## न्यूज झरोखा

### मानक विहीन घटिया सामग्री से हो रहा है नाले का निर्माण



**नारा कौशांबी।** सिराथू तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत दुबारा में सरकारी योजना से लाखों लागत के नाले के निर्माण में बड़ी धांधली उजागर हो रही है घटिया निर्माण सामग्री से नाला का निर्माण जिम्मेदारों द्वारा किया जा रहा है घटिया निर्माण के नाला में अधिकारियों ने अभी तक मामले को संज्ञान लेकर दोषियों पर कार्यवाही नहीं की है तीसरे दर्जे के पीले ईट से नाला का निर्माण करने में मजदूर लगे हैं बताया जाता है कि सीमेंट बालू के मिश्रण के बाद ईट में पानी भी नहीं डाला जाता सूखी ईट से नाले का निर्माण हो रहा है जिससे नाला बनाना ही बकवास साबित हो रहा है इलाके के लोगों ने डीएम का ध्यान आकृष्ट कराते हुए घटिया नाला निर्माण की उच्च स्तरीय जांच कराते हुए दोषियों को दंडित किए जाने की मांग की है।

**ग्राम पंचायत में नाबालिग बच्चों से लिया जा रहा है काम :** बाल श्रम पर रोक लगाने का अधिकारी और सरकार भले ही दावा कर रही हो लेकिन कौशांबी जिले के सिराथू तहसील क्षेत्र के दुबरा ग्राम पंचायत में नाला निर्माण में बाल श्रमिकों को मजदूरी करते देखा जाता है लेकिन अभी तक बाल श्रम विभाग ने दोषियों पर मुकदमा दर्ज करा कर कार्यवाही नहीं की है यह तो कुछ उदाहरण मात्र है होटल ढाबे और तमाम अन्य स्थानों पर बाल श्रमिक काम करते देखे जाते हैं लेकिन विभागीय अधिकारी मूकदर्शक बने हुए हैं आखिर बच्चों का भविष्य कैसे संवरेगा बाल श्रम पर कैसे रोक लगेगी यह तमाम सवाल विभाग की लापरवाही पर खड़े हो रहे हैं इलाके के लोगों ने डीएम का ध्यान आकृष्ट कराते हुए बाल श्रम पर रोक लगाने और बाल श्रमिकों से काम कराने वाले दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है

### जनपद के चयनित प्रमुख मंदिरों में चैत्र नवरात्रि व श्रीरामनवमी पर दुर्गा सप्तशती का पाठ

**कौशाम्बी।** शासन के निदेर्शानुसार दिनांक 22 मार्च 2023 से 30 मार्च 2023 तक चैत्र नवरात्रि के अवसर पर जनपद के चयनित प्रमुख देवीमन्दिरों/शक्तिपीठों में दुर्गा सप्तशती का पाठ, देवी गायन एवं देवी जागरण के कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। इन कार्यक्रमों में महिलाओ एवं बालिकाओ की विशेष सहभागिता होगी। दिनांक 29 से 30 मार्च अष्टमी एवं श्रीरामनवमी के अवसर पर मानव मूल्यों, सामाजिक मूल्यों व राष्ट्रीय मूल्यां के व्यापक प्रचार-प्रसार व जनसामान्य को इससे जोड़ते हुए अखण्ड रामायण पाठ का आयोजन किया जायेंगा। जिलाधिकारी सुजीत कुमार ने कार्यक्रमों को व्यवस्थित, भव्य एवं सकुशल सम्पन्न कराने के लिए शासन के निदेर्शानुसार जनपद स्तरीय, तहसील स्तरीय एवं विकास खण्ड स्तरीय समितियों का गठन करते हुए सभी खण्ड विकास अधिकारियों एवं अधिशासी अधिकारियों को अपने-अपने विकास खण्ड/नगर निकायों में चयनित मन्दिरां में कार्यक्रम का आयोजन कर सकुशल सम्पन्न कराने के निर्देश दिये हैं तथा इन कार्यक्रमों को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए जनपद स्तरीय अधिकारियों को पर्यवेक्षणीय कार्य के लिए विकास खण्डवार/नगर निकायवार ड्यूटी भी लगायी है। ज्ञातव्य है कि चैत्र नवरात्रि के अवसर पर माँ दुर्गा के नौ स्वरूपों की विधि-विधान के साथ पूजा की जाती है। वैदिक तथा पुराणां में चैत्र नवरात्रि को विशेष महत्व दिया गया है। इसे आत्मशुद्धि तथा मुक्ति का आधार माना गया है, चैत्र नवरात्रि में माँ दुर्गा का पूजन करने से नकरात्मक ऊर्जा खत्म होती है और हमारे चारों ओर एक सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है।

### एसपी ने किया सैनी कोतवाली का वार्षिक निरीक्षण

**कौशाम्बी।** मंगलवार की शाम एसपी ने सैनी कोतवाली पहुंच कर निरीक्षण किया और आवश्यक निर्देश दिए। एसपी ब्रजेश कुमार श्रीवास्तव मंगलवार की शाम को सैनी कोतवाली पहुंचे, सबसे पहले कार्यालय में अपराध रजिस्टर देखा, दर्ज मामले व उसमें पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई के संबंध में जानकारी ली। इंस्पेक्टर से वांछित व वारंटी अपराधियों की गिरफ्तारी को लेकर की गई कार्रवाई का ब्यौरा तलब किया। कंप्यूटर कक्ष, महिला हेल्प डेस्क, मैस आदि का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।



चैत्र प्रतिपदा की पूर्व संध्या पर पथ संचलन करते आरएसएस के लोग

# आरएसएस ने निकाला पथ संचलन, नगर वासियों ने की पुष्पवर्षा

## देश की एकता अखंडता को बनाए रखने के लिए संतोष कुमार ने लोगों का किया आवाहन

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा मंगलवार को पथ संचलन निकाला गया जो डायट मैदान से होकर मंझनपुर नगर के मुख्य मार्गो से होता हुआ निकला। पथ संचलन में सैकड़ों स्वयंसेवक शामिल हुए।साहस,शौर्य,धैर्य और पराक्रम के प्रतीक पथ संचलन डायट मैदान से शुरू हुआ जो सबसे पहले जिलापंचायत चौराहा से मुख्य बाजार से निकलकर तहसील गेट पहुंचा जहां से पुनः डायट मैदान आकर उसका समापन हुआ। साहस, शौर्य, धैर्य और पराक्रम के प्रतीक पथ संचलन पर नगरवासियों ने जगह जगह पुष्प बरसाए। इससे पहले मुख्यवक्ता संतोष कुमार ने देश की एकता अखंडता को बनाए रखने के लिए लोगों का आवाहन किया। उन्होंने कहा कि आज देश को एकता के सूत्र में बाधने के लिए युवाओं को आगे आना चाहिए। भारत एक हिंदू राष्ट्र है और हम लोगों को इस ओर जागरूक करने की भी आवश्यकता है। पथ संचलन में स्वयं सेवक संघ के विभाग प्रचारक संतोष कुमार, जिला प्रचारक प्रमोद कुमार, सीताराम केसरी, सूबेदार, मन. ओम दत्त त्रिपाठी, ओंकार, मायापति त्रिपाठी, कृष्णकांत, अवनीश, सुनील, सहित भारी संख्या में स्वयं सेवक शामिल हुए।

# स्वयंसेवको का कार्य ऐसा होना चाहिए जो समाज को करे प्रेरित : प्रदीप सिंह

## भवंस मेहता महाविद्यालय भरवारी में एनएसएस का सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन



कार्यक्रम में उपस्थिति स्कूली बच्चे

**भरवारी कौशाम्बी।** भवंस मेहता महाविद्यालय, भरवारी में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के अन्तर्गत सातवें दिन समापन कार्यक्रम आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि उड्ड प्रड्ड विश्वविद्यालय सम्बद्ध महाविद्यालय शिक्षक संघ के महामंत्री एवं मुनीश्वर दत्त पी०जी० कॉलेज ,प्रतापगढ़ के प्रो० प्रदीप कुमार सिंह,विशिष्ट अतिथि प्रो० राजेंद्र सिंह (रज्जू भय्या )विश्विद्यालय ,प्रयागराज सम्बद्ध महाविद्यालय शिक्षक संघ के अध्यक्ष व कुलभास्कर आश्रम पी०जी०कॉलेज प्रयागराज के प्रो० पवन कुमार पचौरी , प्रो० राजेंद्र सिंह (रज्जू भय्या ) विश्विद्यालय , प्रयागराज सम्बद्ध महाविद्यालय शिक्षक संघ के महामंत्री डॉ. विपिन कुमार, मुनिश्वरदत्त पी०जी० कॉलेज के डॉ० रंजीत पटेल महात्मा गांधी पी० जी० कॉलेज, फतेहपुर के राघवेंद्र पांडेय और प्रो० राजेंद्र सिंह (रज्जू भय्या )विश्विद्यालय ,प्रयागराज के डॉ० युवराज सिंह उपस्थित रहे।कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो० प्रबोध श्रीवास्तव ने किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ० धर्मेन्द्र कुमार अग्रहरी ने किया। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि ने सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। इसके बाद छात्र छात्राओं ने सरस्वती वंदना और स्वागत गीत गाया। इसके उपरांत मुख्य अतिथि प्रो० प्रदीप कुमार सिंह ने स्वयंसेवको को संबोधित करते हुए कहा कि आप लोग राष्ट्र का भविष्य हैं,राष्ट्रीय सेवा योजना से जुड़कर देश के विकास में आप लोग अग्रणी भूमिका निभाए, कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रो० प्रबोध श्रीवास्तव ने अतिथियों को इस शिविर में आने के लिए धन्यवाद दिया उन्होंने स्वयंसेवको को प्रेरित करते हुए कहा कि आपका कार्य ऐसा होना चाहिए जो समाज को प्रेरित करे। कार्यक्रम अधिकारी डॉ० धर्मेन्द्र कुमार अग्रहरी ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि आपने सात दिनों में बहुत कुछ सीखा ,आपसे मैंने भी कुछ सीखा जो हम लोगों ने एक दूसरे से सीखा, यही सीख हमें समाज तक पहुचानी हैं,तभी इस शिविर की सार्थकता साबित होगी। इस अवसर पर प्रो० विवेक कुमार त्रिपाठी, प्रो०पंकज, प्रो०विमलेश कुमार सिंह यादव,डॉ० अरुण कुमार सिंह,डॉ०सतीश चंद्र तिवारी,डॉ० लक्ष्मीकांत मिश्रा, डॉ० योगेश मिश्रा, श्री राहुल राय,श्री दीपक कुमार आदि उपस्थित रहे।इस अवसर पर बच्चों ने कई कार्यक्रम प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में लक्ष्मण प्रसाद का सहयोग बहुत सराहनीय रहा।

# आस्था और श्रद्धा का केंद्र है साणा नाथ बाबा कुटी भदवॉ

## नवरात्रि आगमन पर साणा नाथ बाबा कुटी की पुताई

**अखंड भारत संदेश**

**कौशांबी।** धर्म में आस्था हो तो कोई मंजिल दूर नहीं होती यह कहावत नहीं सत्यता है सिराथू विधान सभा के भदवॉ गाँव में पौराणिक साणेश्वर महादेव विराजमान राम जानकी मंदिर है जो साणा नाथ बाबा के नाम से मशहूर है और साणा नाथ बाबा कुटी में द्वापर युग का वट वृक्ष हैं जहाँ किदवंतियो में कहते हैं कि अज्ञात वास में पांडव अर्जुन ने वट वृक्ष कै नीचे वास किया वहीं पर अर्जुन और किरात भेष धारी शंकर भगवान से अर्जुन का तीन दिन तक घनघोर युद्ध हुआ और भोले नाथ अर्जुन के द्वारा प्रार्थना करने पर अपना दर्शन देते हुए कहा कि इस वट वृक्ष के नीचे आनें पर मनुष्य को शांति प्रदान होगी और उसकी हर मनोकामना पूरी होगी आज भी निसंतान लोग संतान प्राप्ति के लिए साणा नाथ बाबा वट वृक्ष कै नीचे धरन धरते है और उनकी कृपा से साल मे उन्हे संतान अवश्य प्राप्त होती है ऐसा कई दंपत्ति धरन धर कर संतान प्राप्त कर चुके हैं वहीं अगर कोई चालीस दिन तक स्थान पर झाडू लगाता है तो उसकी हर मनोकामना पूरी होती हैं तथा बीमार रोगी पागल तक साणा नाथ बाबा की कृपा से वहाँ आनें पर ठीक हो जाते है यह सब करके तमाम लोग अपनी मनोकामना पूरी कर चुके हैं कालांतर में उत्तर प्रदेश के यशस्वी उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य भी सिराथू अपने अवास से सायकिल से चलकर मंगल वार को वह साणा नाथ बाबा कुटी भदवॉ में हनुमान चालीसा का पाठ करते थे जिसे गाँव के तमाम लोग बैठ कर सुनते थें केशव ने वहाँ एक मिट्टी का चबूतरा अपने हाथों से बनाया था और उसी पर बैठ कर हनुमान चालीसा का पाठ करते थे उस समय वह विश्व हिन्दू परिषद के सक्रिय कार्य कर्ता थे और महंत गौ लोक वासी राम चरण दास स्वराजी बाबा महराज थे वहीं नजदीकी गाँव बालक मऊ के निवासी लल्लन शुक्ला ने कभी साणा नाथ बाबा कुटी की साफ सफाई कर पुतवाने की बात कही थी अपनी जुबान में कायम लल्लन शुक्ला नवरात्रि के दो दिन पूर्व 20 मार्च से अपने साथ पुताई करने वालों को लेकर कुटी की पुताई शुरू करवाऐ और वहाँ के खराब हैण्ड पंप को भी चैन लगवाकर ठीक कराये तथा भविष्य में साणा नाथ बाबा में बिगडी हुए कमरों को बनवाने के संकल्प को दोहराते हुए कहा कि अगर साणा नाथ बाबा की कृपा रही तो मैं यहाँ यह भी करूँगा जिससे भक्त लोगों में अपार खुशी है क्षेत्रीय सांसद बिनोद सोनकर से भी बाबा के भक्तों ने उम्मीद लगाई है कि वहाँ विद्युती करण कराने में योगदान देंगे वहाँ बिजली नहीं हैं जिससे अंधेरा रहता है वर्तमान में स्वराजी बाबा महराज के कृपा पात्र शिष्य राजेन्द्र दास महंत है और पूजा पाठ भंडारे आदि का अयोजन करते रहते है और लल्लन शुक्ला बालक मऊ को अपना आशीर्वाद प्रदान करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्य मंत्री योगी आदित्य नाथ बाबा के सपनों को साकार करने वालों की सदा विजय ही होगी।

### डॉक्टर के घर से लाखों के जेवरात उठा ले गए बेखौफ चोर

**कौशांबी।** मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के खैरात अली चक गांव में बीती रात एक डॉक्टर के घर में घुसे बेखौफ चोर लाखों रुपए कीमत के सोने चांदी के जेवरात उठा ले गए हैं मामले की सूचना भुक्तभोगी ने मंझनपुर कोतवाली पुलिस को दी है इसके पहले भी 14 जनवरी को इलाके में चोरी की बड़ी घटना को गिरोह के सदस्यों ने अंजाम दिया था लेकिन उस घटना का खुलासा पुलिस नहीं कर सकी है। जानकारी के मुताबिक मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के खैरात अली चक गांव निवासी डॉ दिलीप सिंह पुत्र प्रेम सिंह के घर में उनके वृद्ध माता-पिता रहते हैं 20 मार्च की रात में घर में घुसे चोरों ने उनके घर से कई तोला सोने चांदी के जेवर व अन्य सामान उठा ले गए हैं लाखों कीमत की चोरी के बाद परिवार के लोग परेशान हो गए हैं मामले की सूचना मंझनपुर कोतवाली पुलिस को दी गई है लेकिन खबर लिखे जाने तक पुलिस चोरी की घटना में किसी नतीजे तक नहीं पहुंच सकी है।

# भव्य कलश यात्रा में उमड़ा आस्था का जनसैलाब

**अखंड भारत संदेश**

**अझुवा कौशाम्बी।** नगर पंचायत अझुवा कस्बे में मंगलवार महिला पुरुष बच्चे श्रद्धालु सड़क पर नाचते गाते सिर पर कलश लेकर पूरे नगर क्षेत्र में जय श्री राम ,राधे राधे का जयकारा लगाते हुए कलश यात्रा निकाली है यह यात्रा दीप पैलेस वार्ड नंबर 8 से निकलकर अझुवा नगर क्षेत्र के नवीन मंडी समिति में स्थित शिव मंदिर में पूजा अर्चना कर मंडी गेट के पास मां दुर्गा की आरती करते हुए टांडा मोड़ पर पहुंची यात्रा भ्रमण करते हुए समाजसेवी दीपक माले के आवास पर जलपान करते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग पर वापस लौटी है राष्ट्रीय राजमार्ग पर सुनील साहू के प्रतिष्ठान पर सभी भक्तों को जलपान मिष्ठान वितरण कर सुनील साहू सपत्नी कलश यात्रा में शामिल राष्ट्रीय बाल संत अनुराग शरण महाराज का आशीर्वाद लिया है तत्पश्चात कलश यात्रा भोला चौराहा होते हुए नगर पंचायत के शायरी माता चौराहा से सब्जी मंडी , विमल पते के यहां जलपान,सनई मंडी में डॉ रामप्रताप केशरवानी ,अंतिम अग्रहरी के आवास पर जल पान ,विवेक किराना स्टोर,दीपक साहू के प्रतिष्ठान में श्रद्धालुओं को जल पान कराया गया कलश यात्रा भ्रमण करते हुए वापस दीप पैलेस पहुंची है। पीले वस्त्रों और चुनरी धारण किये हुए महिलाओं ने सिर पर कलश और नारियल दीप पैलेस से रखकर प्रभु का स्मरण करते हुए भक्ति मय वातावरण भक्ति संगीत के साथ नृत्य करते कथा स्थल तक लायी हैं इस कलश यात्रा को देखने के लिए सड़को और अपनी घरों की छतों से लोगों ने देखकर कार्यक्रम की सफलता को लेकर प्रभु से कामना की है फिजां में एक ही मधुर स्वर गूंजता रहा राधे राधे जय श्री राम। राष्ट्रीय बाल संत अनुराग शरण महाराज ने बताया दीप पैलेस अझुवा में 9 दिवसीय संगीतमय कथा प्रेम यज्ञ का शुभारंभ हुआ है इस कथा का आयोजन नगर क्षेत्र के श्रद्धालुओं एवं समाज सेवकों द्वारा किया जा रहा है इस कथा का कोई एक मुख्य अगुआ नहीं है नगर क्षेत्र के सम्मानित श्रद्धालु इस कथा का आयोजन कर रहे हैं समाजसेवी सुनील साहू एवं कलश यात्रा का संचालन करने वाले उदय अग्रहरि ने बताया अंतरराष्ट्रीय कथा वाचिका श्रद्धेय इंदुमती रामायणी एवं राष्ट्रीय बाल संत अनुराग शरण महाराज अयोध्या धाम के मुखारविंद से 21 मार्च से 31 मार्च तक अमृत मई कथा की वर्षा होगी श्री राम कथा प्रेम यज्ञ एवम सामूहिक रुद्राभिषेक कार्यक्रम शाम 3:00 बजे से शाम 7:30 बजे तक होगा कथा का समापन 31 मार्च दिन शुक्रवार को होगा इस कलश यात्रा के दौरान नगर पंचायत अझुवा के अमित केसरवानी प्रोपराइटर अमित केसरवानी,अखिलेश केसरवानी, ओमप्रकाश कुशवाहा,मंगल प्रसाद मौर्य , राजाराम वैश्य, गुड्डू दराना, दीपक माले,फूल चन्द्र केसरवानी, प्रदीप साहू,दीपक साहू, सुनील साहू, मनोज साहू, अशोक गौतम, गया अग्रहरी, उदय अग्रहरी, होरीलाल साहू, मुन्ना जहाजी, शारदा प्रसाद वर्मा, विपिन मोदनवाल, मयंक कुमार, बसंत लाल केसरवानी, मनोज अग्रहरी, विमल पुच्ची, आनंद केसरवानी, अखिल मोदनवाल, रामबाबू मोदनवाल, अनुराग केसरवानी,राजू केसरवानी, शिव शक्ति कुशवाहा, ज्ञान पाल, डॉ राकेश सिंह भरत मेमोरियल हॉस्पिटल ग्रुप और उनकी पूरी टीम सहित नगर के तमाम गणमान्य श्रद्धालु साथ मे अपार महिलाओं की उपस्थिति रही है इस कलश यात्रा के जयघोष से पूरा नगर क्षेत्र गुंजायमान रहा है।इस दौरान किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए अझुवा चौकी पुलिस तत्पर रही है।



# शिक्षा विभाग में घोटाले के बाद आरोपियों की नहीं हुई गिरफ्तारी

**अखंड भारत संदेश**

**कई पंचायत सचिव पर पूर्व में घोटाले के मामले में दर्ज हो चुके हैं थाने में मुकदमा लेकिन नहीं हुई गिरफ्तारी**




**जेल भेजना बर्खास्त करना और संपत्तियों को नीलाम कर सरकारी रकम की वसूली करने के मामले में भी अधिकारी हैं लापरवाह**

**कौशांबी।** सरकारी कर्मचारी और अधिकारियों द्वारा सरकारी खजाने में घोटाले कर आलीशान हवेली खड़ी की जा रही है लेकिन उसके बाद भी घोटाले बाजों की नकेल कसने में प्रशासन गंभीर नहीं हो सका है जांच के दौरान घोटाला उजागर होने के बाद भी आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर पुलिस सब कुछ भूल जाती है जिम्मेदार अधिकारी भी घोटाले बाजों पर कार्यवाही की फाइल आगे नहीं बढ़ा पाती हैं मुकदमा दर्ज किए जाने के बाद भी आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हो रही है उन्हें जेल नहीं भेजा जा रहा है उनकी संपत्तियों को नीलाम करा कर सरकारी रकम को खजाने में फिर नहीं जमा कराया जा रहा है। एक तरफ योगी सरकार भ्रष्टाचार मुक्त शासन की बात कर रही है भ्रष्टाचारियों के घरों पर बुलडोजर चलाने की बात योगी सरकार कर रही है लेकिन कौशांबी में भ्रष्टाचार में लिप्त लोग मौज मस्ती कर रहे हैं और आला अधिकारी भी मामले को लेकर गंभीर नहीं दिखाई पड़ रहे हैं लोगों ने डीएम एसपी का ध्यान आकृष्ट कराते हुए घोटाले बाजों की गिरफ्तारी कराना उनकी संपत्तियों को नीलाम कराना और घोटाले बाजों को बर्खास्त कर उनको जेल भेजने की मांग की है। बेसिक शिक्षा विभाग में फर्जी नियुक्तियां कर वेतन दिए जाने के मामले का खुलासा होने के बाद कई लोगों पर महीनों पूर्व मंझनपुर कोतवाली में शिक्षा अधिकारियों ने मुकदमा दर्ज कराया था मुकदमा दर्ज करने के बाद कुछ दिनों तक तो घोटालेबाज फरार रहे लेकिन बाद में आरोपियों का भय समाप्त हो गया है अब खुलेआम घूम रहे हैं नामजद मुकदमा दर्ज होने के बाद आरोपियों की गिरफ्तारी पुलिस ने नहीं की है जबकि इन पर फर्जी तरीके से सरकारी धन हड़प करने का आरोप जांच के दौरान प्रमाणित हो चुका है सरकारी रकम में हेरा फेरी धांधली के मामले में गिरफ्तारी न करने के मामले में पुलिस का यह पहला खेल नहीं है इसके पहले भी कोखराज थाना में पंचायत सचिव अर्चना सरोज सहित कई लोगों पर लाखों गबन का मुकदमा दर्ज हुआ था वर्षों बीत जाने के बाद भी पंचायत सचिव सहित अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी पुलिस नहीं कर सकी है इसके अलावा भी कई थाना क्षेत्रों में सतीश चौधरी समेत कई पंचायत सचिव पर सरकारी रकम में हेराफेरी कर सरकारी रकम गबन करने की जांच के बाद आरोप प्रमाणित होने पर मुकदमा दर्ज हो चुका है मुकदमा दर्ज करने के बाद भी सरकारी नुमाइंदों की गिरफ्तारी पुलिस नहीं कर रही है आखिर कहां से मामले में दबाव पड़ रहा है जिससे घोटाले बाजों की गिरफ्तारी पुलिस नहीं कर पाती है आखिर कैसे सरकारी खजाना सुरक्षित रहेगा सरकारी खजाने की रकम हेराफेरी करने के मामले में कर्मचारियों की मनोदशा पर कैसे विराम लगेगा यदि आरोपों की पुष्टि होने के बाद आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होगी उन्हें जेल नहीं भेजा जाएगा उनसे सरकारी रकम की रिकवरी नहीं कराई जाएगी तो कौशांबी में सरकारी खजाना कैसे सुरक्षित रहेगा आला अधिकारियों को इस मामले में गंभीरता दिखाते हुए घोटाले बाजों की गिरफ्तारी करानी होगी उन्हें जेल भेजना होगा उनकी संपत्तियों को कब्जा करके उसकी नीलामी कर सरकारी रकम की भरपाई सरकारी खजाने में करनी होगी लेकिन जिले में ऐसा होता नहीं दिख रहा है जिससे सरकारी रकम में घोटाला करने वालों के हौसले बुलंद है।

### रात में पकड़े गए चोर को पेड़ से बांधकर पीटा, वीडियो वायरल

**कौशाम्बी।** जिले में युवक को पेड़ से बांधकर मारपीट का एक वीडियो सोसल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है,वायरल वीडियो में पेड़ से बंधे युवक को लोग डंडों से पीट रहे है ।ग्रामीणों ने देर रात युवक को चोरी की घटना को अंजाम देने के आरोप में पकड़ा था ,जिन्हे ग्रामीणों ने पेड़ और खंभे में बांध कर पिटाई की है ।वायरल वीडियो सैनी कोतवाली का बताया जा रहा है, वायरल वीडियो मामले में एएसपी समर बहादुर सिंह ने कहा जांच कर कार्यवाई की जायेगी।

### ट्रेन की चपेट में आने से अधेड़ की मौत

**हर्रायपुर कौशाम्बी।** संदीपन घाट थाना क्षेत्र के अंतर्गत महँगाव रेलवे क्रॉसिंग के पास खेत देखने गया व्यक्ति की ट्रेन की चपेट में आ गया है जिससे उसकी दर्दनाक मौत हो गई है। जानकारी के अनुसार धर्मपाल पुत्र स्वर्गीय हीरालाल उम्र 43 वर्ष निवासी महँगाव आज मंगलवार को खेत की फसल देखने गए थे घर वापस आते समय रेल लाइन क्रास करते समय वह ट्रेन की चपेट में आ गए जिससे उनकी मौत हो गई मौके पर संदीपन घाट थाना इंचार्ज राकेश कुमार राय ने पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है हादसे की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया है।

# मण्डल में प्रथम स्थान प्राप्त करने के लिए एलआईसी शाखा प्रबंधक ने लगाई कर्मचारियो की क्लास

**अखंड भारत संदेश**



बैठक करते शाखा प्रबंधक

**भरवारी कौशाम्बी।** नगर पालिका परिषद भरवारी अंतर्गत मेहता रोड स्थित भारतीय जीवन बीमा निगम कार्यालय में शाखा प्रबंधक रामसुंदर केसरवानी ने कर्मचारियो की क्लास लगाई है। बता दे कि भारतीय जीवन बीमा निगम भरवारी व्यवसाय को लेकर हमेशा सुर्खियों में रहा है ' इसी क्रम मे आज प्रबंधक राम सुंदर केसरवानी ने व्यापार को कैसे और आगे बड़ाया जाय ' वैसे भी व्यापार में जनपद में नंबर एक पर रहने वाली बीमा कंपनी अपने आप में प्रति वर्ष नए नए कीर्ति मान स्थापित करती जा रहीं है इसी को धयान में रखते हुई नए वर्ष में मंडल में प्रथम स्थान प्राप्त करने के लिए करो या मरो की स्थित में भी पूरी दम खम लगाकर सभी कर्मचारियो की बैठक कर आज से ही सभी को कड़ी मेहनत कर मंडल में प्रथम स्थान पाने के अपना अपना लक्ष निर्धारित कर लक्ष्य तक पहुंचने के लिए प्रेरित किया है। इसके लिए सभी कर्मचारियो एवम अधिकारियों को अपने अपने स्तर से सभी अभिकताओं को फील्ड में ग्राहकों को अपने पक्ष में करने के लिए मधुर वचन एवम मृदभाषी बनने का गुरु मंत्र दिया है जिससे ग्राहक का मन वा धन जीत कर व्यापार करना है इसके लिए फील्ड में अभिकताओं को कोई भी परेशानी आती है तो उसको आधिकारी संज्ञान लेकर उक्त परेशानी को दूर कर अभिकताओं का मनोबल बढ़ाने का कार्य करें। ऐसे में प्रबंधक केसरवानी के मिशन में तेवर तल्ख दिखे औरउन्होंने कहा कि व्यापार से कोई समझौता नहीं होगा हमारा मकसद ही मंडल में प्रथम स्थान प्राप्त करना है 'इस मौके पर एस के सिंह मंजर वारसी सहायक शाखा प्रबंधक विवेक शर्मा सहायक प्रसासनिक आधिकारी हीरा लाल सहायक प्रसासनिक आधिकारी एवम समस्त महीला आधिकारी कर्मचारि मौजूद रही।

संपादकीय

## चुनावी निरंकुशतंत्र बनाम आलोचना की स्वतंत्रता

राजेंद्र शर्मा

**बहरहाल**, राहुल गांधी और उनका लंदन का कैंब्रिज यूनिवर्सिटी का भाषण, भारत में जनतंत्र का गला घोंटने की मोदी निजाम की इस मुहिम का बहाना जरूर बना है, लेकिन इस मुहिम का निशाना और बहुत बड़ा है, बहुत आगे तक जाता है। हमने पीछे देखा कि किस तरह मोदी राज में, संसदीय व्यवस्था में चर्चा और संवाद का गला घोंटकर, उसे वर्तमान राज के निर्णयों पर ठप्पा लगाने वाली मोहर बनाकर रख दिया गया है। स्वीडन की गोथेनबर्ग यूनिवर्सिटी के वीडैम इंस्टीट्यूट का वर्तमान भारतीय व्यवस्था का 'चुनावी निरंकुशतंत्र' के रूप में चरित्रांकन, इस सचाई को बखूबी पकड़ता है। बजट सत्र के उत्तरार्द्ध के आरंभ से सत्ताधारी पार्टी ने पहले पूरे हफ्ते जो किया है और दूसरे हफ्ते में भी जिसे जारी रखने पर तुली नजर आती है, जैसा कि आम तौर पर सभी टिप्पणीकारों ने दर्ज किया है, बेशक स्वतंत्र भारत के संसदीय इतिहास में अकल्पित-अभूतपूर्व है। यह निर्विवाद है कि यह पहली ही बार है जब खुद सत्ताधारी पार्टी द्वारा संसद को नहीं चलने दिया जा रहा है। सच तो यह है कि यह खुद मोदी राज के अपने रिकार्ड के हिसाब से भी यह अभूतपूर्व है। बेशक, मोदी राज ने इस सुस्थापित संसदीय परंपरा को तोड़ने की शुरूआत तो काफी पहले ही कर दी थी कि तरह-तरह से विरोध जताना, संसदीय काम-काज को रुकवाकर अपनी बात सुनाने की कोशिश करना, विपक्ष के ही विशेषाधिकार हैं, जिनके जरिए वह संसद को कार्यपालिका के बहुमत के लिए, रबर ठप्पा बनने से बचाता है। जाहिर है कि इस परंपरा के सर्वमान्य होने के पीछे, स्वतंत्रता के बाद से आयी प्रायः सभी सरकारों की यह मनवाने की इच्छा भी थी कि उनके पीछे सिर्फ संख्या बल ही नहीं है। उनके पीछे तर्क/ विवेक सिद्ध होने का नैतिक-बौद्धिक बल भी है। इसी की अभिव्यक्ति, संसद के दोनों सदनों में उपाध्यक्ष/ उपसभापति के पद, विपक्षी पांतों के लिए छोड़ने व विपक्ष के नेता को विशेष दर्जा देने से लेकर, संसद के विधायी कार्य के लिए उभयपक्षीय संसदीय कमेटियों का काफी सहारा लेने व अनेक संसदीय स्थायी समितियों में अध्यक्षता विपक्ष को सौंपने समेत, संसदीय समितियों के काम-काज को तीखे दलीय विभाजनों से ऊपर रखने के सचेत प्रयास तक, अनेकानेक संसदीय परंपराओं में होती है। जाहिर है कि यही सब, तीखे राजनीतिक विभाजनों के बावजूद संसद को, एक हद तक वास्तविक बहस व विचारमंथन का मंच बनाता था, जहां पी चिदंबरम द्वारा हाल ही में अपने एक लेख याद दिलाए गए फिकरे का सहारा लें तो– 'सुनी विपक्ष की जाती थी, चलती सरकार की थी।' मोदी के राज के करीब नौ साल में किस तरह संसद की वास्तविक बहस व विचारमंथन के मंच की भूमिका की तमाम गुंजाइशें खत्म कर, उसे कार्यपालिका के बहुमत के लिए रबर के ठप्पे में ही घटाया गया है और इस तरह संसद को, सत्तापक्ष के संख्याबल के भोंडे प्रदर्शन का ही मैदान बना दिया गया है, वह शायद ही किसी से छुपा रहा है। लोकसभा में सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी को, एक खास कट ऑफ के बहाने से आधिकारिक रूप से विपक्षी दल की मान्यता ही नहीं देने से लेकर, लोकसभा में डिप्टी स्पीकर का पद खाली ही रखने व राज्यसभा में सत्तापक्ष-समर्थक 'अन्य' के अपने मनपसंद को उपाध्यक्ष पद पर प्रतिष्ठित करने और ज्यादातर संसदीय समितियों की अध्यक्षता सत्तापक्ष द्वारा हथिआए जाने से लेकर, उनमें सत्तापक्ष का प्रचंड बहुमत सुनिश्चित किए जाने और कुल मिलाकर संसदीय समितियों को उभयपक्षीयता की जगह, उन्हें कार्यपालिका के और वास्तव में उससे भी बढ़कर सत्तापक्ष के भौंपुओं में तब्दील किया जाना तक, इसी के संकेतक हैं। हैरानी की बात नहीं है कि मोदी राज में संसद में, बिना बहस के महत्वपूर्ण विधेयक पारित कराए जाने का कलंकपूर्ण रिकार्ड ही नहीं बना है, तीन कृषि कानूनों तथा चार श्रम संहिताओं के रूप में, मेहनतकश जनता के विशाल तबकों के जीवन को सीधे प्रभावित करने वाले ऐसे कानूनों पर जबरन बिना बहस के ठप्पा लगाने का भी रिकार्ड बना है, जिन्हें जन-विरोध के चलते बाद में या तो वापस ही लेना पड़ा है या अमल से दूर रखना पड़ा है। बाद वाले कानूनों के कुख्यातिपूर्ण रिकार्ड में चाहें तो सीएए कानून को भी जोड़ सकते हैं। संसद के बैठने के दिनों की संख्या भी मोदी राज में लगातार घटती गयी है। वास्तव में यह उस गुजरात मॉडल का ही देश के पैमाने पर अवतरण है, जिसे गुजरात के अपने बारह साल के शासन में मुख्यमंत्री की हैसियत से नरेंद्र मोदी ने मजबूती से स्थापित किया था। इसी सब के क्रम में मोदी राज में, संसदीय व्यवस्था की इस सामान्य धारणा को नकारते हुए कि सदन चलाना सत्तापक्ष की जिम्मेदारी होती है, सत्ताधारी पार्टी द्वारा संसद में शोर-शराबा व हंगामा किए जाने और यहां तक कि संसद ठप्प किए जाने की भी शुरूआत तो बहुत पहले ही हो गयी थी। फिर भी, इस बार के बजट सत्र के उत्तरार्द्ध के शुरू से जो हुआ है, उस हद तक इससे पहले खुद मोदी राज में भी कभी सत्ताधारी पार्टी ने संसद को ठप्प नहीं किया था। लेकिन, यह सत्ताधारी पार्टी के हिसाब से असाधारण परिस्थितियों में असाधारण उपाय के आजमाए जाने का ही मामला है। इसका संबंध, प्रधानमंत्री मोदी के मित्र, अडानी पर लगे अपने शेयरों का बाजार भाव मैनिपुलेट करने से लेकर, संदिग्ध तरीकों से धन जुटाने से होकर, सरकार से अवैध लाभ लेने तक के आरोपों की, एक संयुक्त संसदीय समिति से जांच कराने की, विपक्ष द्वारा लगभग एक स्वर से उठायी जा रही मांग को, दबाने की हड़बड़ी से है। बेशक, इससे पहले भी चाहे सीएए का मामला हो या किसान आंदोलन, रफाल सौदे का मामला हो या पेगासस के इस्तेमाल का, हरेक बड़े मामले में मोदी के राज में संसद में समुचित चर्चा होने ही नहीं देने के जरिए, वर्तमान सरकार को जवाबदेही से बचाने का पूरा इंतजाम किया गया है। लेकिन, इनमें से हरेक मामले में, सत्तापक्ष के बहुमत का ही सहारा लेकर, संसद में इन मुद्दों पर वास्तविक चर्चा का रास्ता रोका जा रहा था और इसके चलते, इन मुद्दों को बलपूर्वक रेखांकित करने के लिए, विपक्ष को ही समुचित बहस की मांग को लेकर संसद की कार्रवाई को, अलग-अलग मौकों पर ठप्प करना पड़ा था। लेकिन, इस बार सत्तापक्ष संसद में इस मुद्दे को किसी भी सूरत में उठने ही नहीं पर बजिद है।

# भारत की प्राचीन जल संस्कृति को जीवंत करें

ललित गर्ग

**जल** प्रदूषण एवं पीने के स्वच्छ जल की निरन्तर घटती मात्रा को लेकर बड़े खतरे खड़े हैं। धरती पर जीवन के लिये जल सबसे जरूरी वस्तु है, जल है तो जीवन है। जल ही किसी भी प्रकार के जीवन और उसके अस्तित्व को संभव बनाता है। जीव मंडल में पारिस्थितिकी संतुलन को यह बनाये रखता है। पीने, नहाने, ऊर्जा उत्पादन, फसलों की सिंचाई, सीवेज के निपटान, उत्पादन प्रक्रिया आदि बहुत उद्देश्यों को पूरा करने के लिये स्वच्छ जल बहुत जरूरी है। जिन पाँच तत्वों को जीवन का आधार माना गया है, उनमें से एक तत्व जल है। जल के बिना जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती। मानव एवं जीव-जन्तुओं के अलावा जल कृषि के सभी रूपों और अधिकांश औद्योगिक उत्पादन प्रक्रियाओं के लिये भी बेहद आवश्यक है। परंतु आज पूरी दुनिया जल-संकट के साए में खड़ी है। अनियोजित औद्योगीकरण, बढ़ता प्रदूषण, घटते रेगिस्तान एवं ग्लेशियर, नदियों के जलस्तर में गिरावट, पर्यावरण विनाश, प्रकृति के शोषण और इनके दुरुपयोग के प्रति असंवेदनशीलता पूरे विश्व को एक बड़े जल संकट की ओर ले जा रही है। इन सभी समस्याओं से दुनिया को अवगत कराने एवं सबको जागरूक करने के लिए 1993 से प्रतिवर्ष 22 मार्च को विश्व जल दिवस मनाया जाता है। इसका उद्देश्य विश्व के सभी देशों में स्वच्छ एवं सुरक्षित जल की उपलब्धता सुनिश्चित करवाना है साथ ही जल संरक्षण के महत्व पर भी ध्यान केंद्रित करना है। आप सोच सकते हैं कि एक मनुष्य अपने जीवन काल में कितने पानी का उपयोग करता है, किंतु क्या वह इतने पानी को बचाने का प्रयास करता है? दुनिया की आबादी आठ अरब से अधिक हो चुकी है। इसमें से लगभग आधे लोगों को साल में कम से कम एक महीने पानी की भारी कमी का सामना करना पड़ता है। जलवायु परिवर्तन के कारण 2000 से बाढ़ की घटनाओं में 134 प्रतिशत वृद्धि हुई है और सूखे की अवधि में 29 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। पानी के संरक्षण और समुचित उपलब्धता को सुनिश्चित कर हम पर्यावरण को भी बेहतर कर सकते हैं तथा जलवायु परिवर्तन की समस्या का भी समाधान निकाल सकते हैं। पैकेट और बोतल बन्द पानी आज विकास के प्रतीकचिह्न बनते जा रहे हैं और अपने संसाधनों के प्रति हमारी लापरवाही अपनी मूलभूत आवश्यकता को बाजारवाद के हवाले कर देने की राह आसान कर रही है। विशेषज्ञों ने जल को उन प्रमुख संसाधनों में शामिल किया है, जिन्हें भविष्य में प्रबंधित करना सबसे चुनौतीपूर्ण कार्य होगा। सदियों से निर्मल जल का स्त्रोत बनी रहीं नदियाँ प्रदूषित हो रही हैं, जल संचयन तंत्र बिगड़ रहा है, और भू-जल स्तर लगातार घट रहा है। धरती पर सुरक्षित और पीने के पानी के बहुत कम प्रतिशत के आंकलन के द्वारा जल संरक्षण या जल बचाओ अभियान हम सभी के लिये बहुत जरूरी हो चुका है। औद्योगिक कचरे की वजह से रोजाना पानी के बड़े स्त्रोत प्रदूषित हो रहे हैं। जल को बचाने में अधिक कार्यक्षमता लाने के लिये सभी औद्योगिक बिल्डिंगें, अपार्टमेंट्स, स्कूल, अस्पतालों आदि में बिल्डरों के द्वारा उचित जल प्रबंधन व्यवस्था को बढ़ावा देना चाहिये। पीने के पानी या साधारण पानी की कमी के द्वारा होने वाली संभावित समस्या के बारे में आम लोगों को जानने के लिये जागरूकता कार्यक्रम चलाया जाना चाहिये। जल की बबार्दी के बारे में लोगों के व्यवहार को मिटाने के लिये इसकी त्वरित जरूरत है। इसी सप्ताह संयुक्त राष्ट्र के मुख्यालय में जल सम्मेलन आयोजित हो रहा है, जिसमें सभी के लिए जल और स्वच्छता उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण चर्चा होगी। पानी धरती पर जीवन के अस्तित्व के लिए आधारभूत आवश्यकता है। आबादी में वृद्धि के साथ पानी की खपत बेतहाशा बढ़ी है, लेकिन पृथ्वी पर साफ पानी की मात्रा कम हो रही है। जलवायु परिवर्तन और धरती के बढ़ते तापमान ने इस समस्या को गंभीर संकट बना दिया है। इस सम्मेलन में सरकार, उद्योग जगत और अंतरराष्ट्रीय संस्थानों के लिए लक्ष्य तो निर्धारित किये ही जायेंगे, साथ ही आम लोगों को पानी बचाने के मुहिम से जोड़ने के लिए भी कारगर कार्ययोजना बनाने पर विचार होगा। दुनिया के कई हिस्सों की तरह भारत भी जल संकट का सामना कर रहा है। वैश्विक जनसंख्या का 18 प्रतिशत हिस्सा भारत में निवास करता है, लेकिन चार प्रतिशत जल संसाधन ही हमें उपलब्ध है।



साथ ही, नल से जल, नदियों की सफाई, अतिक्रमण हटाने जैसे प्रयास प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हो रहे हैं। जल संरक्षण की दिशा में बड़ी पहल करते हुए केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय ने इस वर्ष जनवरी में राज्यों के जल मंत्रियों का सम्मेलन आयोजित किया था। अब यह सम्मेलन हर साल आयोजित किया जाएगा

भारत में जल-संकट की समस्या से निपटने के लिये प्राचीन समय से जो प्रयत्न किये गये है, वे दुनिया के लिये मार्गदर्शक हैं। देश के सात राज्यों के 8220 ग्राम पंचायतों में भूजल प्रबंधनों के लिए अटल भूजल योजना चल रही है। स्थानीय समुदायों के नेतृत्व में चलने वाला यह दुनिया का सबसे बड़ा कार्यक्रम है।

साथ ही, नल से जल, नदियों की सफाई, अतिक्रमण हटाने जैसे प्रयास प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हो रहे हैं। जल संरक्षण की दिशा में बड़ी पहल करते हुए केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय ने इस वर्ष जनवरी में राज्यों के जल मंत्रियों का सम्मेलन आयोजित किया था। अब यह सम्मेलन हर साल आयोजित किया जाएगा। इसके उद्घाटन के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उचित ही रेखांकित किया कि सभी राज्यों को मिलकर काम करना होगा तथा जल संरक्षण एवं उपयोग किये गये पानी को फिर से इस्तेमान में लाने के उपाय करने होंगे। हमारे यहां जल बचाने के मुख्य साधन है नदी, ताल एवं कूप। इन्हें अपनाओं, रक्षा करो, अभय दो, इन्हें मरुस्थल के हवाले न करो। अन्तिम समय यही तुम्हारे जीवन और जीवनी को बचायेंगे। ख्यात पर्यावरणविद अनुपम मिश्र तो ह्यअब भी खरे है तालाबह्व कहते कहते स्वर्गस्थ हो गये। आज आवश्यकता इस बात की है कि विश्व जल दिवस की मूल भावना को अपने दैनिक जीवन में उतारकर हर व्यक्ति, हर दिन जल संरक्षण का यथासंभव प्रयास करे।
गाँव के स्तर पर लोगों के द्वारा बरसात के पानी को इकट्ठा करने की शुरूआत करनी चाहिये। उचित रख-रखाव के साथ छोटे या बड़े तालाबों को बनाने के द्वारा बरसात के पानी को बचाया जा सकता है। धरती के क्षेत्रफल का लगभग 70 प्रतिशत भाग जल से भरा हुआ है। परंतु, पीने योग्य जल मात्र तीन प्रतिशत है। इसमें से भी मात्र एक प्रतिशत मीठे जल का ही वास्तव में हम उपयोग कर पाते हैं। पानी का इस्तेमाल करते हुए हम पानी की बचत के बारे में जरा भी नहीं सोचते, जिसके परिणामस्वरूप अधिकांश जगहों पर जल संकट की स्थिति पैदा हो चुकी है। जल का संकट एवं विकट स्थितियां अति प्राचीन समय से बनी हुई है। इसी कारण राजस्थान, गुजरात, मध्यप्रदेश आदि प्रांतों में जल संरक्षण के लिये नाड़ी, तालाब, जोहड़, बन्धा, सागर, समंद एवं सरोवर आदि बनाने की प्राचीन परम्परा रही है।

राजा-महाराजाओं तथा सेठ-साहूकारों ने अपने पूर्वजों की स्मृति में अपने नाम को चिरस्थायी बनाने के उद्देश्य से इन प्रदेशों के विभिन्न भागों में कलात्मक बावड़ियों, कुओं, तालाबों, झालरों एवं कुंडों का निर्माण करवाया। जहाँ प्रकृति एवं संस्कृति परस्पर एक दूसरे से समायोजित रही हैं। राजस्थान के किले तो वैसे ही प्रसिद्ध हैं पर इनका जल प्रबन्धन विशेष रूप से देखने योग्य है और अनुकरणीय भी हैं। जल संचयन की परम्परा वहाँ के सामाजिक ढाँचे से जुड़ी हुई हैं तथा जल के प्रति धार्मिक दृष्टिकोण के कारण ही प्राकृतिक जलस्त्रोतों को पूजा जाता है।

# अमेरिकी बैंक पर संकट का भारत पर असर

**2008** को आई वैश्विक मंदी की चर्चा एक बार फिर आर्थिक जगत में हो रही है। 15 सितंबर 2008 में जब लेहमैन ब्रदर्स बैंक डूबा था तो उसने दुनियाभर में भारी आर्थिक तबाही मचा दी थी। कई और बैंक उस वजह से डूब गए थे। बैंकों पर आए इस संकट का असर कारोबारी जगत पर पड़ा और आगे नौकरियों को इसने लील लिया। एक झटके में बेरोजगारों की संख्या बढ़ गई। दुनिया को फिर से पटरी पर लौटने में वक्त लगा। लेकिन उसके बाद कोरोना ने आर्थिक संकट खड़ा किया। उस झटके से लोग अब तक उबर ही रहे हैं कि एक बार फिर से बैंकिंग क्षेत्र को लेकर दुनिया भर में बेचैनी महसूस की गई। निवेशक बढ़ती ब्याज दरों की चुभन को कई दिनों से महसूस कर रहे थे। और इस चुभन के बीच खबर आई कि अमेरिका में 9 मार्च को सिल्वरगेट कैपिटल कॉरपोरेशन बैंक डूबा और 10 मार्च को सिलिकॉन वैली बैंक यानी एसवीबी डूब गया। जानकार एसवीबी के डूबने को अमेरिका का 2008 के बाद का दूसरा बड़ा बैंकिंग संकट बता रहे हैं। अमेरिका के 16वें स्थान पर आने वाले एसवीबी के पास दो महीने पहले तक 209 अरब डॉलर की संपत्ति थी। बैंक के पास 179 अरब डॉलर के डिपॉजिट्स थे। लेकिन बुधवार को बैंक ने 2.5 अरब डॉलर जुटाने की योजना सार्वजनिक की, तो लोगों को बैंक की वित्तीय स्थिति पर संदेह हुआ




और उन्होंने अपने पैसे निकालने शुरू कर दिए। गुरुवार से ही लोग बैंक से अपने पैसे निकालने में जुटे थे। इसके बाद शुक्रवार को अमेरिकी सरकार ने बैंक की कमान अपने हाथ में ले ली और फेडरल डिपॉजिट इंश्योरेंस को बैंक का रिसीवर बना दिया गया। दरअसल यह एसवीबी पर यह वित्तीय संकट फेडरल रिजर्व की ब्याज दर में वृद्धि के कारण आया। साल 2017 के आखिर तक बैंक के पास 44 अरब डॉलर का डिपॉजिट था। साल 2021 के आखिर तक यह 189 अरब डॉलर तक पहुंच गया। जिस दर पर बैंक कर्ज देते हैं और जिस दर पर वे लोगों से पैसा लेते हैं, उसके बीच का अंतर ही बैंकों की कमाई होती है। सिलिकॉन वैली बैंक का डिपॉजिट इसके द्वारा दिये गए कर्ज की राशि से काफी अधिक हो गया था। ऐसे में एसवीबी ने ब्याज से पैसा कमाने के लिए बॉन्ड में पैसा लगाना शुरू किया। एसवीबी ने ग्राहकों की जमा राशि से अरबों डॉलर कीमत के बॉन्ड खरीदे थे। ये निवेश आम तौर पर सुरक्षित होते हैं, लेकिन ब्याज दर बढ़ने के कारण इन निवेशों का मूल्य गिर गया। दरअसल दुनिया के कई केन्द्रीय बैंकों की तरह अमेरिका में भी फेडरल रिजर्व ने महंगाई का उच्च स्तर देखते हुए आक्रामक रूप से ब्याज दरों को बढ़ाना शुरू किया। इससे कम ब्याज दर वाले दौर में जारी हुए बॉन्ड्स की कीमतें घटने लगीं। सिलिकॉन वैली बैंक की मुसीबत यहीं से शुरू हुई। एसवीबी को पूरा लिक्विड बॉन्ड पोर्टफोलियो कम कीमत में बेचना पड़ा। इससे बैंक को 1.8 अरब डॉलर का घाटा हुआ। निवेशकों को बैंक की नाजुक वित्तीय स्थिति का अंदाजा हुआ, तो वे शेयर बेचने लगे। इस तरह बैंक का शेयर 60 प्रतिशत तक टूट गया और आखिरकार बैंक बंद ही हो गया। अपने पैसे निकालने के लिए जमाकताओं की भीड़ बैंक की इमारत में लग गई और किसी तरह हालात पर काबू पाया गया। 1983 में शुरू हुआ यह बैंक स्टार्टअप्स में निवेश करने वाला एक बड़ा बैंक था। खासकर तकनीकी क्षेत्र के स्टार्टअप्स के लिए यह वित्तीय सहायता का बड़ा स्त्रोत था। सिलिकॉन वैली बैंक ने 21 भारतीय स्टार्टअप्स में भी पैसा लगाया हुआ है। पिछले 5-7 वर्षों से यह बैंक काफी चर्चा में आया। अच्छे रिटर्न के चलते लोग इसमें अपना पैसा जमा कराते थे। लेकिन अब भारतीय बाजार में एसवीबी के बंद होने की घबराहट देखी जा सकती है। आशंका व्यक्त की जा रही है कि एसवीबी के बंद होने पर स्टार्टअप कंपनियों को फंड नहीं आएगा, तो उन्हें भी कारोबार समेटने की नौबत आ जाएगी।

टेकक्रंच नाम की पत्रिका ने कहा है कि अमेरिका से 8000 किलोमीटर दूर भारत में स्टार्टअप कंपनियों पर इस का असर पड़ना तय है। दर्जनों भारतीय स्टार्टअप एसवीबी पर निर्भर थे। कुछ स्टार्टअप में तो एसवीबी उनका एकमात्र बैंकिंग भागीदार था, जिनका पैसा वहां फंस गया है। कुछ भारतीय कंपनियां सिलिकॉन वैली बैंक से अपने पैसे को समय पर ट्रांसफर नहीं कर सकीं क्योंकि उनके पास एक और अमेरिकी बैंकिंग खाता आसानी से उपलब्ध नहीं था।

ये तमाम विपरीत हालात आने वाले संकट की चेतावनी दे रहे हैं। भारत में रोजगार पहले से ही कम हो चुके हैं। सरकार रोजगार मुहैया नहीं करा रही, स्टैंड अप और स्टार्ट अप का मंत्र युवाओं में फूंक रही है कि नौकरी मांगने वाले नहीं, नौकरी देने वाले बनो। लेकिन नौकरियां भी तभी दी जा सकती हैं, जब लोगों को वेतन देने का इंतजाम हो। अक्सर बैंक ही इसमें मददगार साबित होते हैं। लेकिन भारतीय बैंकों की दशा पहले से खराब है। बैंकों के विलय और निजी क्षेत्रों को आगे बढ़ाने के फेर में सरकार ने हर तरह से अपने हाथ पीछे खींच लिए हैं। अडानी प्रकरण के बाद से बाजार में पहले ही घबराहट है। लाखों छोटे निवेशक शेयर बाजार में अपनी पूंजी गंवा चुके हैं। ऐसे में अमेरिका में एक ऐसे बैंक का बंद होना, जो भारतीय कंपनियों के लिए भी सहारा था, एक बुरी घटना है। मुमकिन है दुनिया में इससे आर्थिक मंदी जैसे हालात न बने, लेकिन भारत में डगमगाती अर्थव्यवस्था के और लड़खड़ाने के आसार तो बन ही गए हैं।

# राहुल से निर्ममता और बीजेपी से ममता क्यों?

प्रेम कुमार

**जिस** भूमिका के लिए खुद राहुल गांधी या कांग्रेस कोई दावा नहीं कर रही है उस भूमिका को ममता ठीक वैसे ही राहुल पर थोप रही हैं जैसे बीजेपी किया करती है। पहले बीजेपी और अब तृणमूल कांग्रेस विपक्ष के बीच नेतृत्व का भ्रम पैदा करने के लिए खुद राहुल केंद्रित सवाल भी पैदा करती दिख रही हैं और जवाब भी उन्हीं के पास है।

ममता बनर्जी ने नई चर्चा छेड़ दी है कि राहुल गांधी को विपक्ष का चेहरा बनाने से कोई भी नरेंद्र मोदी को टारगेट नहीं कर पाएगा। दूसरी अहम टिप्पणी है कि राहुल गांधी नरेंद्र मोदी के लिए बड़ी टीआरपी हैं। तीसरी टिप्पणी है कि बीजेपी संसद इसलिए चलने नहीं दे रही है ताकि राहुल गांधी को हीरो बनाया जा सके। चौथी और सबसे महत्वपूर्ण टिप्पणी है कि कांग्रेस बीजेपी के सामने झुक गई है और कांग्रेस, सीपीएम एवं बीजेपी मिलकर अल्पसंख्यकों को तृणमूल कांग्रेस के खिलाफ भड़का रही है। ऐसा लगता है कि ममता बनर्जी पश्चिम बंगाल की सियासत से बाहर निकलना ही नहीं चाहतीं। राष्ट्रीय राजनीति को पश्चिम बंगाल के दायरे में समेटने और एक उपचुनाव नतीजे को इस रूप में परिभाषित करने में ममता जुटी हैं मानो बंगाल से बाहर की सियासत भी ममता बनाम गैर ममता हो। केंद्र में मोदी बनाम गैर मोदी की सियासत से ममता बनर्जी ने यह सीख ली है और वह बंगाल में उसी सियासत की नकल करती दिख रही हैं।

क्या यह सही नहीं है कि ममता बनर्जी ने भी राहुल गांधी पर सीधा हमला बोल कर उसी सियासत को आगे बढ़ाया है जिसे बीजेपी रोज आगे बढ़ा रही है? राहुल गांधी न तो अब तक कांग्रेस का चेहरा बनकर सामने आए हैं और न ही विपक्ष का चेहरा। ऐसे में ममता बनर्जी को यह कहने की आवश्यकता क्यों पड़ गई कि 'राहुल गांधी को विपक्ष का चेहरा' बनाने से ऐसा हो जाएगा या वैसा हो जाएगा? जिस भूमिका के लिए खुद राहुल गांधी या कांग्रेस कोई दावा नहीं कर रही है उस भूमिका को ममता ठीक वैसे ही राहुल पर थोप रही हैं जैसे बीजेपी किया करती है। पहले बीजेपी और अब तृणमूल कांग्रेस विपक्ष के बीच नेतृत्व का भ्रम पैदा करने के लिए खुद राहुल केंद्रित सवाल भी पैदा करती दिख रही हैं और जवाब भी उन्हीं के पास है। राहुल गांधी नरेंद्र मोदी के लिए बड़ी टीआरपी हैं- तृणमूल कांग्रेस की यह बात भी समझ से परे है। सत्ता और विपक्ष एक-दूसरे की जरूरत हुआ करते हैं लेकिन कभी एक साथ या एक ओर नहीं होते। क्या पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में ममता बनर्जी नरेंद्र मोदी के लिए टीआरपी नहीं थीं? अगर नहीं, तो 'दीदी ओ दीदी' का नारा बुलंद क्यों करना पड़ता? उत्तर प्रदेश में अखिलेश यादव और बिहार में तेजस्वी-नीतीश आज क्या नरेंद्र मोदी के लिए बड़ी टीआरपी नहीं हैं? ऐसे सवाल दूसरे प्रदेशों में भी दोहराए जा सकते हैं जहां बीजेपी मुख्य प्रतिद्वंद्वी है। बीजेपी की ओर से हर प्रदेश में नरेंद्र मोदी ही चेहरा होते हैं और उन्हीं के नाम पर पार्टी चुनाव लड़ती है यह सबको पता है। पार्टी कार्यकर्ता और प्रत्याशी एवं नेता ही नहीं, स्वयं नरेंद्र मोदी भी अपने नाम पर या कमल निशान के नाम पर वोट मांगते हैं, बीजेपी का नाम लेने से परहेज करते हैं। कहने का अर्थ यह है कि क्षेत्रीय स्तर पर जब मोदी बनाम दीदी हो सकता है तो राष्ट्रीय स्तर पर मोदी बनाम राहुल क्यों नहीं हो सकता? जो सवाल राहुल गांधी के लिए ममता बनर्जी उठा रही हैं वही सवाल क्षेत्रीय स्तर पर बाकी तमाम नेताओं के लिए भी तो उठते हैं? हालांकि यह बात ही बेमानी है कि विपक्ष में सबसे बड़ी पार्टी का नेता सत्ता पक्ष की टीआरपी है। यह बात भी गले नहीं उतरती है कि राहुल गांधी टीआरपी हैं नरेंद्र मोदी के लिए। इसका उल्टा भी कह सकते हैं कि नरेंद्र मोदी टीआरपी हैं राहुल गांधी के लिए। वैचारिक लड़ाई के केंद्र में ये दोनों व्यक्ति आमने-सामने हैं इसमें कोई संदेह नहीं। राष्ट्रीय स्तर पर नरेंद्र मोदी दक्षिणपंथी विचारों का प्रतिनिधित्व करते हैं तो राहुल गांधी कांग्रेस का जो स्वयं में एक विचार है और वाम व दक्षिण ध्रुव के बीच सामंजस्य का विचार है। इन दो धाराओं में हमेशा से संघर्ष रहा है। ममता की थ्योरी को मान लें तो कांग्रेस की टीआरपी अटल बिहारी वाजपेयी और उनके बाद लालकृष्ण आडवाणी रहे थे जो पीएम इन वेटिंग ही रह गये।

## सरकारी बस अड्डा

डॉ. सुरेश कुमार

**जब** आएगी तब आएगी। आप वहाँ नए बने विश्राम गृह में जाकर बैठिए। थोड़ा राज्य सरकार का विकास कार्य भी तो देखिए। बस यूँ ही बस में बैठे फुर्र हो जायेंगे तो राज्य के विकास के बारे में कैसे पता चलेगा? अरे भैया! आप भी कमाल करते हैं। हमें बस की पड़ी है और आप हमें जबरन विश्राम गृह दिखाने पर तुले हैं। हमें सीधे-सीधे बस के समय की जानकारी क्यों नहीं दे देते? बस काउंटर वाला मन ही मन बड़बड़ाने लगा अगर मैं तुम्हें यह बता दूँ कि बस दो घंटे लेट है तो तुम मुझे इतना गरियाओगे कि हमारी हालत खराब हो जाएगी।। दो मिनट झेंपने के बाद काउंटर वाले ने जैसे-तैसे मुझे विश्राम गृह में बैठने के लिए मना लिया। झक मारकर मैं विश्राम गृह में जाकर बैठ गया। अभी मैं बैठा ही था कि एक बंदा वहाँ आया और कहने लगा भैया! दो दिन से भूखा हूँ। गाँव जाने के लिए भी पैसे नहीं है। इस गरीब की कुछ सहायता कर दो। भगवान आपको बरकत देगा।मुझे उस बंदे से अधिक विश्राम गृह पर गुस्सा आ रहा था। खाक विकास हुआ है। दो-चार टाइल लगाकर एक-दो रिचार्ज प्वाइंट लगाने को विकास कहते हैं? बस अड्डे में कुछ भी बदलाव नहीं आया। पहले भी भिखमंगे भीख माँगने आते थे और आज भी आते हैं। यदि इसी को विकास कहते हैं तो ऐसा विकास सरकार को ही मुबारक। मैंने जैसे-तैसे उस बंदे को वहाँ से भगाया। घुम-फिरकर वह बंदा फिर से मेरे पास आया। इस बार मैंने उसे इतनी जोर से झिड़की दी कि वह अगली बार आने से पहले दो-चार बार अवश्य सोचेगा। बस अड्डे पर बस की प्रतीक्षा करने के बहाने लोग क्या-क्या सीख जाते हैं। संयमता, तपस्या करना, खीझ नियंत्रित करना, गुस्से का पारा अधिक होने पर झिडकी देना आदि-आदि।

## फटाफट खबरें

### डिप्टी सीएमओ के आने की भनक लगते ही झोलाछाप डॉक्टर सिर पर पैर रखकर भागे

**नगीना। चिकित्सकों** की चेकिंग करने आए क्षेत्र के नोडल अधिकारी डिप्टी सीएमओ के आने की भनक लगते झोलाछाप अपनी अपनी क्लीनिके बंद कर भूमिगत हो गए। नोडल अधिकारी के जाते ही झोलाछापों ने क्लीनिक खोली।

नगर क्षेत्र में मुख्य मार्गो गली गली कुतरमुत्तो की तरह खुले जच्चा बच्चा केंद्र झोलाछाप क्लीनिक, और डेंटल केयर सेंटर की शिकायत मिलने पर सोमवार की दोपहर को जांच पड़ताल करने आए क्षेत्र के नोडल अधिकारी डिप्टी सीएमओ डॉ अशोक कुमार दोपहर को नगीना पहुंचे और चिकित्सको की जांच पड़ताल शुरू की, इसी बीच झोलाछाप जो बिना डिग्रीओ के चला रहे जच्चा बच्चा केंद्र के संचालकों को नोडल अधिकारी के आने की भनक लगते ही झोलाछाप अपनी अपनी क्लीनिके बन्द कर भूमिगत रहे या बाजारों में टहलते रहे। डिप्टी सीएमओ के चले जाने के बाद झोलाछाप चिकित्सकों ने आपने अपने क्लीनिक के खोल अपना कार्य शुरू कर दिया। इस संबंध में नोडल अधिकारी अशोक कुमार से मीडिया कर्मी ने फोन द्वारा जानकारी देने चाहिए लेकिन उन्होंने किसी भी पत्रकार का फोन रिसीव नहीं किया।

मालूम हो कि नगर में धडल्ले से चल रहे झोलाछाप चिकित्सकों के पास अपना उपचार कराने आ जा रहे हैं रोगियों की गलत इलाज के कारण मौत का शिकार होना पड़ रहा है अवैध और फर्जी तरीके से चल रहे जच्चा बच्चा केंद्रों पर तो जच्चा या बच्चा की मौत होना आम बात हो गई है जिन पर परिजनों द्वारा हंगामा और पुलिस को तहरीर दी जाती रही है लेकिन नोडल अधिकारी या सीएमओ की मेहरबानी के चलते उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज होना तो दूर की बात उनकी डिग्रियां तेज आज तक नहीं हो पाती जिस कारण उनके हौसले बुलंद हैं और आमजन के जीवन से खिलवाड़ कर रहे हैं।

सवाल यह उठता है कि जब नोडल अधिकारी डिप्टी सीएमओ नगीना पहुंचे तो उनके आने की झोलाछाप चिकित्सकों को जानकारी कैसे हुई जो विचारणीय है।

### बैंक लोन की चार लाख रूपए की चीटिंग में मुकदमा दर्ज

**नगीना। भारतीय** किसान यूनियन अराजनैतिक द्वारा सीओ कार्यालय के घेराव व शक्ति प्रदर्शन के बाद नगीना पुलिस ने नगर उपाध्यक्ष केसर सुल्तान के साथ फर्जी दस्तावेजों के आधार पर बैंक लोन के चार लाख रूपए की धोखाधड़ी कर हड़पने के मामलें में का अभियोग संगीन धाराओं में दर्ज कर लिया है।

थाना प्रभारी निरीक्षक रविंद्र वशिष्ठ ने बताया कि नगर के मोहल्ला मुगलान बारादरी निवासी केसर सुल्तान की तहरीर पर शेरकोट के मोहल्ला मनिहारी सराय निवासी निसार अहमद व उसके भाई खुशहाल पुत्रगण इकबाल अहमद तथा धामपुर के मोहल्ला अफगान निवासी रेहान ट्रेडर्स के मालिक रिहान के खिलाफ आईपीसी की धारा 420,406,467,468,471,504,506 के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत कर लिया गया है।

थाना प्रभारी निरीक्षक नगीना को दी गई तहरीर में केसर सुल्तान ने कहा था कि उसकी मुलाकात शेरकोट निवासी निसार अहमद से हुई थी,निसार ने बताया कि वह बैंकों से लोन दिलाने का काम करता है।व्यवसाय करने के लिए सरकारी योजना में दस लाख रूपए का ऋण बैंक से दिला देगा,जिस पर ढ़ाई लाख रूपए की सब्सिडी अलग से मिलेगी।निसार की बात पर यकीन करके केसर ने हैंडीक्राफ्ट का व्यवसाय करने के लिए लोन दिलाने की बात कही।सभी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद केसर सुल्तान की ऋण की फाइल जिला उद्योग केंद्र बिजनौर से स्वीकृत हो कर बैंक ऑफ इंडिया की नगीना शाखा में आ गई।

बैंक द्वारा नौ लाख रूपए का ऋण स्वीकृत किया गया।निसार अहमद ने रिहान ट्रेडर्स धामपुर के नाम की फर्म से चार लाख रूपए की कीमत की मशीनों की कोटेशन व बिल लाकर बैंक में जमा कर दिया।जिसके बाद बैंक ऑफ इंडिया की नगीना शाखा ने 21 अक्तूबर 2021 को आरटीजीएस के माध्यम से 400000(चार लाख रूपए)रिहान ट्रेडर्स धामपुर के बैंक खाते में ट्रांसफर कर दिए।केसर सुल्तान ने निसार अहमद से बार बार आग्रह किया कि वो रेहान ट्रेडर्स धामपुर से मशीनों की सप्लाई दिला दे ताकि वह अपना कारोबार शुरू कर सके,लेकिन मशीनों की डिलिवरी नहीं मिली।बाद में उन्होंने मशीनों की डिलिवरी या चार लाख रूपए लौटने से साफ इंकार कर दिया।

तहरीर में केसर सुल्तान ने यह भी कहा है कि निसार अहमद अपनी पत्नी और बेटी की बीमारी की बात कह कर एक लाख रूपए नकद अलग से भी उससे ले चुका है।तमाम तकाजों व वायदों के बाद भी निसार अहमद ने उसे नकद लिए एक लाख रूपए भी नहीं लौटाए हैं।तकाजा करने पर निसार अहमद व उसका भाई गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हैं।

### भाकियू(अराजनैतिक)ने किया था सीओ कार्यालय का घेराव

**नगीना। भारतीय** किसान यूनियन अराजनैतिक ने अपने नगर उपाध्यक्ष केसर सुल्तान के साथ हुई चार लाख रूपए की चीटिंग के मामले में नगीना पुलिस द्वारा रिपोर्ट दर्ज न करने और आरोपियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं करने तथा सीओ संग्राम सिंह द्वारा केसर सुल्तान के साथ कथित रूप से अभद्रता करने से नाराज हो कर गत 2 मार्च को सहकारी गन्ना समिति से सीओ कार्यालय तक जबरदस्त विरोध प्रदर्शन किया था और फिर सीओ कार्यालय का घेराव कर के सीओ कार्यालय के बाहर पल्ले बिछाकर धरने पर बैठ गए थे। धरना स्थल पर भाकियू अराजनैतिक के जिला अध्यक्ष नितिन सिरोही,नगर अध्यक्ष कुंवर हर्षवर्धन सिंह समेत तमाम कार्यकताओं द्वारा अनिशितकालीन धरना चलाने की घोषणा के बाद सीओ संग्राम सिंह एसडीएम शैलेंद्र कुमार सिंह के साथ आकर पल्ले पर ही किसानों के बीच बैठ गए थे।जिलाध्यक्ष नितिन सिरोही व नगर अध्यक्ष कुंवर हर्षवर्धन सिंह तथा किसान नेताओं वार्ता के बाद सीओ संग्राम सिंह ने होली के बाद केसर सुल्तान का मुकदमा दर्ज करा देना का आश्वासन दिया था जिसके बाद धरना समाप्त कर दिया गया था।

### भगवंत मान ने अमृतपाल सिंह पर कार्रवाई का कड़ा मैसेज दिया

**चंडीगढ़। खालिस्तान** समर्थक कट्टरपंथी उपदेशक अमृतपाल सिंह की तलाश सोमवार को तीसरे दिन भी जारी है। वहीं, आम आदमी पार्टी नेता सौरभ भारद्वाज ने अमृतपाल पर कहा कि कुछ दिनों से पंजाब सरकार और पंजाब पुलिस की जो कार्रवाई चल रही है। उसके लिए मुख्यमंत्री और पंजाब सरकार को बहुत बधाई देता हूं, ये जो कार्रवाई चल रही है। इससे देश और विदेश में एक कड़ा मैसेज गया है कि आम आदमी पार्टी की इस तरह के मामलों में जीरो टोलरेंस की नीति है। जो लोग कहते थे कि आम आदमी पार्टी की सरकार बॉर्डर के राज्य को नहीं संभाल सकती आज वो लोग चुप है, भगवंत मान ने एक सख्त संदेश दिया है।वहीं, आम आदमी पार्टी (आप) ने सोमवार को कहा कि पंजाब में कट्टरपंथी सिख उपदेशक एवं खालिस्तान समर्थक अमृतपाल सिंह के खिलाफ पुलिस कार्रवाई यह साबित करती है कि राज्य की कानून-व्यवस्था के प्रबंधन की क्षमता इस सरकार के पास मौजूद है।

आप के राष्ट्रीय प्रवक्ता सौरभ भारद्वाज ने कहा कि पिछले तीन दिनों से अमृतपाल की तलाश के लिए अभियान जारी है और यह अब सरकार का अभियान है, न कि कोई राजनीतिक अभियान। उन्होंने कहा, ह्यह्यजब आप पंजाब में सत्ता में आई, तो हमें बताया गया कि हम एक सीमावर्ती राज्य का प्रबंधन नहीं कर पाएंगे।

# किसानी मौसम पर भारी पडी आस्था

## बडा मठ में श्रद्धालुओं को बांटा प्रसाद



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** चैत्र माह के अमावस्या पर्व पर तीर्थक्षेत्र में श्रद्धालुओं ने रामघाट में स्नान कर कामतानाथ की परिक्रमा लगाई। लोगों ने मत्स्यगयेन्द्रनाथ मन्दिर में जलाभिषेक भी किया। बडा मठ रामघाट में श्रद्धालुओं के बीच भोजन प्रसाद बांटा गया। हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर कामतानाथ के जयकारे लगाये।

मंगलवार को चैत्र माह की अमावस्या पर्व पर श्रद्धालुओं ने रामघाट में स्नान कर मत्स्यगयेन्द्रनाथ मन्दिर में जलाभिषेक कर कामतानाथ की परिक्रमा लगाई। खेती-किसानी का सीजन होने के बाद भी लोगों की भारी भीड उमडी। कामदगिरि प्रमुख द्वार के महंत मदनगोपाल दास ने बताया कि श्रद्धालुओं की व्यवस्था को प्रशासन के निर्देश पर चैकस व्यवस्था की गई है। तमाम श्रद्धालुओं ने कामतानाथ के दर्शन कर पंचकोसी परिक्रमा लगाई। डीएम अभिषेक आनन्द व एसपी श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर अमावस्या पर्व पर प्रशासन ने श्रद्धालुओं को कोई परेशानी न हो, इस बाबत कडे निर्देश मातहतों को दे रखे हैं। इसी क्रम में अमावस्या पर्व पर बड़ा मठ रामघाट की ओर से तीर्थयात्रियों के बीच भोजन प्रसाद बांटा गया। हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर जय कामतानाथ जी के जयकारे लगाए। बड़ा मठ के पीछे निमोहीं अखाड़े के पास महंत वरुण प्रपन्नाचार्य के साथ मत्तगजेंद्रनाथ मंदिर ट्रस्ट के कार्यकारी अध्यक्ष प्रदीप तिवारी, आनंददास महराज और गुलजारीलाल तिवारी ने श्रद्धालुओं को भोजन प्रसाद बांटा। महंत वरुण प्रपन्नाचार्य ने बताया कि पिछले कई अमावस्या पर्वों से बड़ा मठ की ओर से भोजन प्रसाद वितरण किया जा रहा है। ये आयोजन प्रत्येक अमावस्या पर्व पर होता रहेगा। उन्होंनें लोगों से खासतौर पर गर्मी की सभी अमावस्या पर्वों में श्रद्धालुओं के लिए ठंडा पानी और जगह-जगह लंगर लगाने की अपील की है।

# अमावस्या में भी रामघाट में गन्दगी से लोग नहीं कर रहे आचमन



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** नयागांव रपटा से लेकर बूडे हनुमान मंदिर तक मन्दाकिनी नदी गंदगी से बजबजा रही है। आलम ये है कि पन्नालाल घाट और आसपास सीढ़ियों में टनों मलबा जमा है।

यहां आचमन करने में भी लोग घबराते हैं। मंगलवार को बुंदेली सेना जिलाध्यक्ष अजीत सिंह ने बताया कि पन्नालाल घाट से लेकर बूडे हनुमान जी के बीच करोड़ों की लागत से घाट और सीढ़ियां बनी हुई हैं। जिम्मेदार लोगों के ध्यान न देने से लगभग डेढ़ सौ मीटर लंबा घाट गंदगी से बजबजा रहा है। इसी से अमावस्या आदि पर्वों में श्रद्धालु यहां डुबकी नही लगाते। नदी में इस परिक्षेत्र में सघन अभियान चलाने की जरूरत है। जब तक नदी में उतरकर चोई और मलबा नहीं निकाला जाता, तब तक सम्पूर्ण सफाई असम्भव है। नाव के जरिए नदी की ऊपरी सफाई हो जाती है, लेकिन तलहटी की गंदगी ज्यों की त्यों रहती है। बुंदेली सेना ने जिलाधिकारी अभिषेक आनंद से मन्दाकिनी नदी की सफाई का अभियान शुरू कराने की मांग की है। बूडे हनुमानजी मंदिर के पास बने शौंचालय को शुरू कराने, रामघाट में यूरिनल की व्यवस्था कराने का भी अनुरोध किया है। मांग किया कि कर्वी नगर और तीर्थक्षेत्र के सभी वाटर कूलर भीषण गर्मी शुरू होने से पहले चालू करायें।

# दो गांजा तस्करों के कब्जे से दस किलो गांजा बरामद

## 11180 रुपये व बाइक दबोची

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर मादक पदार्थों की बिक्री एवं रोकथाम को जारी अभियान के तहत मऊ थाना पुलिस ने दो गांजा तस्करों को दबोचकर दस किलो सूखा गांजा व 11180 रुपये तथा मोटरबाइक बरामद की है।

मंगलवार को मऊ सीओ राजकमल की देखरेख में थानाध्यक्ष राजीव कुमार सिंह की अगुवाई में पुलिस टीम ने अवैध गांजा की तस्करी करने वाले दो तस्करों को दबोचा है। गांजा तस्कर शुभम श्रीवास्तव पुत्र स्व इकबाल बहादुर निवासी टिकरा टोला मऊ व शमशेर दुबे पुत्र टेकलाल निवासी सेमरा बरगढ के कब्जे से दस किलो सूखा गांजा व 11180 रुपये तथा मोटरबाइक बरामद किया है। आरोपियों को एनडीपीएस एक्ट में जेल भेजा है। मोटरबाइक को एमबी एक्ट में सीज कर दिया है। पुलिस टीम में मऊ थानाध्यक्ष राजीव कुमार सिंह, दरोगा बालकिशुन, दीवान जुबेर अली, सिपाही नागेश कुमार, राहुल पाण्डेय, दीप प्रताप शामिल रहे।

इसी क्रम में सरधुआ थाना पुलिस के दरोगा अनिल कुमार गुप्ता ने कंचन पुत्र रामगोपाल निवासी तीरधुमाई के कब्जे से तीस क्वार्टर देशी शराब बरामद कर चालान किया है।

मऊ थाना पुलिस ने अपहरण व दुष्कर्म तथा पास्को एक्ट के वांछित देवीदीन पुत्र कल्लू निवासी बेलहा को गिरफ्तार किया है। रैपुरा थाने के दरोगा रमेश सिंह यादव ने बलबा-मारपीट के वारंटी सुरेन्द्र उर्फ शिवमोहन निवासी गौहाईपुरवा चरदहा को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। चैकी प्रभारी जिला कारागार श्यामदेव सिंह ने अपहरण के वांछित अजय द्विवेदी उर्फ छोटू पुत्र बालेन्द्र द्विवेदी निवासी रतौली जिला महोबा को छेडछाड में वांछित होने पर गिरफ्तार किया है। छेडछाड के वांछित आशीष वर्मा पुत्र दयाराम निवासी कसहाई कोतवाली कर्वी को भी गिरफ्तार किया है।

# पुष्कर्णी क्रासिंग पर बनेगा ओवरब्रिज

## सांसद प्रतिनिधि व रेलवे इंजीनियरों की हुई वार्ता



**अखंड भारत संदेश**

**मानिकपुर/चित्रकूट।** मानिकपुर से इटवां डुडैला मार्ग के बीच टिकरिया गेट नम्बर 400 पुष्कर्णी फाटक रेलवे क्रासिंग पर ओवरब्रिज बनाने की बाबत रेलवे के अधिकारियों व सांसद प्रतिनिधि शक्तिप्रताप सिंह तोमर आदि के बीच वार्ता हुई। तय हुआ कि यहां पर ओवरब्रिज बनाने में क्षेत्रीय लोगों से उत्पन्न होने वाली बाधायें दूर कराई जायेंगी।

मंगलवार को जबलपुर डिवीजन रेलवे के सहायक इंजीनियर सतना आरपी मीना, वरिष्ठ इंजीनियर बीएस पाण्डेय तथा सांसद प्रतिनिधि शक्तिप्रताप सिंह तोमर और क्षेत्रीय लेखपाल जितेन्द्र गुप्ता आदि की मौजूदगी में टिकरिया गेट नम्बर 400 पुष्कर्णी तालाब रेलवे फाटक पर ओवरब्रिज निर्माण बाबत चर्चा हुई। सतना-मानिकपुर रेल खण्ड के रेलवे फाटक 402 में भी अंडरब्रिज बनाने की चर्चा की गई। दोनों ब्रिजों का निर्माण कार्य जल्द शुरू होने की बात कही गई। इससे लोगों को जाम से निजात मिलेगी।

रेलवे क्रासिंग पर ओवरब्रिज बनने के बाद लोगों के समय की बचत होगी। ये दोनों रेलवे क्रासिंग बेहद संवेदनशील मानी जाती हैं। दोनों क्रासिंग पर भारी भीड एकत्र होती है। मानिकपुर से इटवां डुडैला व सतना का मार्ग होने से ओवरब्रिज बनने से लोगों को राहत होगी। क्षेत्रीय लेखपाल ने भरोसा दिया कि क्षेत्रीय किसान ओवरब्रिज बनाने में समस्या उत्पन्न नहीं करेंगे। इस मौके पर क्षेत्रीय प्रधान व भाजपा नेता राजकुमार त्रिपाठी, पंकज अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

# एसपी के निदेर्श: मेला में पुलिस की दिखी सक्रियता



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** चैत्र माह के अमावस्या मेला में पुलिस श्रद्धालुओं की सुविधा के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर मुस्तैद रही। पुलिस व एलआईयू, एसचेक, डाग स्क्वायड टीम ने चैत्र मास की अमावस्या पर्व पर संदिग्ध लोगों व वस्तुओं की जांच की।

मंगलवार को एसपी व एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी के निर्देश पर पुलिस क्षेत्राधिकारी एलआईयू अनुज मिश्र की देखरेख में एसचेक टीम, डाग स्क्वायड बांदा एवं एलआईयू चित्रकूट की संयुक्त टीमों ने मेला के मद्देनजर रामघाट, परिक्रमा मार्ग, बस स्टेशन परिसर आदि भीडभाड के स्थानों पर संदिग्ध लोगों व वस्तुओं की जांच की। इसी क्रम में यातायात क्षेत्राधिकारी एसपी सोनकर की देखरेख में यातायात प्रभारी मनोज कुमार व टीएसआई योगेश कुमार यादव ने यातायात पुलिस के साथ शहर में अमावस्या मेला के मद्देनजर वाहनों की जांच की। वाहन जांच दौरान अवैध पार्किंग/प्रतिबंधित क्षेत्र में वाहनों के खडा करने पर चार बसें व चार जीप को सीज किया है। 15 वाहनों का ई-चालान किया है।

इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी ने सीओ एलआईयू अनुज कुमार मिश्रा के साथ सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर रामघाट, यूपीटी तिराहा, परिक्रमा क्षेत्र में भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। मेला क्षेत्र में ड्यूटी में लगे पुलिस बल को चेक किया। सतर्कता से ड्यूटी करने के निर्देश दिये। श्रद्धालुओं के प्रति विनम्र और संवेदनशील रहने के निर्देश दिये। श्रद्धालुओं एवं दुकानदारों से भी पुलिस अधिकारियों ने वार्ता की।

## न्यूज झरोखा

### पशु मेला में 24 बछडों का हुआ बंधियाकरण



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** कर्वी ब्लाक के कोलगदहिया गांव में प्रधान कमला देवी की अगुवाई में पं दीनदयाल उपाध्याय पशु आरोग्य मेला पशु पालन विभाग ने लगवाया।

मंगलवार को पशु मेला में कोलगदहिया गांव के ग्रामीण सलीम, प्रेमनारायण सिंह, पूर्व प्रधान खोह राजकुमार ने पं उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण कर मेला का शुभारम्भ किया। शिविर में 171 बडे पशुओं व 199 छोटे पशुओं का इलाज किया गया। 24 बछडों का बंधियाकरण, चार सौ बकरियों को दवा देने के कार्य किये गये। शिविर/मेले में डॉ वृन्दावन राठौर, डॉ देवनारायण सिंह चैहान, पशु चिकित्साधिकारी शिवरामपुर, पशुधन प्रसार अधिकारी अजीत प्रसाद साहू, अजय कुमार सिंह, संजीव कुमार पाण्डेय, फूल सिंह, मोहित, जयकरन यादव, अमित, दीपक व पवन कुमार मौजूद रहे।

कोलगदहिया गांव में सकुशल मेले के आयोजन में उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ सीएस पाल ने मेला में आये सभी अतिथियों एवं किसानों का आभार जताया।

### आंगनबाडियों के खराब फोन बदलें

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** आंगनबाडी कर्मचारी एवं सहायिका एसोसिएशन की जिलाध्यक्ष श्रीमती ऊषा द्विवेदी ने जिलाधिकारी को सौंपे पत्र में कहा कि जिले में बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग में कार्यरत आंगनबाडियों को प्रशिक्षण नहीं दिया जाता। उन्होंने खराब मोबाइल फोन बदलने व समय से रिचार्ज कराने की मांग की है। मंगलवार को आंगनबाडी कर्मचारी एवं सहायिका एसोसिएशन की जिलाध्यक्ष श्रीमती ऊषा द्विवेदी ने जिलाधिकारी को सौंपे पत्र में कहा कि बाल विकास पुष्टाहार विभाग में कार्यरत आंगनबाडी कार्यकत्री पूरे मनोयोग से विभागीय कार्य करती हैं। पोषण ट्रैकर अंग्रेजी में होने से कार्य पूरा करने में परेशानी होती है। बाल पिटारा एवं यूनीलर्न जैसे कार्यक्रमों में कार्यकत्री को प्रशिक्षण के अभाव में कार्य में बाधा होती है।

उन्होंने जिलाधिकारी से मांग किया कि पोषण ट्रैकर को हिन्दी में बदला जाये। बाल पिटारा एवं यूनिलर्न कार्यक्रम में आंगनबाडी कार्यकत्रियों को प्रशिक्षण दिलाया जाये। आंगनबाडी कार्यकत्रियों को दिये गये खराब मोबाइल फोन बदले जायें। समय से हर माह रिचार्ज कराये जायें। इस मौके पर आंगनबाडी कार्यकत्री दुर्गावती, कुसुम देवी, केतकी देवी आदि मौजूद रही।

### विकलांग से सचिव मांग रहा रिश्वत

**अखंड भारत संदेश**

**मानिकपुर/चित्रकूट।** क्षेत्रीय ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि ग्राम पंचायत लौढियामाफी के सचिव 75 फीसदी विकलांग से आवास देने के नाम पर रिश्वत की मांग कर रहे हैं। मंगलवार को मानिकपुर ब्लाक के लौढियामाफी गांव के ग्रामीणों ने गांव में तैनात सचिव जगदीश पटेल पर आवास देने के नाम पर रिश्वत मांगने का आरोप लगाया। कहा कि विकलांग रामप्रकाश पुत्र राम सजीवन निवासी बराछी मजरा लौढिया से पांच हजार रुपए की मांग की है। इसकी शिकायत रामप्रकाश ने शपथ पत्र के माध्यम से जिलाधिकारी से की है। ग्रामीणों ने कहा कि 75 फीसदी विकलांग को आवास देने में सचिव आनाकानी कर रहा है। इस बाबत सचिव जगदीश पटेल ने बताया कि ये आरोप गलत है। प्रधान फर्जी शिकायत करवाता रहता है।

### कलेक्टर दुबे ने लापरवाही बरतने पर पटवारी को किया निलंबित

**रायसेन। शासकीय** दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही बरतने पर कलेक्टर अरविंद दुबे द्वारा विनीत कुमार शर्मा पटवारी गोहरगंज तहसील को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। निलंबन अवधि में विनीत कुमार शर्मा का मुख्यालय जिला कार्यालय भू-अभिलेख रायसेन नियत किया गया है। निलंबन अवधि में शर्मा को नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता की पात्रता होगी। माध्यमिक शिक्षा मण्डल मप्र भोपाल के माध्यम से जिले में संचालित हो रही कक्षा 10वीं एवं 12वीं की वार्षिक परीक्षा 2023 की गोपनीय सामग्री संबंधित पुलिस थाना/चौकी से लेकर कलेक्टर प्रतिनिधि के माध्यम से निकालकर संबंधित परीक्षा केन्द्र के केन्द्राध्यक्ष के साथ परीक्षा केन्द्र तक पहुंचकर अपने समक्ष परीक्षा केन्द्र में विद्यार्थियों को वितरित कराने के लिए समन्वयक के रूप में पटवारियों को ड्यूटी लगाई गई है। परीक्षा केन्द्र क्रमांक 651030 शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मण्डीदीप की केन्द्राध्यक्ष द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन अनुसार उक्त केन्द्र हेतु नियुक्त समन्वयक पटवारी विनीत कुमार शर्मा के उपस्थित नहीं होने पर, उनकी अनुपस्थिति में छात्रों को प्रश्नपत्र वितरण हेतु प्रश्नपत्रों के सील्ड पैकेट खोले गए हैं। परीक्षा केन्द्र क्रमांक 651030 शास. कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के लिए अधिकृत समन्वयक पटवारी विनीत कुमार शर्मा ने सौंपे गए दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही कर मप्र सिविल सेवा आचरण नियम का उल्लंघन किया है। विनीत कुमार शर्मा को तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए उनका मुख्यालय जिला कार्यालय भू-अभिलेख रायसेन नियत किया गया है।

# अमेरिकी रिपोर्ट में दावा, अरुणाचल में चीन से झड़प के दौरान पेंटागन ने भारत को दी थी खुफिया जानकारी

**वाशिंगटन।** एक अमेरिकी मीडिया रिपोर्ट में दावा किया गया है कि पिछले साल अरुणाचल प्रदेश के तवांग सेक्टर में भारत और चीनी सेना के झड़प के दौरान अमेरिकी सुरक्षा एजेंसी पेंटागन ने भारतीय सेना को महत्वपूर्ण खुफिया जानकारी दी थी। इस दावे की पुष्टि से अमेरिकी राष्ट्रपति के आवास व्हाइट हाउस ने इनकार किया है। बीते वर्ष नौ दिसंबर को वास्तविक नियंत्रण रेखा पर भारत और चीन की सेनाएं आमने सामने आ गई थीं। अब अमेरिका की एक मीडिया रिपोर्ट में दावा किया गया है कि अमेरिकी सरकार ने अरुणाचल प्रदेश के तवांग सेक्टर में चीनी सेना द्वारा घुसपैठ से पहले चीन के प्रयासों और वहां सक्रिय सुरक्षा बलों की ताकत के



बारे में अपने भारतीय समकक्षों को वास्तविक समय का विवरण उपलब्ध करा दिया था। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत ने अमेरिकी खुफिया रिपोर्ट की बदौलत ही चीन की सेना को पीछे करने में सफलता हासिल की थी। रिपोर्ट में कहा गया है कि पेंटागन द्वारा साझा की गई जानकारी में कार्रवाई योग्य उपग्रह इमेजरी शामिल थी और अमेरिका द्वारा भारतीय सेना के साथ पहले साझा की गई किसी भी जानकारी की तुलना में अधिक विस्तृत और अधिक तेजी से वितरित की गई थी। अमेरिकी राष्ट्रपति के आवास व्हाइट हाउस में नियमित रणनीतिक संचार के दौरान राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के प्रवक्ता जॉन किर्बी से पत्रकारों ने इस रिपोर्ट के संबंध में सवाल पूछा तो उन्होंने इसकी पुष्टि करने से इनकार कर दिया। जॉन किर्बी ने इस रिपोर्ट को खारिज न करते हुए सिर्फ एक पंक्ति में जवाब दिया कि वे इसकी पुष्टि नहीं कर सकते।

# भारतीय दूतावास पर हमला: अमेरिका ने निंदा कर बताया अस्वीकार्य

**वाशिंगटन।** अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को स्थित भारतीय वाणिज्यिक दूतावास पर हमले को अमेरिका ने अस्वीकार्य करार दिया है। अमेरिका ने इस घटना की निंदा कर जांच की बात भी कही है। भारत में खालिस्तान समर्थकों पर कार्रवाई के बाद लंदन और अमेरिका में खालिस्तान समर्थकों ने भारतीय दूतावासों पर हमले किये थे। अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को स्थित वाणिज्य दूतावास परिसर की अस्थाई सुरक्षा व्यवस्था तोड़ते हुए कुछ लोग घुसे और वहां हमला बोल दिया था। इसको लेकर भारत ने कड़ी आपत्ति जताई थी। अब अमेरिका की ओर से इस मसले पर बयान आया है। राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के प्रवक्ता जॉन किर्बी ने कहा है कि सैन फ्रांसिस्को में भारतीय वाणिज्य दूतावास में




तोड़फोड़ 'बिल्कुल अस्वीकार्य' है और अमेरिका द्वारा इसकी निंदा की जाती है। किर्बी ने कहा कि अमेरिका निश्चित रूप से उस बर्बरता की निंदा करता है, यह बिल्कुल अस्वीकार्य है। विदेश विभाग की राजनयिक सुरक्षा सेवा उचित जांच के लिए स्थानीय अधिकारियों के साथ काम कर रही है। राज्य विभाग नुकसान की मरम्मत के लिए बुनियादी ढांचे के परिप्रेक्ष्य में काम करेगा। अमेरिकी विदेश विभाग के एक प्रवक्ता ने भी कहा कि संयुक्त राज्य अमेरिका भारतीय वाणिज्य दूतावास के खिलाफ हमले और संयुक्त राज्य अमेरिका के भीतर राजनयिक सुविधाओं के खिलाफ किसी भी हमले की निंदा करता है। अमेरिका इन सुविधाओं के साथ-साथ काम करने वाले राजनयिकों की सुरक्षा की रक्षा करने की प्रतिज्ञा करता है। फाउंडेशन फॉर इंडिया एंड इंडियन डायस्पोरा स्टडीज (एफआईआईडीएस) ने लंदन के साथ-साथ सैन फ्रांसिस्को में भी कानून-व्यवस्था की विफलता से चकित होने की बात कही जहां कुछ कट्टरपंथी अलगाववादियों ने भारत के राजनयिक मिशन पर हमला किया। भारतीय-अमेरिकियों ने इसकी कड़ी निंदा करने के साथ इसके लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की मांग भी की है। भारतीय अमेरिकी समुदाय के नेता अजय भूटोरिया ने कहा कि हिंसा का यह कृत्य न केवल अमेरिका और भारत के बीच राजनयिक संबंधों के लिए खतरा है, बल्कि हमारे समुदाय की शांति और सद्भाव पर भी हमला है। भूटोरिया ने स्थानीय अधिकारियों से इस हमले के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई करने और उन्हें न्याय दिलाने का आग्रह किया। साथ ही उन्होंने भारतीय अमेरिकी समुदाय के सभी सदस्यों से एकजुट का भी आग्रह किया।

# फ्रांस में रिटायरमेंट एज बढ़ाने वाला बिल अब कानून बना:मैक्रों सरकार ने दोनों अविश्वास मत जीते; लोगों का प्रदर्शन जारी

**पेरिस।** फ्रांस की सरकार दोनों अविश्वास मत जीत गई है। रिटायरमेंट एज बढ़ाने को लेकर फ्रांस सरकार के खिलाफ दो अविश्वास प्रस्ताव लाए गए थे। इसी के साथ रिटायरमेंट की उम्र बढ़ाने वाला बिल अब कानून बन गया है। आसान शब्दों में कहें तो- अब कानूनी तौर पर रिटायरमेंट की उम्र 62 से बढ़कर 64 हो गई है।

भारतीय समय के मुताबिक, सोमवार देर रात फ्रांस की संसद में अविश्वास प्रस्ताव पर वोटिंग हुई। इसे पास होने के लिए 287 वोट चाहिए थे, लेकिन 278 वोट ही मिले। अगर प्रस्ताव पास हो जाता तो मैक्रों सरकार गिर जाती और नया चुनाव करवाया जाता। वहीं, रिटायरमेंट एज बढ़ाने वाले बिल के कानून बनने के बाद भी लोगों का प्रदर्शन जारी है।नेशनल असैंबली में बिना वोटिंग पास हुआ था बिल, इसके बाद अविश्वास प्रस्ताव लाया गया

16 मार्च को फ्रांस की नेशनल असैंबली में प्रधानमंत्री एलिजाबेथ बॉर्न ने संवैधानिक ताकत का इस्तेमाल करते हुए बिना वोटिंग के ही बिल पास करवा दिया था। क्करूने आर्टिकल 49.3 का इस्तेमाल किया जिसके तहत बहुमत न होने पर सरकार के पास बिना वोटिंग के बिल पास कराने का अधिकार है। इसके बाद विपक्षी नेता मरीन ले



पेन ने इमैनुएल मैक्रों की सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने की बात कही थी।

**अब 43 साल काम करना जरूरी**

'फ्रांस 24' की रिपोर्ट के मुताबिक, नई पेंशन योजना के तहत रिटायरमेंट की उम्र बढ़ाने का फैसला लिया गया। इस योजना के तहत पूरी पेंशन के लिए जरूरी न्यूनतम सेवा काल की अवधि भी बढ़ा दी गई है। प्रधानमंत्री एलिजाबेथ बोर्न ने बताया कि नई पेंशन योजना के प्रस्तावों के तहत 2027 से लोगों को पूरी पेंशन लेने के लिए कुल 43 साल काम करना होगा। अभी तक ये न्यूनतम सेवा काल 42 साल था।

सरकार इसे फ्रांस की शेयर-आउट पेंशन सिस्टम की सुरक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण उपाय के रूप में बता रही है। सरकार का कहना है कि काम करने वालों और सेवानिवृत्त लोगों के बीच का अनुपात तेजी से कम हो रहा है। जिसे देखते हुए रिटायरमेंट की उम्र बढ़ाने पर विचार किया जा रहा है। ज्यादातर यूरोपियन कंट्रीज ने रिटायरमेंट एज बढ़ाई है। इटली और जर्मनी में रिटायरमेंट की उम्र 67 साल है। स्पेन में ये 65 साल है। ब्रिटेन में रिटायरमेंट की उम्र 66 साल है।

## भारतीय कॉन्स्युलेट और उच्चायोग पर हमले से भड़के अमेरिका में रहने वाले सिखड्ड

**लंदन।** लंदन, सैन फ्रांसिस्को समेत कुछ अन्य देशों में स्थित भारतीय कॉन्स्युलेट और हाई कमीशन पर खालिस्तानियों द्वारा हमलों की खबर से सिख समुदाय में खासा आक्रोश है। अमेरिका में रहने वाले सिख समुदाय के नेताओं ने इसको लेकर विरोध जताया है। सिख नेताओं ने इन घटनाओं की निंदा की और कहा कि खालिस्तानी आंदोलन को बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया जा रहा है।

वाशिंगटन डीसी में रहने वाले सिख नेता जसदीप सिंह ने कहा, 'हम सैन फ्रांसिस्को में भारतीय दूतावास के बाहर हुई किसी भी हिंसा या लंदन में भारतीय ध्वज के अपमान की निंदा करते हैं। हर किसी को विरोध करने का अधिकार है लेकिन यह शांतिपूर्ण होना चाहिए और कोई हिंसा या तोड़फोड़ नहीं होनी चाहिए।'

उन्होंने आगे कहा, 'आप मीडिया में जो कुछ भी देख रहे हैं कि अमेरिका और कनाडा में खालिस्तान आंदोलन चल रहा है, वह सब बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया जा रहा है। उत्तरी अमेरिका में दस लाख से अधिक सिख रहते हैं और उनमें से केवल 50 भारतीय दूतावास के बाहर विरोध करने के लिए दिखाई देते हैं।' सिख नेता बालगेंद्र सिंह शमी कहते हैं, 'पंजाब में जो कुछ भी हुआ वह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है। मैं यूनाइटेड किंगडम और सैन फ्रांसिस्को में भारतीय वाणिज्य दूतावास में हुई हिंसा की घटना की भी निंदा करता हूं। हम लोकतांत्रिक देश हैं, हमें विरोध करने का पूरा अधिकार है लेकिन यह शांतिपूर्ण होना चाहिए।

## डोनाल्ड ट्रंप पर भी गिफ्ट्स की जानकारी न देने का लगा आरोप

**वाशिंगटन।** पाकिस्तान और ब्राजील के बाद अब अमेरिका में भी विदेशी गिफ्ट्स को लेकर सियासत गर्म होने लगी है। इस बार आरोप अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर लगा है। आरोप है कि पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ट्रेजरी डिपार्टमेंट को दूसरे देशों से मिले तीन लाख डॉलर यानी करीब 2.47 करोड़ रुपए की कीमत वाले तोहफों की जानकारी नहीं दी। इसमें कुल 117 गिफ्ट्स हैं। इन गिफ्ट्स में 17 ऐसे हैं, जिसे भारत की तरफ से ट्रंप और उनके परिवार के सदस्यों को दिया गया था। बता दें कि इसके पहले पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और ब्राजील के पूर्व राष्ट्रपति जेयर बोल्सोनारो पर भी इसी तरह के आरोपों में केस दर्ज हुए हैं। पाकिस्तान में तो इस मसले पर लंबे समय से बवाल चल रहा है। इमरान खान पर गिरफ्तारी की तलवार लटक रही है। अमेरिका की सत्ताधारी डेमोक्रेटिक पार्टी ने इस मामले में डोनाल्ड ट्रंप पर आरोप लगाए हैं। डेमोक्रेटिक पार्टी ने मामले की जांच की मांग की है। इसके लिए एक ओवरसाइट कमेटी बनाई गई थी। जांच में इसने पाया कि ट्रंप और उनके परिवार के सदस्यों ने कुल 117 विदेशी तोहफों की जानकारी छिपाई है। इनकी कीमत करीब तीन लाख डॉलर यानी 2.47 करोड़ रुपए बताई जा रही है। अमेरिकन मीडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, जिन 117 तोहफों की जानकारी ट्रंप और उनके परिवार के सदस्यों ने नहीं दी, उनमें से 17 गिफ्टस भारत की तरफ से दिए गए थे। इनकी कीमत करीब 50 हजार डॉलर यानी करीब 41 लाख रुपये है। इनमें 8500 डॉलर का एक फूलदान उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भेंट किया था। इसके अलावा 4,600 डॉलर का ताजमहल मॉडल और 6,600 डॉलर का इंडियन रग तत्कालीन राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने ट्रंप और उनके परिवार को भेंट किया था।

**अखंड भारत संदेश**

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।

**सम्पादक**
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025

ऑफिस मो.:
9565333000

Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com

सभी विवादों का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा।

## सर्राफा बाजार: सोना और चांदी में सपाट स्तर पर कारोबार

**नई दिल्ली।** सोमवार की तेजी के बाद आज घरेलू सर्राफा बाजार में फ्लैट कारोबार होता नजर आया। सोना और चांदी दोनों चमकीली धातुओं ने आज बढ़त तो बरकरार रखी, लेकिन उनके कारोबार में आज ज्यादा उत्साह नहीं दिखा। सप्ताह के दूसरे कारोबारी दिन आज सर्राफा बाजार सुस्त होकर कारोबार करता दिखा। इसके पहले पिछले कारोबारी दिन यानी सोमवार को सोना का अंतिम बंद भाव 59,479 रुपये प्रति 10 ग्राम रहा था। आज के कारोबार में इस चमकीली धातु में 8 रुपये की मामूली मजबूती दर्ज की गई। अलग-अलग श्रेणियों में सोने ने आज 8 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 5 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की तेजी दिखाई।

# पुतिन-जिनपिंग की मुलाकात में दिखीं नजदीकियां, चीन ने रूस को सौंपी शांति योजना

**मॉस्को।** तीसरी बार चीन के राष्ट्रपति का दायित्व संभालने के बाद रूस के दौरे पर गए शी जिनपिंग और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन के बीच मुलाकात में उनकी नजदीकियां साफ दिखाई दीं। यूक्रेन पर रूस के हमले के एक साल से अधिक समय बाद हुई इस मुलाकात में चीन ने रूस को शांति योजना सौंपी है, जिसके बाद पुतिन ने उस पर चर्चा करने का वादा भी किया।

चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग की रूस यात्रा को यूक्रेन युद्ध के लिहाज से भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इस दौरान जिनपिंग और पुतिन के बीच के रिश्तों पर पूरी दुनिया की नजर है। पुतिन ने राष्ट्रपति भवन में जिनपिंग का



गर्मजोशी से स्वागत किया। चीन ने रूस को यूक्रेन से युद्ध समाप्त करने के लिए एक शांति योजना सौंपी है। पुतिन ने कहा कि उन्होंने युद्ध समाप्त करने का रास्ता सुझाने वाली शांति योजना को अच्छी तरीके से पढ़ा है। उन्होंने कहा कि वे दोनों (पुतिन और जिनपिंग) इस शांति योजना पर चर्चा करेंगे।

जिनपिंग व पुतिन के बीच पहली अनौपचारिक मुलाकात साढ़े चार घंटे तक चली। इस दौरान जिनपिंग ने रूस को भरोसेमंद साझेदार बताया। रात्रिभोज के बाद पुतिन व्यक्तिगत रूप से जिनपिंग को उनकी गाड़ी तक छोड़ने आए।

इस संबंध में सामने आए एक वीडियो में पुतिन व जिनपिंग की नजदीकियां साफ नजर आ रही हैं। जिनपिंग ने पुतिन से मुलाकात करने से पहले कहा था कि उनके रूस दौरे का मकसद युद्ध को खत्म कराना है।

# चीन के राष्ट्रपति के रूस दौरे के बीच यूक्रेन पहुंचे जापान के प्रधानमंत्री किशिदा

**कीव।** चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के रूस दौरे के दौरान ही जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा यूक्रेन पहुंच गए हैं। भारत से सीधे कीव पहुंचे किशिदा यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की से मुलाकात करेंगे। वे पोलैंड होकर ट्रेन से यूक्रेन पहुंचे हैं। जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा भारत दौरे पर थे। भारत से वे सीधे यूक्रेन पहुंच गए हैं। वे भारत से पोलैंड गए। वहां से ट्रेन के रास्ते से यूक्रेन की राजधानी कीव पहुंचे। अचानक जापानी प्रधानमंत्री के यूक्रेन पहुंचने पर चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है।

उल्लेखनीय है कि मई में जापान में जी-7 समूह के देशों का सम्मेलन है। जापानी प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा इस समूह के एकमात्र नेता हैं, जो अब तक यूक्रेन के दौरे पर नहीं गए थे। माना जा रहा है कि जी-7 सम्मेलन से पहले किशिदा यूक्रेन जाकर अपने आलोचकों को चुप



कराना चाहते हैं। किशिदा, यूक्रेन को समर्थन जारी रखने को कह सकते हैं। जापान के प्रधानमंत्री का यह यूक्रेन दौरा इसलिए भी अहम माना जा रहा है क्योंकि इस समय चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग भी रूस दौरे पर हैं। वह मॉस्को में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात करेंगे। ऐसे में उसी समय अमेरिका के सहयोगी देश का यूक्रेन दौरा करना अहम है। माना जा रहा है कि फुमियो किशिदा यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की को जी-7 सम्मेलन में शामिल होने का भी न्यौता दे सकते हैं। यदि ऐसा होता है तो भविष्य में इसका बड़ा प्रभाव सामने आ सकता है।

# इमरान का आरोप, रची जा रही अदालत में सुनवाई के दौरान हत्या की साजिश

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री और पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी के अध्यक्ष इमरान खान ने दावा किया है कि अदालत में सुनवाई के दौरान उनकी हत्या की साजिश रची जा रही है।

उन्होंने आरोप लगाया कि तोशाखाना मामले की सुनवाई के लिए इस्लामाबाद की अदालत पहुंचने के दौरान भी उन्हें मारने की साजिश रची गयी थी। पाकिस्तान के मुख्य न्यायाधीश उमर अता बंदियाल और इस्लामाबाद उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश आमेर फारुख को चिट्ठी लिखकर उन्होंने अदालती सुनवाई में वर्चुअली जुड़ने की अनुमति मांगी है। इमरान खान ने एक वीडियो जारी कर आरोप लगाया कि इस्लामाबाद के फेडरल ज्यूडिशियल कॉम्पलेक्स में उन्हें मारने की साजिश रची गई थी। उन्होंने कहा कि उस दौरान अदालत परिसर में 20 अज्ञात लोग मौजूद थे, जो उनकी हत्या करना चाहते थे। इमरान ने आरोप लगाया कि उनके अदालत परिसर में



दाखिल होते ही अचानक पुलिस ने उनकी पार्टी के कार्यकर्ताओं पर हमला कर दिया। इस पर उनके आदमी ने उन्हें वहां से जल्दी निकलने का संकेत दिया क्योंकि वह समझ गया था कि उन्हें मारने के लिए जाल बिछाया गया है। इमरान ने कहा कि अगर वह ऐसे ही लोगों के बेनकाब करते रहे तो वह ज्यादा दिन जिंदा नहीं रह पाएंगे।

इमरान खान ने सवाल उठाया कि अगर उनकी हत्या हो जाती है तो उसके लिए कौन जिम्मेदार होगा? इमरान खान ने पाकिस्तान के मुख्य न्यायाधीश उमर अता बंदियाल और इस्लामाबाद उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश आमेर फारुख को चिट्ठी लिखकर उन्हें कोर्ट की सुनवाई में वर्चुअल तरीके से पेश होने की इजाजत देने की मांग की है। इमरान खान ने आरोप लगाया कि उन्हें और उनकी पार्टी को सेना के खिलाफ दिखाने की कोशिश की जा रही है। इमरान ने पाकिस्तान सरकार पर इसकी साजिश रचने का आरोप लगाया।

## पाकिस्तान में मंत्रियों का हाल...दीक्षांत समारोह में बच्चों के सामने ही समुदाय को कहने लगे अपशब्द

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में मौजूदा शहबाज शरीफ सरकार पहले ही विवादों में घिरी है। जहां पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के प्रमुख इमरान खान पहले ही शरीफ सरकार पर भ्रष्टाचार के आरोप लगा रहे हैं, वहीं अब पाकिस्तान डेमोक्रेटिक मूवमेंट सरकार के मंत्री बदजुबानी के मामलों में भी घिरते नजर आ रहे हैं। ताजा मामला है पाकिस्तान के गवर्मेंट कॉलेज यूनिवर्सिटी में हुए दीक्षांत समारोह का, जहां पाकिस्तान के शिक्षा मंत्री राणा तनवीर ने अपने ही समुदाय का जिक्र करते हुए अपशब्द कह दिए।



**समारोह में क्या बोले राणा तनवीर?**

सोशल मीडिया पर जो वीडियो वायरल हो रहा है, उसमें पाकिस्तान के शिक्षा मंत्री राणा तनवीर छात्रों को संबोधित कर रहे हैं। इस दौरान वे अपनी और फैसलाबाद कृषि विश्वविद्यालय के राणा इकरार के बीच हुई एक भेंट के बारे में बताते हैं। तनवीर कहते हैं- एक बार राणा इकरार साहब मुझे मिले और मैंने कहा कि मुझे बताएं कि राणे तो हुक्मरान होते हैं, यहां **** (अपशब्द) एग्रीकल्चर शुरू कर रहे हैं।

# लंदन में भारतीय उच्चायोग पर हमले से ब्रिटिश सांसद गुस्से में, पुलिस से गिरफ्तारी को कहा

**लंदन।** लंदन में भारतीय उच्चायोग पर हमले से ब्रिटिश सांसद बॉब ब्लैकमैन गुस्से में हैं। आक्रोश प्रकट करते हुए उन्होंने लंदन पुलिस से हमलावरों को गिरफ्तार करने को कहा है।

कुछ खालिस्तान समर्थकों ने लंदन स्थित भारतीय उच्चायोग पर हमला कर भारत के राष्ट्रीय ध्वज को उतारने की कोशिश की थी। खालिस्तान के समर्थन में नारेबाजी करते हुए इन लोगों ने दूतावास में तोड़फोड़ भी की थी। इस दौरान भारतीय उच्चायोग के एक अधिकारी ने हिम्मत दिखाते हुए खालिस्तानियों का विरोध किया और खालिस्तानी झंडे को फहराने की कोशिश कर रहे युवक से खालिस्तानी झंडा लेकर फेंक दिया। घटना के बाद भारतीय उच्चायोग पर एक विशाल तिरंगा झंडा फहराया गया है। इस घटना पर ब्रिटेन के सांसद बॉब ब्लैकमैन ने खालिस्तानी समर्थकों को चेतावनी देते हुए लंदन पुलिस से इनपर सख्त कार्रवाई करने के



लिए कहा है। बॉब ने कहा कि यह सिख समुदाय का एक बहुत छोटा, अति-छोटा तबका है। इस देश में सिखों का विशाल बहुमत खालिस्तानी विचारधारा को पूरी तरह से खारिज करता है और यह बात सभी लोग जानते हैं। पुलिस को स्पष्ट संदेश देते हुए उन्होंने हमलावरों को गिरफ्तार कर सबक सिखाने की बात कही है। बॉब ने कहा कि हमलावरों से उचित तरीके से निपटने की आवश्यकता है। बॉब ब्लैकमैन ने ट्वीट कर घटना की निंदा की है और भारतीय उच्चायोग को संदेश देते हुए भारतीयों के साथ होने की बात कही है।

## कोरोना की उत्पत्ति को लेकर खुफिया रिपोर्ट सार्वजनिक करेगा अमेरिका

**वाशिंगटन।** कोरोना महामारी की शुरुआत कहां से और कैसे हुई, इसे लेकर अमेरिका खुफिया जानकारी को सार्वजनिक करने की तैयारी कर रहा है। दरअसल राष्ट्रपति जो बाइडेन ने कोरोना की जानकारी को सार्वजनिक करने के बिल पर हस्ताक्षर कर दिए हैं। जिसके बाद जल्द ही कोरोना की उत्पत्ति से संबंधित खुफिया जानकारी सार्वजनिक कर दी जाएगी। बता दें कि अमेरिका को आशंका है कि कोरोना की शुरुात चीन की वुहान की लैब से हुई। हालांकि चीन द्वारा इससे इनकार किया जाता रहा है।

**खुफिया रिपोर्ट सार्वजनिक करेगा अमेरिका**

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने एक बयान में कहा कि हमें कोरोना की उत्पति की गहराई में जाने की जरूरत है, जिसमें वुहान के इंस्टीट्यूट ऑफ वायरोलॉजी से संबंध शामिल है। इस विधेयक के लागू होने के बाद सरकार इसे लेकर ज्यादा से ज्यादा जानकारी साझा करेगी। जो बाइडन ने कहा कि 2021 में सत्ता में आने के बाद से ही उन्होंने खुफिया विभाग को जांच में सभी तरह की मदद करने के निर्देश दिए थे। राष्ट्रीय सुरक्षा को नुकसान पहुंचाए बिना दस्तावेजों को सार्वजनिक किया जाएगा। कोरोना से दुनियाभर में हुई 70 लाख मौतें बता दें कि अमेरिकी कांग्रेस ने मार्च महीने में एक बिल को पास करके राष्ट्रपति के पास भेजा था, जिस पर अब बाइडन ने हस्ताक्षर करके कोरोना को लेकर खुफिया दस्तावेजों के सार्वजनिक होने का रास्ता साफ कर दिया है।